हमारी धरोहर

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर, का एक संक्षिप्त इतिहास

हमारी धरोहर

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर, का एक संक्षिप्त इतिहास

अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर, द्वारा प्रकाशित

पृष्ठ 50: *लिबर्टी जेल में जोसफ स्मिथ,* Greg Olsen. © Greg Olsen द्वारा
पृष्ठ 68: *The End of Parley Street,* by Glen Hopkinson. © Glen Hopkinson

© 2005 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा ।
सर्वाधिकार सुरक्षित ।
भारत में छपी ।

अंग्रेजी अनुमतिः 11/96
अनुवाद अनुमतिः 4/97
Our Heritage: A Brief History of
The Church of Jesus Christ of Latter-day Saints का अनुवाद । Hindi
35448 294

विषय-सूची

परिचय	v
अध्याय 1: पहला दिव्यदर्शन	1
अध्याय 2: गिरजाघर के नींव को स्थापित करना	5
अध्याय 3: कर्टलैण्ड में राज्य का निर्माण, ओहायो	15
अध्याय 4: मिसुरी में सियोन स्थापित करना	27
अध्याय 5: नावू में बलिदान और आशीषें	39
अध्याय 6: प्रत्येक चरण में विश्वास	51
अध्याय 7: राज्यों के लिए एक प्रतीक को स्थापित करना	60
अध्याय 8: परीक्षा और परीक्षण का समय	69
अध्याय 9: गिरजाघर का विस्तार होना	77
अध्याय 10: विश्वव्यापी गिरजाघर	89
अध्याय 11: वर्तमान गिरजाघर	97
निष्कर्ष	107
अंतिम सूचना	109



इस प्रबंध के प्रत्येक भविष्यवक्ता ने उद्धारक यीशु मसीह के ईश्वरीय मिशन की साक्षी को बताया है ।

परिचय

इस किताब का मुख्य संदेश वही है जिसे अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर, के द्वारा आरंभ से घोषित किया गया था । जोसफ स्मिथ, इस प्रबंध के पहले भविष्यवक्ता, ने सीखाया:

''हमारे धर्म के मूल सिद्धांत, यीशु मसीह से संबंधित प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं की गवाही है कि वह मर गया, दफनाया गया, और तीसरे दिन फिर से जी उठा, और स्वर्ग में उठा लिया गया; और बाकी की सारी बातें जो हमारे धर्म के अनुकूल है, उसका सिर्फ संलग्न है ।[1]

प्रत्येक भविष्यवक्ता जो कि जोसफ स्मिथ के बाद आया है, ने उद्धारक के ईश्वरीय मिशन के लिए अपनी व्यक्तिगत साक्षी को जोड़ा है । प्रथम अध्यक्षता ने पुष्टि की है:

''जैसे उन्हें सारे संसार के लिए, यीशु मसीह की साक्षी देने के लिए बुलाया और नियुक्त किया गया था, हम गवाही देते हैं कि लगभग दो हजार वर्ष पूर्व ईस्टर की सुबह वह पुनरूत्थारित हुआ, और वह आज भी जीवित है । उसके पास मांस और हड्डी का एक महिमायुक्त अमर शरीर है । वह उद्धारक है, संसार की ज्योति और जीवन'' ।[2]

लाखों विश्वासी सन्तों के पास भी यीशु मसीह के ईश्वरत्व की गवाहियाँ थीं । इस ज्ञान ने उन्हें अंतिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर, धरती पर परमेश्वर के राज्य को बनाने में आवश्यक बलिदानों के लिए प्रेरित किया था । गिरजाघर की स्थापना की कहानी, एक विश्वास, पवित्रता और आनन्द की कहानी है । यह जीवित भविष्यवक्ताओं की कहानी है जिन्होंने आधुनिक संसार को, परमेश्वर की सच्चाइयों को सीखाया । यह उन अलग अलग सामाजिक और आर्थिक स्थिति वाले पुरूष और स्त्रियों की कहानी है जिन्होंने यीशु मसीह के पूर्ण सुसमाचार की खोज की और उसे खोजने के लिए उद्धारक के शिष्यों के प्रति किसी भी तरह के बलिदान के लिए तैयार रहते थे । ये निर्भीक सन्त परेशानियों और मुश्किलों के बावजूद आगे बढ़ते गए, यहाँ तक कि अपने अधिकतर मुश्किलों में भी परमेश्वर की अच्छाइयों और उसके प्रेम के आनन्द की साक्षी देते हुए । उन्होंने विश्वास, साहस, आज्ञाकारिता और बलिदान के परम्परा को स्थापित किया है ।

आज भी विश्वास की धरोहर जारी है । सारे संसार के अन्तिम-दिनों के सन्त अपने स्वयं की धरती पर आधुनिक पथप्रदर्शक हैं, जहाँ वे नई चुनौतियों और अवसरों के साथ, विश्वास और साहस से भरकर रह रहे हैं । अभी भी विश्वास की कई कहानियाँ लिखनी बाकी हैं । हममें से प्रत्येक के पास एक अवसर है अपनी धरोहर को स्थापित करने का जिसका आने वाली पीढ़ियाँ अनुसरण करेंगी जो कि उन्हें जीवित रहने और यीशु मसीह के सुसमाचार को बाँटने के आनन्द को समझने में सहायता करेगा ।

जैसे जैसे हम उन लोगों के विश्वास के बारे में अधिक सीखते हैं जो हमसे पहले चले गए हैं, हम उन्हें अच्छी तरह से समझ सकते हैं जिनके साथ हमने, उद्धारक की साक्षी को देने और उसके राज्य को स्थापित करने में सहायता के लिए हाथ मिलाया है । हम प्रभु यीशु मसीह के विश्वासी चेलों के रूप में अधिक धार्मिकता से जीने के लिए सुनिश्चित कर सकते हैं ।



1847 में संयुक्त राज्य अमेरिका। यह मानचित्र उन जगहों और यात्रा करने वाले रास्तों को दर्शाता है जो गिरजाघर के आरंभ के दिनों में महत्वपूर्ण थे।

धर्मशास्त्र की पढ़ाई ने, युवा लड़के जोसफ स्मिथ का प्रभु और उसके सच्चे गिरजाघर को खोजने में मार्गदर्शन किया ।

पहला दिव्यदर्शन

पुनःस्थापना की आवश्यकता

यीशु की मृत्यु के पश्चात प्रेरित, पौरोहित्य की शक्ति और सुसमाचार की कई सच्चाइयाँ धरती से खत्म हो गईं थीं, एक बहुत ही लम्बे आत्मिक अंधकार की शुरूआत करते हुए जिसे महान धर्मत्याग कहते हैं । भविष्यवक्ता आमोस ने इस आत्मिक अंधकार का पहले से पूर्वकथन किया था और कहा था कि ''एक ऐसा समय आएगा जब उसमें न तो रोटी की भूख होगी और न पानी की प्यास होगी, परन्तु यहोवा के वचनों को सुनने की ही भूख और प्यास होगी'' (आमोस 8:11) । धर्मत्याग की कई लम्बी सदियों के दौरान, कई ईमानदार पुरूषों और स्त्रियों ने सुसमाचार सच्चाई की पूर्णता को जानना चाहा परन्तु वे उसे खोजने में असमर्थ रहे । विभिन्न धर्म के पुरोहितों ने विभिन्न संदेशों का प्रचार किया और पुरूषों और स्त्रियों को अपने साथ बुलाया । जबकि अधिकतर पुरोहित अपने उद्देश्य में ईमानदार थे, किसी के पास भी सच्चाई की पूर्णता या परमेश्वर का अधिकार नहीं था ।

फिर भी, प्रभु ने अपने करूणा में प्रतिज्ञा की थी कि एक दिन धरती पर उसके सुसमाचार और पौरोहित्य के शक्ति की पुनःस्थापना होगी, फिर से कभी न खत्म होने के लिए । उन्निसवीं सदी के प्रारंभ में, उसकी प्रतिज्ञा लगभग पूरी होने लगी थी और धर्मत्याग की लम्बी रात लगभग खत्म होने लगी थी ।

युवा जोसफ स्मिथ का साहस

1800 के प्रारंभ में, जोसफ और लूसी मैक स्मिथ का परिवार संयुक्त राज्य अमेरिका के नये हैम्पशिर के लेबनन में रहता था । वे नम्र थे, अज्ञात लोग जो अपनी कड़ी मेहनत के द्वारा अपर्याप्त जीविका कमाते थे । उनका पाँचवा बच्चा, छोटा जोसफ सात वर्ष का था जब वह टाइफाईड की महामारी में बच गया था जिसमें नये इंग्लैंड के क्षेत्र में 3,000 से भी अधिक लोगों की मृत्यु हो गई थी । जब वह ठीक हो रहा था, उसके बाएं पैर की हड्डी के मज्जा में एक बहुत ही खतरनाक संक्रमण बढ़ने लगा, और तीन सप्ताह से भी अधिक असहनीय दर्द रहा ।

स्थानीय शल्यचिकित्सक ने पैर को काटने का निर्णय लिया, परन्तु जोसफ की माँ के आग्रह पर दूसरे डॉक्टर को बुलाया गया । नेदन स्मिथ, एक चिकित्सक जोकि डर्टमोथ कालिज के पास रहते थे, ने कहा कि वे पैर को बचाने में, हड्डी के हिस्से को निकालने के लिए एक नये और अत्याधिक दर्द वाले तरीके का उपयोग करने की कोशिश कर सकते हैं । डॉक्टर लड़के को बाँधने के लिए रस्सियाँ लाए, परन्तु जोसफ ने यह कहते हुए विरोध किया कि वह ऑपरेशन बिना उसके सहन कर सकता है । उसने ब्राण्डी को भी मना कर दिया जोकि बेहोश करने का आखिरी तरीका उपलब्ध था और अपने पिता को, ऑपरेशन के दौरान उसकी बाहों को पकड़ने के लिए कहा ।

जोसफ ऑपरेशन का अंत तक महान साहस के साथ सहता रहा, और डॉकटर स्मिथ जोकि देश के जाने माने जानकार चिकित्सकों में से एक थे, जोसफ के पैर को बचाने में समर्थ रहे । पैर के ठीक होने से पहले जोसफ ने काफी दिनों तक सहन किया और वह बिना दर्द के चल सका । जोसफ के ऑपरेशन के पश्चात, स्मिथ परिवार नॉरवीच, वरमॉन्ट चला गया, जहाँ वे लगातार तीन वर्षों तक अच्छी फसल उगाने में असमर्थ रहे, और फिर पालमीरा, न्युयार्क चले गए ।

पहला दिव्यदर्शन

एक युवा लड़के के रूप में, जोसफ स्मिथ ने अपने परिवार की जमीन को साफ करने, पत्थरों को खींचने, और ढेर सारी दूसरी जिम्मेदारियों को निभाने में सहायता की थी । उसकी माँ लूसी ने बताया कि लड़का जोसफ चीजों के बारे में बहुत गंभीरता से सोचता था और अक्सर अपनी अमर आत्मा की भलाई के बारे में सोचता था । विशेषकर वह पालमीरा क्षेत्र के सभी गिरजाघर के धर्मप्रचार के बारे में सोचता था । जैसा कि उसने अपने स्वयं के शब्दों में समझाया थाः

''इस महान उत्साहपूर्ण समय के दौरान मेरे मन में गंभीर सोच और महान बेचैनी होने लगी; परन्तु मेरे अनुभव अक्सर गहरे और मार्मिक होते थे, तब भी मैंने अपने आपको इन सभाओं से दूर रखा, यहाँ तक कि मैंने अवसर की अनुमति के अनुसार अक्सर कई सभाओं में भाग लिया । समय के दौरान मेरा मन कुछ हद तक मेथेडिस्ट के तरफ झुकने लगा, और मेरे अन्दर उनके साथ जुड़ने की इच्छा को मैंने महसूस किया; परन्तु विभिन्न संप्रदाय के लोगों के बीच बहुत उलझन और फूट थी कि मेरे जैसे युवा व्यक्ति के लिए जोकि लोगों और चीजों से अनभिज्ञ था, किसी भी निश्चित निष्कर्ष पर आना कि क्या सही है और क्या गलत है, यह असंभव था ...

जब मैं इन धार्मिक सभाओं की प्रतियोगिता द्वारा निर्मित अत्याधिक कठिनाइयों के दौर से गुजर रहा था, एक दिन मैं याकूब की पत्री के पहले अध्याय की पाँचवी आयत को पढ़ रहा था, जो कि कहता हैः *यदि तुममें से किसी को बुद्धि की घटी हो, तो परमेश्वर से मांगे, जो बिना उलाहना दिए सबको उदारता से देता है; और उसको दी जाएगी* ।

''कभी भी धर्मशास्त्र का कोई की हिस्सा इतनी अधिक शक्ति से आदमी के हृदय में नहीं आया होगा जैसा कि उस समय मुझमें आया था । ऐसा लगता था कि यह मेरे हृदय के प्रत्येक अहसास में तेज गति से प्रवेश कर रहा था । मैंने इसपर बार बार सोचा, जानते हुए कि यदि किसी व्यक्ति को बुद्धि की आवश्यकता थी तो वह मैं था; मैं लेकिन नहीं जानता था कि कैसे इसपर कार्य करना है, और यदि उस समय की मेरी बुद्धि से अधिक मुझे नहीं मिलती, मैं कभी नहीं जान सकता था कि; विभिन्न खण्डों के धर्म के शिक्षक इसी धर्मशास्त्र के हिस्से को अलग अलग तरीकों से समझ पाते जो कि बाईबल के अनुरोध द्वारा सारे गुप्त प्रश्नों के समाधान को नष्ट कर सकते थे ।

''आखिरी में मैं निष्कर्ष पर पहुँचा कि या तो मैं अंधेरे और उलझन में रहूँ, या मैं वैसा करूँ जैसा कि याकूब निर्देश देता है, परमेश्वर से मांगो (जोसफ स्मिथ ... इतिहास 1:8, 11–13) ।

1820 के वसंत ऋतु की सुंदर सुबह पर, अपने घर के नजदीक पेड़ों की झुंड में अकेले, जोसफ स्मिथ ने घुटने टेककर परमेश्वर से अपने हृदय की इच्छा को बताना आरंभ किया, सहायता के लिए पूछते हुए । उसने उसका वर्णन किया है जो तब हुआ थाः

''तुरन्त मैं कुछ शक्तियों द्वारा पकड़ लिया गया जो कि पूरी तरह से मुझ पर हावी थी, और उसका चकित कर देने वाला प्रभाव मुझपर ऐसा हुआ जैसे कि मेरी जीभ सिल गई ताकि मैं बोल न सकूँ । मेरे आस पास घना अंधेरा छा गया, और कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि मैं किसी अचानक विनाश में फंस गया हूँ'' (जो. स्मिथ ... इ. 1:15) ।

सारे धार्मिकता के विरोधी जानते थे कि जोसफ के पास करने के लिए महान कार्य है और उसे बर्बाद करने की कोशिश की, परन्तु जोसफ ने अपनी पूरी शक्ति के द्वारा परमेश्वर को पुकारा और तुरन्त बचा लिया गयाः

''इस बड़ी चेतावनी के क्षण पर, मैंने एकदम अपने सिर के ऊपर ज्योति का एक खंभा देखा, सूरज से भी तेज रोशनी वाला, जो धीरे धीरे नीचे तब तक आता रहा जब तक कि मुझपर न गिर पड़ा ।

''यह ज्यों ही दिखाई दिया मैंने अपने आपको शैतान की गिरफ्त से मुक्त पाया । जब ज्योति मुझपर आकर रूक गई तब मैंने दो व्यक्तियों को देखा, जिनकी चमक और महिमा वर्णन से परे थी, जो हवा में मेरे सिर के ऊपर खड़े थे । उनमें से एक ने मेरी तरफ देखा और मेरा नाम पुकारते और दूसरे व्यक्ति के तरफ संकेत करते हुए कहा ... *यह मेरा प्रिय पुत्र है । इसकी सुन''* (जोसफ स्मिथ इतिहास 1:16–17) ।

जैसे ही जोसफ ने अपने आपको अच्छी स्थिति में किया, उसने प्रभु से पूछा कि सारे धर्म के समुहों में से कौन सही था और उसे किससे जुड़ना चाहिए । प्रभु ने उत्तर दिया कि ''किसी से भी नहीं, क्योंकि वे सारे गलत हैं'' और ''उसकी नजर में उनके सारे धर्ममत घृणित हैं'' । उसने कहा कि उनके पास ''धार्मिकता का रूप'' है परन्तु वे ''उसकी शक्ति'' से इन्कार करते हैं (जोसफ स्मिथ इतिहास 1:19) । उसने जोसफ से और कई बातों को कहा ।

दिव्यदर्शन के खत्म होने के पश्चात, जोसफ ने अपने आपको पीठ के बल लेटे हुए पाया, अब भी स्वर्ग के तरफ देखते हुए । धीरे उसने अपनी शक्ति को पाया और घर चला गया ।

जब उस 1820 की सुबह सूरज निकला, जोसफ स्मिथ कल्पना कर सकता था कि सुबह के आने से, एक बार फिर धरती पर भविष्यवक्ता आएगा । अंधकार में जी रहा वह लड़का जो कि पश्चिमी न्युयार्क में रहता था, अद्‌भुत कार्यों को करने के लिए और पृथ्वी पर सुसमाचार और यीशु मसीह के गिरजाघर को पुनःस्थापित करने के लिए चुन लिया गया था । उसने दो ईश्वरीय व्यक्तियों को देखा था और अब परमेश्वर जो पिता है और उसका पुत्र यीशु मसीह के सच्चे व्यवहार की गवाही देने में विलक्षण रूप से समर्थ था । वह सुबह सच में एक सुनहरे दिन के समान थी ... पेड़ों के झुंड को प्रकाश ने ढँक लिया, और परमेश्वर जो पिता है और यीशु मसीह ने एक 14 वर्ष के लड़के को उनका भविष्यवक्ता होने के लिए चुना ।

कुमोराह पहाड़ी पर जोसफ स्मिथ ने दूत मरोनी से सोने की पट्टियों को लिया और उससे अनुवाद के कार्य को आरंभ करने के लिए कहा गया ।

गिरजाघर की नींव को स्थापित करना

मॉरमन की पुस्तक का प्रकट होना

दूत मरोनी का दौरा

21 सितम्बर 1823 की शाम, पहले दिव्यदर्शन को प्राप्त करने के तीन वर्ष पश्चात, जोसफ स्मिथ ने अपनी युवावस्था की गलतियों के लिए क्षमा मांगते हुए प्रभु से प्रार्थना की और आगे के निर्देश के लिए पूछा । परमेश्वर ने अपना उत्तर, उसे आदेश देने के लिए एक स्वर्गीय संदेशवाहक को भेजने के द्वारा दिया । जोसफ ने लिखाः

''उसने मुझे नाम से पुकारा और कहा कि वह परमेश्वर की उपस्थिति में मेरे लिए भेजा गया एक संदेशवाहक है, और कि उसका नाम मरोनी है; कि परमेश्वर के पास मेरे लिए करने को एक काम है; और मेरा नाम सारी जातियों, और भाषाओं के बीच में अच्छे और बुरे के लिए होना चाहिए, या यह लोगों के बीच में बोली जाने वाली दोनों अच्छे और बुरे के बीच में होनी चाहिए ।

''उसने कहा कि एक किताब रखी गई है, सोने की पट्टियों पर लिखी हुई, इस महाद्वीप के पूर्व निवासियों का लेखा-जोखा देते हुए, और उनके बारे में कि वे कहाँ से आए थे । उसने यह भी कहा कि उसमें सुसमाचार की अनन्त पूर्णता है, जो पुराने निवासियों को उद्धारक द्वारा दिया गया था'' (जोसफ स्मिथ इतिहास 1:33–34) ।

मरोनी इन पुराने अभिलेख को लिखने वालों में आखिरी भविष्यवक्ता रहा था, और जैसा प्रभु द्वारा निर्देश दिया गया था, उसने उन्हें कुमोराह पहाड़ी के नीचे गाड़ दिया था । उसने उरीम और थमीम को भी गाड़ दिया था, जिनका उपयोग पुराने भविष्यवक्ताओं द्वारा अभिलेख का अनुवाद करने के लिए किया गया था और इन्हीं का उपयोग जोसफ को भी करना था ।

दूत ने जोसफ को पहाड़ी पर जाने का निर्देश दिया, जो कि पास ही में थी, और उससे प्रभु के अन्तिम-दिनों के कार्यों के बारे में बहुत सी महत्वपूर्ण बातें बताईं । उसने जोसफ से पट्टियों को प्राप्त करने के पश्चात उन्हें किसी भी व्यक्ति को तब तक दिखाने से मना किया जब तक कि प्रभु उसे आज्ञा ना दे । उस रात मरोनी जोसफ के पास दो बार आया और दूसरे दिन एक बार फिर आया । हर बार उसने उसके लिए महत्वपूर्ण संदेश को दोहराया और अतिरिक्त सूचना दी ।

दूत के दौरा करने के अगले दिन, जोसफ कुमोराह पहाड़ी पर गया जैसा कि आदेश दिया गया था । उसने इस अनुभव को बतायाः

''ऊँचाई से अधिक दूर नहीं, पहाड़ी के पश्चिम के तरफ, एक काफी बड़े पत्थर के नीचे, पट्टियों को एक चट्टान के बक्से में जमा करके रखा गया था । यह पत्थर मोटा था और ऊपर के तरफ बीच में गोल था, और किनारे के तरफ से पतला था, ताकि उसके बीच का हिस्सा जमीन के ऊपर दिखाई दे परन्तु चारों तरफ के किनारे जमीन से ढँके हुए थे ।

''मिट्टी को हटाने के पश्चात मैंने ऊपरी सतह को पाया, जिसे मैंने पत्थरों के किनारे में दबा हुआ देखा, और थोड़ी सी मेहनत के बाद उसे ऊपर उठाया । मैंने अन्दर देखा, और वहाँ पर मैंने उरीम और थमीम की पट्टियों का अवलोकन किया, और कवच का भी जैसा कि सन्देशवाहक द्वारा बताया गया था'' (जोसफ स्मिथ .... इतिहास 1:51–52) ।

दूत मरोनी, जोसफ को दिखाई दिया और उससे उसी पहाड़ी पर उसी समय एक वर्ष में मिलने के लिए कहा और तब तक वार्षिक सभाओं को जारी रखने के लिए कहा जब तक कि पट्टियों को प्राप्त करने का समय ना आए । प्रत्येक दौरे पर मरोनी ने, प्रभु क्या करने जा रहा है और कैसे उसके राज्य का संचालन होगा, के बारे में आगे के लिए निर्देश दिया । (देखें जोसफ स्मिथ .... इतिहास 1:27–54) ।

अनुवाद का कार्य

22 सितम्बर 1827 को, तैयारी के चार वर्षों के पश्चात, मरोनी ने भविष्यवक्ता जोसफ को सोने की पट्टियों को दिया और उससे अनुवाद के कार्य को आरंभ करने के लिए कहा । इमा हेल, जिससे जोसफ ने उस वर्ष के पहले विवाह किया था, उस अवसर पर उसके साथ थी और कुमोराह पहाड़ी के नीचे उसका इन्तजार कर रही थी जब उसका पति पट्टियों के साथ वापस आया । वह भविष्यवक्ता के लिए एक महत्वपूर्ण सहायक बन गई और कुछ समय के लिए एक लिपिक के रूप में मॉरमन की पुस्तक के लिए काम किया था ।

सोने की पट्टियों को चुराने की, एक स्थानीय भीड़ की कई बार और सख्त कोशिशों के कारण, जोसफ और इमा को मेनचेस्टर, न्युयार्क के उनके घर को छोड़कर जाना पड़ा । उन्होंने हारमनी, पेन्सिलवेनिया में इमा के पिता, आईजेक हेल के घर पर शरण ली जो कि मेनचेस्टर के 120 मील दक्षिणी पूर्व के तरफ था । वहाँ पर जोसफ ने पट्टियों को अनुवाद आरंभ किया । जल्दी ही उसके दोस्त, मार्टीन हैरीस ने उसके साथ काम करना आरंभ किया जो कि एक संपन्न किसान था और उसका लिपिक बना ।

मार्टीन ने जोसफ से पूछा कि क्या वह अनुवादित 116 पृष्ठों को अपने घर, अपने परिवार के सदस्यों को, जो काम वे कर रहे हैं उसकी मान्यता को सिद्ध करने के लिए दिखाने को ले जा सकता है । जोसफ ने प्रभु से अनुमति के लिए पूछा, परन्तु प्रभु का उत्तर नहीं में था । मार्टीन ने जोसफ से फिर से निवेदन किया, जिसका लगातार दो बार की कोशिशों के बाद अन्त में जोसफ ने अनुमति प्राप्त की थी । मार्टीन ने निश्चित लोगों को ही हस्तलिपियों को दिखाने की प्रतिज्ञा की, परन्तु उसने अपनी प्रतिक्षा को तोड़ा, और हस्तलिपि के पृष्ठों की चोरी हो गई । इस नुकसान के कारण जोसफ अत्याधिक दु:खी हुआ, क्योंकि उसने सोचा कि प्रभु की सेवा करने की सारी मेहनत बेकार हो गई । वह रोया, ''मैं क्या करूँ ? मैंने पाप किया है ... वह मैं ही था जिसने परमेश्वर के रोष को लुभाया । मुझे प्रभु से प्राप्त पहले उत्तर से ही संतुष्ट हो जाना चाहिए था ।''[1]

जोसफ ने वास्तविक में प्रायश्चित किया, और पट्टियों और उरीम और थमीम के लेने के कुछ ही समय के पश्चात प्रभु ने उसे क्षमा कर दिया और उसने एक बार फिर से अनुवाद के कार्य को आरंभ किया । प्रभु ने उसे खोई हुई लिपियों का दुबारा अनुवाद न करने का निर्देश दिया, जिसमें एक धर्मनिर्पेक्ष इतिहास था । उसकी जगह, जोसफ को भविष्यवक्ता नफी के द्वारा तैयार की गई दूसरी पट्टियों का अनुवाद करने के लिए कहा जिसमें उसी समय को लिया गया था परन्तु उसमें यीशु की महान भविष्यवाणियाँ और अन्य पवित्र लिखी गई बातें थीं । प्रभु ने 116 पृष्ठों के नुकसान को देखा और नफी को दूसरे इतिहास को तैयार करने के लिए प्रेरित किया (देखें 1 नफी 9; सि. और अनु. 10:38–45; सि. और अनु. 3 और 10 को भी देखें, जिसे इस समय के दौरान प्राप्त किया गया है) ।

इस समय पर, जोसफ को सहायता के लिए ओलिवर काउड्री के रूप में आशीषित किया गया, एक विद्यालय का युवा शिक्षक जिसे भविष्यवक्ता के घर के लिए प्रभु भरा निर्देश दिया गया था । ओलिवर ने 7 अप्रैल 1829 को लिखना शुरू किया । उस समय के क्षण पर उसने कहा था, ''ये वे दिन हैं जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता ... एक ऐसी आवाज के नीचे बैठकर काम करना जिसका स्वर्गीय प्रेरणा भरा आदेश दिया जाता था, इस अंतरंग मित्र के उच्चतम आभार के लिए सचेत करता था ।'' (जोसफ स्मिथ .... इतिहास 1:17, पादटिप्पणी) ।

आगे ओलिवर ने घोषित कियाः ''वह किताब सच्ची है ... इसे मैंने स्वयं लिखा है जैसे कि भविष्यवक्ता के होठों द्वारा बोली गई हो । इसमें अनन्त सुसमाचार है, और यूहन्ना के प्रकाशितवाक्य को पूर्ण करता है जहाँ कहा गया है कि उसने, प्रत्येक देश, भाषा और लोगों को प्रचार के लिए अनन्त सुसमाचार के साथ एक दूत को आते देखा । इसमें उद्धार के सिद्धांत हैं । और यदि आप इसके प्रकाश के अनुसार चलेंगे और इसके नियमों का पालन करेंगे, आप परमेश्वर के अनन्त राज्य में बचाये जाएंगे ।''[2]

उनके कार्य के मध्य में, जोसफ और ओलिवर ने पाया कि अभिलेख के अनुवाद कार्य की लगन के कारण उन्हें भोजन और पैसों का अभाव होने लगा; यहाँ तक कि लिखने की आवश्यक सामग्रियाँ भी उन्हें कम पड़ने लगीं । उनकी दुर्दशा को जानकर, भविष्यवक्ता के पुराने नियोक्ता और दोस्त, बड़े जोसफ नाईट ने उन्हें सहायता देने का निश्चिय किया । उसने उसकी उस समय की अत्याधिक सहायक के बारे में वर्णन किया हैः

''मैंने लिखने के लिए स्याही और कुछ लाईनों वाले कागज खरीदे ... मैंने लगभग 350 किलो अनाज और 175 किलो आलू खरीदे ।'' फिर वह हारमनी में दोनों आदमियों से मिलने गया और याद दिलाया कि ''जोसफ और ओलिवर उस जगह को खोजने गये थे जहाँ पर वे रसद के लिए काम कर सकें परन्तु उन्हें नहीं मिला । वे वापस घर आए और उन्होंने मुझे रसद के साथ वहाँ पाया और वे खुश थे कि उनके पास कोई भोजन नहीं था ... फिर वे काम करने के लिए गए और पर्याप्त मात्रा में रसद को रखा जब तक कि अनुवाद का कार्य समाप्त नहीं हुआ ।''[3]

यह कोई अचरज ही है जिसे भविष्यवक्ता जोसफ ने इस आदमी के लिए कहा थाः ''यह उसके लिए कहा जाएगा, सियोन के पुत्रों द्वारा, जब उनमें से एक बाकी है, कि यह आदमी इस्राएल का एक विश्वासी आदमी था; इसलिए इसका नाम कभी भी भुलाया नहीं जाएगा ।''[4]

अत्याचार बढ़ने के कारण, जोसफ और ओलिवर ने हारमनी छोड़ दिया और जून 1829 के दौरान फायेट, न्युयार्क के पीटर विटमर फार्म पर अनुवाद के कार्य को पूरा किया । इस तरह की परिस्थितियों के मध्य कार्य का पूरा होना एक सच्चा आधुनिक चमत्कार है । थोड़ी औपचारिक शिक्षा के साथ, दो महीने से थोड़े ही अधिक समय में जोसफ स्मिथ ने अनुवाद के कार्य को किया था और बहुत कम ही सुधार किया था । आज किताब की आवश्यकता है जैसा उसने इसका अनुवाद किया था और सारे संसार में लाखों लोगों के लिए गवाही का श्रोत है । जोसफ स्मिथ, अन्तिम-दिनों में सन्तों को आशीषित करने के लिए, पुराने भविष्यवक्ताओं के शब्दों को लाने का प्रभु के हाथों में एक शक्तिशाली औजार था ।

मॉरमन की पुस्तक के साक्षी

जब भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ फायेट में था, प्रभु ने प्रकट किया कि ओलिवर काउड्री, डेविड विटमर, और मार्टीन हैरीस ही तीन विशेष साक्षी थे जिन्हें सोने की पट्टियों को देखने की अनुमति होगी (देखें 2 नफी 27:12; एथर 5:2–4; सि. और अनु. 17) । वे, जोसफ के साथ, इस पुरानी अभिलेख की उत्पत्ति और सच्चाई की गवाही देने में समर्थ हो सकेंगे ।

डेविड विटमर ने समझाया थाः ''हम बाहर पास ही के झाड़ियों में गए और वहाँ एक लट्ठे पर बैठ गए और कुछ देर के लिए बातें की । फिर हमने घुटनों पर होकर प्रार्थना की । जोसफ ने प्रार्थना की । फिर हम उठे और लट्ठे पर बैठ गए और बात करते समय, एक ही बार में सारा प्रकाश नीचे हमारे ऊपर आया और कुछ दूरी तक हमारे आस पास हमें घेर लिया; और एक दूत हमारे सामने खड़ा था । ''यह दूत मरोनी था । डेविड ने कहा कि उसने ''सफेद कपड़ा पहना था, और बोला और मुझे मेरे नाम से बुलाया और कहा 'वह आशीषित किया जाएगा जो उसकी आज्ञाओं को मानेगा ।' हमारे सामने एक मेज थी और उसपर अभिलेख रखे हुए थे । नफायटियों के अभिलेख जिससे मॉरमन की पुस्तक का अनुवाद किया गया था, पीतल की पट्टियाँ, मार्गदर्शन करने वाली गेंद, लबान की तलवार और अन्य पट्टियाँ ।''[5] जब लोग इन चीजों को देख रहे थे, उन्होंने एक आवाज को कहते सुनाः ''इन पट्टियों को परमेश्वर की शक्ति द्वारा प्रकट किया गया है, और परमेश्वर की शक्ति द्वारा इनका अनुवाद हुआ है । जो अनुवाद आप देख रहे हैं वह सही है, और मैं आज्ञा देता हूँ कि जो तुम देखते और सुनते हो उसकी गवाही दो ।''[6]

इस घटना के तुरन्त पश्चात, जोसफ स्मिथ ने पट्टियों को अन्य आठ साक्षियों को दिखाया, जिन्होंने उसे मेन्चेस्टर, न्युयार्क में स्मिथ परिवार के घर के पास अलग रखा था । दोनों गुटों के साक्षियों की गवाहियों का, मॉरमन की पुस्तक के आरंभ में अभिलेख किया गया है ।

मॉरमन की पुस्तक के साथ प्रचार करना

जब अनुवाद का कार्य समाप्त हो गया, भविष्यवक्ता ने पालमिरा के एगबर्ट बी. ग्रैन्डीन के साथ मिलकर मॉरमन की पुस्तक की छपाई का इन्तजाम किया । मार्टीन हैरीस ने श्री ग्रैन्डीन के साथ एक बन्धक सहमति पत्र बनाया, पुस्तक की 5000 प्रतियों की छपाई के खर्चे के लिए डालर् 3,000 के भुगतान की आवश्यकता को सुनिश्चित करने के लिए ।

मॉरमन की पुस्तक की प्रथम प्रतियों को 26 मार्च 1830 को ई. बी. ग्रैन्डीन पुस्तकालय पर उपलब्ध करायी गईं । शुरू की छपी हुई पुस्तकों का उपयोग करने वाले मिशनरियों में सैमुएल स्मिथ था । अप्रैल 1830 को, वह मेनडोन, न्युयार्क के नगर-क्षेत्र में टॉमलीन्सन इन में दौरा करने गया । वहाँ पर उसने पुस्तक की एक प्रति को एक युवा लड़के को बेचा जिसका नाम फिनेहस यंग था, ब्रिग्हम यंग का भाई ।

जून में उसने अपने कदम वापस ले लिया, इस बार उसने मॉरमन की पुस्तक ब्लूमफिल्ड, न्युयार्क में जॉन पी. ग्रीन के घर पर दिया । जॉन ने रोडा यंग के साथ विवाह किया था जो कि ब्रिगहम यंग की बहन थी । ब्रिग्हम के पिता, जॉन यंग पुस्तक के संपर्क में आने वाले अगले व्यक्ति थे, उसे घर ले गए और उसे पूरा पढ़ा । उन्होंने कहा कि ''जितना भी उन्होंने देखा है उनमें से यह एक महानतम कार्य है और इसमें किसी भी तरह की कमी नहीं है, बाइबिल से आशा नहीं थी ।''[7]

फिर भी 1830 के वसन्त तक दोनों पारिवारिक सदस्यों और मिशनरियों द्वारा ब्रिग्हम यंग को, पुस्तक में क्या है, को दिखा दिया गया था, इसकी गहराई से खोज करने के लिए उसे समय की आवश्यकता थी । उसने कहाः ''उस पुस्तक को प्राप्त करने का मेरा मन बनाने से पहले, मैंने दो वर्षों तक बातों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करते हुए परीक्षण किया । मैं जानता था कि यह सत्य था, यह भी जानता था कि मैं अपनी आँखों से देख सकता था, या अपनी उँगलियों के स्पर्श द्वारा महसूस कर सकता था, या मैं अपनी शारीरिक इंद्रियों से समझ सकता था । यदि यह समस्या नहीं होती तो मैं कभी भी इसे, इस दिन के लिए ग्रहण नहीं करता ... काश कि मेरे पास पर्याप्त समय होता ताकि मैं सारी चीजों को स्वयं के लिए सिद्ध कर पाता ।''[8]

ब्रिग्हम यंग का बपतिस्मा 14 अप्रैल 1832 को हुआ । उसके बपतिस्मा और पुष्टिकरण के पश्चात, उसने याद किया, ''उद्धारक के शब्द के अनुसार, मैंने एक बच्चे की तरह विनम्र आत्मा को महसूस किया, जो मुझे साक्षी दे रही थी कि मेरे पाप क्षमा कर दिए गए हैं ।''[9] बाद में वह एक प्रेरित बने और अंततः गिरजाघर के दूसरे अध्यक्ष ।

हारूनी और मलकिसिदक पौरोहित्यों की पुनःस्थापना

सितम्बर 1823 में जब दूत मरोनी पहली बार कुमोराह पहाड़ी पर जोसफ स्मिथ के साथ मिला, उसने पृथ्वी पर पौरोहित्य अधिकारों की पुनःस्थापना के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश दिए, निम्नलिखित विज्ञप्ति को सम्मिलित करते हुए: ''जब (सोने की पट्टियों) का प्रतिपादन हो जाएगा तब प्रभु कुछ लोगों को पवित्र पौरोहित्य देगा, और वे सुसमाचार की घोषणा करना और पानी द्वारा बपतिस्मा देना आरंभ करेंगे, और इसके पश्चात उनके पास अपने हाथों को रखने के द्वारा पवित्र आत्मा को देने की शक्ति होगी ।''[10]

1829 के वसन्त में, जोसफ ने दूत के शब्दों की आंशिक पूर्णता में हिस्सा लिया । जब वह और ओलिवर काउड्री मॉरमन की पुस्तक का अनुवाद कर रहे थे, उन्होंने बपतिस्मा का वर्णन पापों की क्षमा के लिए पाया । 14 मई को उन्होंने विषय पर प्रभु से प्रार्थना में अधिक ज्ञान के लिए पूछा । सुसक्वेहाना नदी के किनारे उनके निवेदन के दौरान, एक स्वर्गीय संदेशवाहक के द्वारा दो आदमियों ने दौरा किया । उसने स्वयं को नये नियम के समय का यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला बताया । अपने हाथों को जोसफ और ओलिवर के सिर पर रखते हुए उसने कहा, ''तुम्हारे ऊपर मेरे साथी सेवकों, मसीह के नाम में मैं हारून का पौरोहित्य प्रदान रता हूँ, जो दूतों की सहायता के लिए, और पश्चाताप के सुसमाचार के लिए, और डुबने के द्वारा पापों की क्षमा के लिए कुँजियों को रखते हैं'' (सि. और अनु. 13:1) ।

इस नियुक्ति के पश्चात, जोसफ और ओलिवर ने एक दूसरे को बपतिस्मा दिया जैसा कि यूहन्ना बपतिस्मा वाले के द्वारा आज्ञा दी गई था और हारूनी पौरोहित्य के लिए एक दूसरे की नियुक्ति की । यूहन्ना ने उनसे कहा कि ''हारूनी पौरोहित्य हाथों को सिर पर रखने के द्वारा पवित्र आत्मा के उपहार को देने का शक्ति नहीं है, परन्तु यहाँ के पश्चात इसे हम पर प्रदान किया जाना चाहिए ।''उसने यह भी कहा कि ''उसने पतरस, याकूब और यूहन्ना के निर्देश का पालन किया है, जिनके पास मलकिसिदक पौरोहित्य की कुँजियाँ हैं, उसने कहा कि इस पौरोहित्य को आने वाले समय में हमपर प्रदान किया जाएगा ।'' (जोसफ स्मिथ .... इतिहास 1:70, 72; 1:68–72 को भी देखें) ।

भविष्यवक्ता ने इस अनुभव को बतायाः ''हमारे बपतिस्मा लेने के बाद पानी से तुरन्त बाहर आने के पश्चात, हमने अपने स्वर्गीय पिता से महान और यशस्वी आशीषों का अनुभव किया । मेरे ओलिवर काउड्री को बपतिस्मा देने के कुछ ही देर बाद, उसके ऊपर पवित्र आत्मा आया, और वह खड़ा हो गया और कई चीजों के बारे में भविष्यवाणी की जिन्हें जल्दी ही पूरा होना था । और फिर जैसे ही उसके द्वारा मेरा बपतिस्मा हुआ, मेर पास भी भविष्यवाणी करने की आत्मा थी, जब मैं खड़ा हुआ, मैंने इस गिरजाघर के ऊपर उठने से जुड़ी भविष्यवाणियों को किया, और गिरजाघर से जुड़ी कई अन्य चीजों की, और इस, पीढ़ी के लोगों के बच्चों के बारे में । हम पवित्र आत्मा से भरे हुए थे, और परमेश्वर में हमारे उद्धार के लिए खुशियाँ मनाईं'' (जोसफ स्मिथ .... इतिहास 1:73) ।

बाद में, पतरस, याकूब और यूहन्ना जोसफ और ओलिवर को दिखाई दिए और उन्हें मलकिसिदक पौरोहित्य को प्रदान किया । उन्होंने उनके ऊपर परमेश्वर के राज्य की कुँजियों को भी प्रदान किया (देखें सि. और अनु. 27:12–13; 128:20) । मलकिसिदक पौरोहित्य, पृथ्वी पर लोगों को दिए जाने वाले अधिकारों में उच्चतम है । इस अधिकार के साथ, इस प्रबंध में यीशु मसीह के गिरजाघर को संगठित करने में भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ समर्थ हो सके और कई पौरोहित्य परिषदों को स्थापित करना आरंभ किया जैसा कि आज वे गिरजाघर में जाने जाते हैं ।

गिरजाघर का संगठन

प्रभु ने जोसफ स्मिथ को प्रकट किया कि 6 अप्रैल 1830 का दिन ही वह दिन होगा जब इस प्रबंध में यीशु मसीह के गिरजाघर को स्थापित किया जाएगा (देखें सि. और अनु. 20:1) । विश्वासियों और दोस्तों को सूचनाएं भेज दी गई थीं, और कुछ 56 पुरूष और स्त्रियाँ फायेट, न्युयार्क में बड़े पीटर विटमर के लड़े के घर पर इकट्ठा हुए थे । संगठन में सहायता के लिए भविष्यवक्ता द्वारा छः आदमियों को चुना गया था ''हमारे देश के कानून की सहमति के साथ, परमेश्वर की इच्छा और आज्ञा के अनुसार'' (सि. और अनु. 20:1) ।

भविष्यवक्ता ने अभिलेख किया थाः ''अपने स्वर्गीय पिता की विधिवत प्रार्थना के द्वारा सभा का आरंभ हुआ, हम आगे बढ़े, पहले की आज्ञानुसार, अपने भाइयों को यह जानने के लिए बुलाया गया कि उन्होंने हमें परमेश्वर के राज्य में चीजों के लिए उनके शिक्षक के रूप में ग्रहण किया है, और यह जानने के लिए कि कही गई आज्ञानुसार जिसे हमने प्राप्त किया था, गिरजाघर को संगठित करने में हमारे आगे बढ़ने में संतुष्ट हैं । इन कई प्रस्तावों को उन्होंने, एकमत चुनाव के द्वारा स्वीकृति दी ।''[11]

उन उपस्थित स्वीकृति के साथ, जोसफ ने ओलिवर को गिरजाघर के एक एल्डर के रूप में नियुक्त किया और ओलिवर ने भविष्यवक्ता को एक एल्डर के रूप में नियुक्त किया जैसा कि उन्हें प्रभु द्वारा निर्देश दिया गया था । उपस्थित सदस्यों के लिए प्रभुभोज को आशीषित किया गया और बाँटा गया । जिनका बपतिस्मा हुआ था उनका पुष्टिकरण हुआ और उन्हें पवित्र आत्मा का उपहार दिया गया । भविष्यवक्ता ने कहा कि ''पवित्र आत्मा हमारे ऊपर एक बहुत ही महान अवस्था तक आती है ... कुछ भविष्यवाणियाँ की गईं, तब हमने प्रभु की आराधना की, और अत्याधिक खुशियाँ मनाईं ।''[12] इस सभा के दौरान, जोसफ को एक प्रकटीकरण प्राप्त हुआ जिसमें प्रभु ने गिरजाघर को भविष्यवक्ता के शब्दों को सुनने का आदेश दिया था जैसे वे प्रभु द्वारा स्वयं ही कही गई हों (देखें सि. और अनु. 21:4–6) ।

1830 की सभा में जो घटक उपस्थित थे आज भी गिरजाघर में जारी हैंः सामान्य स्वीकृति के कानून को मानना, गीत गाना, प्रार्थना करना, प्रभुभोज को लेना, व्यक्तिगत गवाहियों को बाँटना, हाथों को रखने के द्वारा पवित्र आत्मा के उपहार को प्रदान करना, नियुक्तियाँ, व्यक्तिगत प्रकटीकरण और पौरोहित्य अधिकारियों द्वारा प्रकटीकरण ।

जोसफ की माँ, लूसी मैक स्मिथ ने एक कोमल दृश्य का अभिलेख किया है जो उस दिन घटा था जब बड़े जोसफ स्मिथ, भविष्यवक्ता के पिता का बपतिस्मा हुआ थाः ''जब श्री स्मिथ पानी से बाहर आए, जोसफ तट के ऊपर खड़ा हो गया, और खुशी के आँसू के साथ अपने हाथों द्वारा, अपने पिता लेते हुए उसने कहा, 'मेरे परमेश्वर की बड़ाई हो! कि मैं यह देखने के लिए जीवित था कि मेरे स्वयं के पिता ने यीशु मसीह के सच्चे गिरजाघर में बपतिस्मा लिया!''[13] उस क्षण में बड़े जोसफ नाईट ने कहा थाः ''(भविष्यवक्ता) एक महान अवस्था तक आत्मा से भरा हुआ था ... ऐसा लगता था कि उसकी खुशी पूर्ण है । मैं सोचता हूँ कि उसने एक महान कार्य की शुरूआत को देखा था और उसे पूरा करने का इच्छुक था ।''[14]

वहाँ पर पिता और पुत्र के बीच एक मजबूत प्रेम का बंधन था । बाद में अपने पिता के एक प्रशंसा में, भविष्यवक्ता ने कहा था,''मैं अपने पिता और उनकी यादों से प्रेम करता हूँ, और उनके उच्च कार्य सदैव मेरे मन पर प्रभाव डालते रहेंगे, और मेरे प्रति उनके कई उदार और पैतृक शब्द मेरे हृदय की पट्टियों पर लिखे हुए हैं ।''[15]

जो प्रेम भविष्यवक्ता और उनके पिता के बीच में था, वही प्रेम बड़े जोसफ स्मिथ द्वारा उनके पिता, ऐसल स्मिथ के लिए भी व्यक्त किया गया था । अगस्त 1830 में, बड़े जोसफ स्मिथ मॉरमन की पुस्तक को उत्तरी पूर्व में सेंट लॉरेन्स प्रान्त, नयुयार्क में अपने पिता, माता और भाइयों और बहनों को देने के लिए ले गए थे । ऐसल स्मिथ ने

अक्टूबर 1830 में अपनी मृत्यु के पहले तक पुस्तक को पढ़ते रहे और घोषित किया कि उनके पोते, छोटे जोसफ स्मिथ, ''ऐसे भविष्यवक्ता थे जो उनके परिवार में लंबे समय तक जाने जाएंगे।''[16] अन्त में ऐसल के तीन और बेटे गिरजाघर से जुड़ गए ... सिलास, जॉन, और छोटे ऐसल । भविष्यवक्ता को उनके नजदीकी परिवार के लोगों को पानी में डुबने के द्वारा बपतिस्मा लेते हुए देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, और अपने पिता के परिवार के कई लोगों को भी ।

सिडनी रिग्डन, जो बाद में प्रथम अध्यक्षता के सदस्य बने, गिरजाघर की विनम्र शुरूआत और भविष्य के बड़े दिव्यदर्शन को बताया था जो कि उस समय के आयोजकों के पास भी थाः ''मैंने वॉटरलू, एन. वाई. के लगभग 20 फीट की दूरी पर एक पुराने से छोटे लट्ठे के घर में, यीशु के पूरे गिरजाघर से मिला और परमेश्वर के राज्य के बारे में बात करना आरंभ किया जैसे कि संसार हमारे हाथ में था; हमने अत्याधिक आत्म-विश्वास के साथ बात की, ... यहाँ तक कि हम अधिक लोग नहीं थे; ... हमने दिव्यदर्शन के द्वारा परमेश्वर के गिरजाघर को हजार गुना बड़ा देखा; ... संसार पूरी तरह से भविष्यवक्ताओं की गवाही के लिए अनभिज्ञ था, और बिना ज्ञान के था कि इस बारे में परमेश्वर क्या करेगा ।''[17]

6 अप्रैल 1830 में पश्चिमी न्युयार्क में जो घटना घटी थी, उसने लाखों लोगों के जीवन को बदल डाला । छोटे लट्ठे के घर में जिन कुछ लोगों का धर्म-परिवर्तन हुआ था, उन्होंने सुसमाचार को पूरे संसार में फैलाया । अब गिरजाघर कई जगहों पर स्थापित हो चुका था, अक्सर उन नम्र परिस्थितियों में जो फायेट के असली संगठन से घिरा हुआ था । सारे संसार के सन्तों ने खुशियाँ मनाईं और उद्धारक की प्रतिज्ञा में दिलासा पाई । ''जहाँ दो या तीन लोग मेरे नाम से एक साथ इकट्ठा होते हैं, ... सुनो, वहाँ पर मैं उनके मध्य में रहूँगा'' (सि. और अनु. 6:32) ।

''ओहायो जाओ'': अन्तिम-दिनों के इस्राएल का एकत्रित होना

कोल्सवीले में अत्याचार

उस महीने के दौरान जब गिरजाघर संगठित हुआ था, भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ अपने दोस्तों, बड़े जोसफ नाईट के परिवार को शिक्षा देने के मिशन पर गए, जो कोल्सवीले न्युयार्क में रहते थे । 28 जून को, कई नाईट परिवार के सदस्यों ने बपतिस्मा के अनुबंध को रखने की तैयारी की ।

कोल्सवीले में सुसमाचार के प्रचार का बहुत कड़ा विरोध हुआ था, और एक भीड़ ने बाँध को तोड़ने के द्वारा बपतिस्मों को रोकने की कोशिश की थी जिसे पानी को रोकने के उद्देश्य से भाइयों ने बनाया था । फिर भी इसे जल्दी ठीक कर दिया गया । बड़े जोसफ नाईट ने उन चीजों का वर्णन किया है जो विश्वास के दुश्मनों द्वारा किया गया थाः ''जब हम (बपतिस्मों) के बाद जा रहे थे, हम अपने कई पड़ोसियों से मिले जो हमारे तरफ संकेत करते हुए पूछ रहे थे कि क्या हम भेड़ों को धो रहे थे ... उस रात हमारी चौपहिया गाड़ियों को घुमा दिया गया था और उनपर लकड़ियों का ढेर रख दिया गया था, और कुछ पानी में डुब गए थे, लम्बी लम्बी लकड़ियों का ढेर हमारे दरवाजों के सामने रख दिया गया था, और सींकड़ जिससे चौपहिये गाड़ियों को खींचने के लिए जानवरों को मारा जाता था वह बहती हुई धारा में डुब गए थे और बहुत ही मात्रा में हानि हुई थी ।''[18]

उसी समय, जो लोग विरोध में थे, भविष्यवक्ता को कैद में करने के द्वारा ध्यान बँटाने की कोशिश की और शान्ति भंग करने की कोशिश की । फिर भी, बड़े जोसफ नाईट ने किराये पर वकीलों को लिया, जिन्होंने जल्दी ही उनपर लगाए गए आरोपों से उन्हें बचा लिया ।

जब भी गिरजाघर द्वारा महत्वपूर्ण विकास किया गया, ऐसा लगता था कि सारी धार्मिकता की परेशानियों ने, परमेश्वर के राज्य की उन्नति को रोकने के लिए बहुत कठिन परिश्रम किया । परन्तु परमेश्वर के समर्पित सन्तों ने उन तकलीफों का सामना किया और अधिक मजबूती में बढ़े, जैसा कि कोल्सवीले के सन्तों ने किया था, जिन्होंने अपने आपको एक मजबूत और संयुक्त शाखा के रूप में बाँधा था ।

अमेरिकी आदिवासियों के लिए प्रचारक

1830 के सितम्बर और अक्टूबर में, प्रकटीकरण द्वारा चार युवा आदमियों को, सुसमाचार और मॉरमन की पुस्तक का संदेश अमेरिकी आदिवासियों के पास, जो कि मॉरमन की पुस्तक के लोगों के वंशज थे, ले जाने के लिए बुलाया गया । ये प्रचारक थे ओलिवर काउड्री, छोटे पीटर विटमर, पारले पी. प्रैट और जीबा पीटरसन (देखें सि. और अनु. 28:8; 30:5–6; 32) । उन्होंने बहुत ही कठिन परिस्थितियों में सैकड़ों मील की यात्रा की और वे न्युयार्क के बफैलो के नजदीक कैटरगस, ओहायो के वायनडोट्स, और अंत में डेलावेर जो कि मिसुरी राज्य के पश्चिम में रहते थे, के लिए प्रचार करने में समर्थ हुए । परन्तु उन्हें सबसे बड़ी सफलता कर्टलैंड, ओहायो और विसीनीटी में स्थायी रूप से बसे हुए लोगों के साथ मिली, जहाँ उन्होंने 127 लोगों का धर्म-परिवर्तन कराया । प्रचारकों के चले जाने के पश्चात, ओहायो के कुछ सन्त जल्दी ही, जो सदस्य पीछे छूट गए थे, उन कई सैकड़ों लोगों तक धर्मप्रचार करते हुए पहुँचे ।

ओहायो को एकत्रित करने का बुलावा

सिडनी रिग्डन, कर्टलैंड क्षेत्र के पूर्व मंत्री और नये धर्म-परिवर्तित सदस्य, और एक असदस्य दोस्त जिसका नाम एडवर्ड पैट्रीज था, भविष्यवक्ता से मिलने और गिरजाघर की शिक्षाओं के बारे में जानने के लिए उत्सुक थे । दिसम्बर 1830 में, उन्होंने जोसफ स्मिथ से मिलने के लिए फायेट, न्युयार्क की 250 मील से भी अधिक की यात्रा की थी । उन्होंने, उससे उनके और कर्टलैंड के सन्तों के संबंध के बारे में परमेश्वर की इच्छा को जानने के लिए ढूंढने को कहा । जवाब में, प्रभु ने प्रकट किया कि न्युयार्क के सन्तों को ''ओहायो में एक साथ एकत्रित'' होना चाहिए (सि. और अनु. 37:3) । न्युयार्क के तीसरे और आखिरी गिरजाघर का सम्मेलन, 2 जनवरी 1831 को विटमर फार्म पर तय किया गया था, प्रभु ने सदस्यों के लिए उसके निर्देशों को दोहरायाः

''और कि तुम शत्रु की शक्ति से बच सकते हो, और धार्मिक लोग मेरे पास इकट्ठे आ जाओ, बिना किसी दाग और आरोप के ... इसलिए, इस कारण मैंने तुम्हें आज्ञा दी कि तुम्हें ओहायो चले जाना चाहिए; और वहाँ पर मैं तुम्हें अपना कानून दूँगा, और वहाँ पर तुम ऊपर से आई हुई शक्ति द्वारा इन्डोव होगे'' (सि. और अनु. 38:31–32) । इस प्रबंध के सन्तों को एक साथ एकत्रित करने के लिए यह पहली बुलाहट थी ।

जबकि कुछ सदस्यों नें अपनी संपत्तियों को न बेचने और न्युयार्क से ओहायो तक की लम्बी यात्रा को न करने का चुनाव किया, अधिकांश सन्तों ने इस्राएल में एकत्रित होने के लिए चरवाहे की आवाज को सुना । नेवेल नाईट शिष्यों के प्रतिनिधि हैं जिन्होंने पौरोहित्य मार्गदर्शकों का अनुसरण किया और बुलाहट का उत्तर दिया ।

''जो आज्ञा दी गई थी, उसका आज्ञापालन करते हुए सम्मेलन से घर वापस आने के पश्चात, मैंने, कोल्सवीले शाखा के साथ मिलकर, ओहायो जाने की तैयारी करना आरंभ कर दिया ... जैसे कि आपेक्षा थी, हमें अपनी संपत्तियों का महान त्याग करने के लिए बाध्य किया गया था । मेरा अधिकांश समय भाइयों के दौरे में और उनके मामलों को सुव्यवस्थित करने में बीत गया ताकि हम एक दल में एक साथ यात्रा कर सकें ।''[19]

बड़े जोसफ नाईट भी उन लोगों की तरह एक उदाहरण हैं जिन्होंने ओहायो में भविष्यवक्ता के साथ होने के लिए अपनी इच्छानुसार अपनी संपत्तियों का त्याग किया था । *ब्रूम रिपब्लीकन* में उनका साधारण विज्ञापन, सुसमाचार के लिए उनकी वचनबद्धता के बारे में बहुत कुछ कहता हैः ''फार्म जिसमें जोसफ नाईट रहते थे जोकि कोल्सवीले पुल के नजदीक कोल्सवीले नगर में था ... एक तरफ से सुसक्वेहाना नदी से घिरा हुआ था और एक सौ बयालीस एकड़ में था । इस फार्म में दो निवास स्थान थे, एक अच्छा खलिहान और एक सुंदर बगीचा । *बेचने की शर्तें उदार होंगी* ।''[20] कोल्सवीले के कुछ 68 सदस्य, अप्रैल 1831 के मध्य ओहायो के अपने रास्ते पर थे ।

प्रभु की आज्ञाओं का समान आज्ञापालन करने वाले फायेट शाखा से 80 सन्त और मेन्चेस्टर शाखा से 50 सन्त थे, जिन्होंने अपने घरों को मई 1831 के शुरूआती दिनों में छोड़ा था । लूसी मैक स्मिथ, भविष्यवक्ता की माता, को फायेट से सदस्यों के प्रस्थान के उत्तरदायित्व के लिए कहा गया था । जब वे बफैलो, न्युयार्क पर पहुँचे, उन्होंने पाया कि एरी झील का बंदरगाह बर्फ पूरा से बंद हो गया था, और फायेट के सन्तों को ले जाने वाला स्टीमर बंदरगाह को छोड़ने में असमर्थ था । इस कठिन परिस्थिति में, उन्होंने सदस्यों को उनके विश्वासों को मजबूत करने के लिए कहाः ''अब, भाइयों और बहनों, यदि आप सभी स्वर्ग के लिए प्रार्थना करेंगे, ताकि बर्फ को तोड़ा जा सके, और हम आजाद हो सकें, निश्चित ही प्रभु जीवित है, यह पूरा होगा ।'' ठीक उसी क्षण एक आवाज सुनाई दी । बर्फ अलग हो गई और उनमें से एक पतला रास्ता बन गया जिसमें से स्टीमर निकलने में समर्थ हो सका । वे अभी निकल ही पाए थे कि मार्ग फिर से बंद हो गया, परन्तु वे खुले पानी में थे और अपनी यात्रा जारी रख सके । इस चमत्कारपूर्ण बचाव के पश्चात, दल को एक साथ प्रार्थना सभा करने के लिए बुलाया गया ताकि वे परमेश्वर को, उनके प्रति उसकी दया के लिए उसका आभार प्रकट कर सकें ।[21]

मई के मध्य तक न्युयार्क के गिरजाघर की सारी शाखाएं, जहाज द्वारा फेयरपोर्ट बंदरगाह, ओहायो के लिए एरी झील को पार करने में समर्थ हो सके थे, जहाँ वे साथी सन्तों से मिले और उन्हें कर्टलैंड और थॉम्पसन नगर-क्षेत्रों में गन्तव्य तक ले जाया गया । अंतिम दिनों के इस्राएलियों का महान जनसमूह आरंभ हुआ । अब सन्त, प्रभु के चुने हुए सेवकों द्वारा एक संस्था के रूप में शिक्षा पाने की स्थिति में थे, उसके नियमों के निर्देश के लिए, और पवित्र मंदिरों को बनाने के लिए ।

कर्टलैंड मंदिर

कर्टलैंड, ओहायो में राज्य का निर्माण करना

ओहायो में भविष्यवक्ता का आगमन

फरवरी 1831 की एक जाड़े के दिन में, भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ और उनकी पत्नी इमा, जो उस समय छः महीनों के जुड़वे बच्चों से गर्भवती थी, न्युयार्क से कर्टलैंड, ओहायो की 250 मील की यात्रा को पूरा किया । वे गीलबर्ट के स्लेज और विटनी स्टोर पर पहुँचे । निम्नलिखित उद्धरण ने भविष्यवक्ता के साथ नेवेल के. विटनी के मिलन का अभिलेख किया है:

''(स्लेज) के लोगों में से एक, हट्टा कट्टा व्यक्तित्व वाला एक युवा उछलता हुआ सीढ़ियों से उतर कर स्टोर में चला गया और वहाँ गया जहाँ छोटे साझेदार खड़े थे ।

'' 'नेवेल के. विटनी! आप ही वह व्यक्ति हैं! उसने चिल्लाकर कहा, अपने हाथों को मित्रभाव से आगे बढ़ाते हुए, जैसे कि एक पुराना और परिचित जान पहचान वाला हो ।

'' 'लाभ आपको मेरा है, 'उसने उत्तर दिया जिसके तरफ संकेत किया गया था, जैसे ही उसने अर्पित हाथों को यन्त्रवत लिया ... 'मैं आपको नाम के द्वारा नहीं बुला सकता, जैसे आप मुझे बुला सकते हैं ।'

'' 'मैं जोसफ, भविष्यवक्ता हूँ, 'मुस्कराते हुए अनजान व्यक्ति ने कहा, 'आपने मेरे यहाँ होने के लिए प्रार्थना की; अब आप मुझसे क्या चाहते हैं?' ''[1]

कुछ समय पहले, नेवेल और उसकी पत्नि एलीजाबेथ ने मेरे मार्गदर्शन के लिए एक उत्साही प्रार्थना की थी । उत्तर में, पवित्र आत्मा उनके ऊपर उतरी थी और उनके घर को बादलों से ढँक लिया था । बादल में से एक आवाज ने घोषणा की, ''प्रभु के शब्दों को प्राप्त करने की तैयारी करो, क्योंकि वह आ रहा है!''[2] उसके कुछ ही देर पश्चात, प्रचारक जिन्हें अमेरिकी आदिवासियों के प्रचार के लिए बुलाया गया था, कर्टलैंड आए और अब भविष्यवक्ता आ गया है ।

ओर्सन एफ. विटनी, नेवेल के एक पोते ने, बाद में इस घटना के बारे में अपने अनुभवों को बताया था: 'किस शक्ति द्वारा इस असाधारण आदमी, जोसफ स्मिथ ने किसी एक को कैसे पहचाना जिसका शरीर उसने पहले कभी भी नहीं देखा था? नेवेल के.विटनी ने उसे क्यों नहीं पहचाना? क्योंकि जोसफ स्मिथ एक दूरदर्शी, एक चुनिंदा दूरदर्शी था; वास्तविकता में उसने नेवेल के. विटनी को उसके घुटनों पर देखा था, सैकड़ों मील की दूरी पर, कर्टलैंड में उसके आने के लिए प्रार्थना करते हुए । अद्भुत ... परन्तु सत्य!''[3]

भविष्यवक्ता का आना, कर्टलैंड में प्रभु के शब्द को लाया था, जहाँ कई गिरजाघर के महत्वपूर्ण तत्व स्थान पर स्थिर हो गए थे । गिरजाघर शासन के मूल संगठन का प्रकटीकरण हुआ, प्रचारकों को विदेश भेजा गया, प्रथम मंदिर का निर्माण हुआ, और कई महत्वपूर्ण प्रकटीकरणों को प्राप्त किया गया । सन्तों पर अधिकतर अत्याचार हुआ और

उनकी यह देखने के लिए परीक्षा ली गई कि क्या वे प्रभु के अभिषिक्त भविष्यवक्ता का अनुसरण करने में विश्वास, हिम्मत, और इच्छा शक्ति का प्रदर्शन करेंगे ।

गिरजाघर गतिविधि के दो केन्द्र

उसी समय सन्तों को एक साथ एकत्रित होने के लिए ओहायो बुलाया गया, उन्होंने उस समय को देखना आरंभ किया जब वे सियोन को स्थापित कर सकें । जून 1831 को, भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने एक प्रकटीकरण प्राप्त किया था जिसमें उनके, सिडनी रिग्डन और अन्य 28 एल्डरों के तरफ, मिसुरी में एक धर्मप्रचार के मिशन पर जाने के लिए संकेत किया गया था और अगले गिरजाघर के सम्मेलन को वहाँ रखने के लिए कहा गया था (देखें सि. और अनु. 52) । मिसुरी, उस समय के संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चिमी सीमान्त पर था, कर्टलैंड से लगभग 1,000 मील पश्चिम के तरफ । प्रभु ने जोसफ को प्रकट किया कि जैक्सन प्रान्त, मिसुरी में, सन्त अपनी विरासत को प्राप्त करेंगे और सियोन की स्थापना करेंगे ।

1831 की गर्मियों के दौरान, जोसफ, अन्य प्रचारक, और शीघ्र ही थोड़े दिनों पश्चात कोल्सवीले, न्युयार्क से सन्तों के पूरे दल ने जैक्सन प्रान्त की यात्रा की और भूमि व्यवस्था की स्थापना को आरंभ किया । जब भविष्यवक्ता और अन्य मार्गदर्शक कर्टलैंड वापस आ गए, गिरजाघर के कई सदस्य मिसुरी में स्थिर हो गए ।

1831 और 1838 के मध्य, गिरजाघर के पास आबादी के दो केन्द्र थे । जोसफ स्मिथ, बारह की परिषद् के सदस्य, और सन्तों का एक बड़ा दल कर्टलैंड, ओहायो क्षेत्र में रहा था, जबकि गिरजाघर के कई अन्य सदस्य मिसुरी में रहे थे, उनके नियुक्त पौरोहित्य मार्गदर्शकों की अध्यक्षता द्वारा । एक ही समय पर दोनों स्थानों पर महत्वपूर्ण घटनाएं घटी थीं, और आवश्यकतानुसार गिरजाघर के अधिकारियों ने एक जगह से दूसरी जगह की यात्रा की थी । इन सात वर्षों की अवधि के दौरान कर्टलैंड में जो घटनाएं घटी थीं उनपर चर्चा पहले की जाएगी, और फिर उसी अवधि के दौरान की मिसुरी की घटनाओं पर चर्चा की जाएगी ।

ओहायो के लिए एकत्रित होने में सन्तों के बलिदान

कई सन्त जो ओहायो आए थे, महान बलिदान किया था । कुछ का अपने परिवारों के द्वारा परित्याग किया गया था; कुछ ने अपने पुराने दोस्तों की मित्रता को खोया था । ब्रिग्हम यंग ने वर्णन किया था कि कैसे एकत्रित होने की भविष्यवक्ता की बुलाहट के जवाब में उसने क्या त्याग किया था ।

''जब हम कर्टलैंड पहुँचे (सितम्बर 1833 में), यदि कोई आदमी सन्तों की भीड़ में इकट्ठा हुआ हो जो मुझसे भी गरीब था ... यह इसलिए था क्योंकि उसके पास कुछ नहीं था ... मेरे पास ध्यान देने के लिए दो बच्चे थे ... सब कुछ यही था । मैं एक विधुर था । 'ब्रिग्हम यंग, क्या आपके पास कोई जूता था? 'नहीं; मेरे पैरों के लिए एक भी जूता नहीं था, सिवाय एक जोड़ी उधार लिए हुए बूट के । मेरे पास ठंड का नहीं था, सिवाय एक घर के बने कोट के जो मेरे पास तीन या चार वर्षों से था । 'कोई पतलून?' नहीं । आपने क्या किया था? क्या आप उसके बिना गए थे?' नहीं; मैंने एक जोड़ी उधार लिया था तब तक के लिए जब तक कि कोई दूसरा जोड़ा ना मिल जाए । मैंने यात्रा की और प्रचार किया और मेरी संपत्ति का प्रत्येक डॉलर दे दिया । जब मैंने प्रचार करना आरंभ किया था तब मैं एक छोटी संपत्ति के लायक था ... मैंने तब तक यात्रा और प्रचार किया जब तक कि मेरे पास लाने के लिए कुछ भी नहीं बचा, परन्तु जोसफ ने कहा थाः 'आ जाओ; और मैं चला गया जितना मैं कर सकता था ।''[4]

कई अन्य विश्वासी सन्त कर्टलैंड आए, जहाँ के सदस्यों ने उनका स्वागत किया था और इच्छानुसार अपनी अपर्याप्त पदार्थों को बाँटा था । गिरजाघर के आश्चर्यचकित बढ़त और उन्नति के लिए इस तरह के हट्टे कट्टे लोगों ने नींव रखा ।

कर्टलैंड क्षेत्र में प्राप्त प्रकटीकरण

जब भविष्यवक्ता जोसफ कर्टलैंड क्षेत्र में रह रहे थे, उन्होंने कई प्रकटीकरणों को प्राप्त किया था, जिनमें से 65 को सिद्धांत औ रअनुबंध में सम्मिलित किया गया है । प्रकटीकरण, प्रभु की इच्छा के संबंध जैसे कि कल्याण, चिन्हों को खोजने, सदाचारी आचरण , आहार-संबंधी नियमों, दसमांश, पौरोहित्य अधिकार, भविष्यवक्ता के कार्य, महिमा की तीन अवस्था, प्रचारक कार्य, दूसरे आगमन, पवित्र पद पर नियुक्ति के नियम, और कई अन्य विषयों के बारे में सीखाता है,

बाइबिल का जोसफ स्मिथ अनुवाद

जून 1830 में जोसफ स्मिथ ने, बाइबिल (अंग्रेजी) के किंग जेम्स के विवरण के, प्रेरित सुधार के ईश्वरीय अधिकृत कार्य को आरंभ किया । यह कार्य बाइबिल का जोसफ स्मिथ अनुवाद के रूप में जाना जाता है । 1830 के जून और 1833 की जुलाई के मध्य, भविष्यवक्ता ने बाइबिल के इस मूल के लिए कई परिवर्तन किए, बाइबिल के भाषा के परिवर्तन को सम्मिलित करते हुए, सिद्धांतों को स्पष्ट करते हुए, और ऐतिहासिक और सिद्धांतिक सामग्रियों की पुनःस्थापना करते हुए ।

इस कार्य के दौरान जोसफ ने कई प्रकटीकरणों को प्राप्त किया, अक्सर प्रश्न जो उठते थे उसके जवाब में वह धर्मशस्त्र संबंधी परिच्छेदों पर सोच-विचार करता था । इस तरह का एक प्रकटीकरण 16 फरवरी 1832 को हुआ जब जोसफ और सिडनी रिग्डन यूहन्ना 5:29 का अनुवाद कर चुके थे । उन्होंने इस परिच्छेद पर मनन-प्रार्थना किया, और प्रभु ने उनकी समझ को खोला, और उनके आस-पास प्रभु की महिमा चमकने लगी । सारे समय उन्होंने महान दिव्यदर्शनों में से एक को प्राप्त किया था, जिसका अभिलेख सिद्धांत और अनुबंध के खण्ड 76 में किया गया है । उन्होंने पिता और पुत्र को देखा, परमेश्वर के बच्चों के ईश्वरीय नियति के बारे में सीखा, और अनन्त सच्चाई को प्राप्त किया कि कौन महिमा के तीन राज्यों में रहेगा ।

प्रकटीकरणों का प्रकाशन

नवम्बर 1381 में, हाईरम, ओहायो में एक विशेष सम्मेलन में, गिरजाघर के सदस्यों ने आज्ञा की किताब के प्रकाशन के लिए मत दिया, भविष्यवक्ता को दिए गए लगभग 70 प्रकटीकरण थे । इस सम्मेलन के दौरान, प्रभु ने जोसफ स्मिथ को उन प्रकटीकरणों को दिया जिन्हें आज्ञा की किताब के लिए प्रस्तावना और परिशिष्ट होना था । (बाद में ये सिद्धांत और अनुबंध का खण्ड 1 और 133 बना) ।

पुस्तक की छपाई का कार्य विलियम डबल्यु. फेल्प को दिया गया था, जिसके पास जैक्सन प्रान्त, मिसुरी में एक छपाई का संस्थापन था । (आज्ञा की किताब के बारे में अतिरिक्त सूचना के लिए, देखें पृष्ठ विकास किया) । आज्ञा की किताब के प्रकटीकरणों को, अन्य प्रकटीकरणों के साथ, बाद में एक किताब के रूप में छापा गया जिसका शीर्षक था सिद्धांत और अनुबंध, जिसका प्रकाशन 1835 में कर्टलैंड में हुआ । मॉरमन की पुस्तक का दूसरा संस्करण भी, भविष्यवक्ता जोसफ द्वारा थोड़े सुधार के साथ, कर्टलैंड में छपा ।

गिरजाघर के संगठन के कुछ ही महीनों के पश्चात, भविष्यवक्ता की पत्नी इमा स्मिथ को, पवित्र गीतों के चुनाव को आरंभ करने के लिए, प्रभु ने आज्ञा के द्वारा गिरजाघर में संगीत के महत्वपूर्ण स्थान पर जोर दिया (देखें सि. और अनु. 25:11) । भजन-संग्रह का कर्टलैंड में प्रकाशन हुआ जिसका उसने संकलन किया था, हृदय का प्रारंभिक गीत; हाँ, धार्मिकता का गीत मेरे लिए एक प्रार्थना है, और इसका उत्तर उनके सिरों पर हाथ रखने के साथ एक आशीष होगा'' (सि. और अनु. 25:12) ।

भविष्यवक्ता के विद्यालय

दिसम्बर 1832 और जनवरी 1833 में, भविष्यवक्ता जोसफ को प्रकटीकरण प्राप्त हुआ जो सिद्धांत और अनुबंध का 88 खण्ड बना । अन्य चीजों के साथ, यह प्रकटीकरण ''भविष्यवक्ताओं के विद्यालय'' को बनाने का निर्देश देता है, सुसमाचार सिद्धांत और नियमों में भाइयों के निर्देश के लिए, गिरजाघर के मामलों के लिए, और अन्य बातों के लिए ।

1833 की ठंड के दौरान भविष्यवक्ताओं का विद्यालय अक्सर मिलता था, और जोसफ और इमा स्मिथ दोनों, भाइयों के तम्बाकू के प्रचलित उपयोग के बारे में चिन्तित हो गए, विशेषकर सभाओं में तम्बाकू के धुएं के बादल से और तम्बाकू चबाने के द्वारा उत्पन्न स्वच्छता के अभाव से । इस मामले के बारे में जोसफ स्मिथ ने प्रभु से पूछा और प्रकटीकरण को प्राप्त किया जिसे ज्ञान का शब्द के रुप में जाना जाता है । इस प्रकटीकरण ने शरीर और आत्मा की देख-भाल के लिए प्रभु की आज्ञाओं को दिया, और प्रतिज्ञा की कि जो इनका पालन करेंगे वे ''ज्ञान और जानकारी के महान खजाने, यहाँ तक कि छुपे खजाने'' की धार्मिक आशीषों को प्राप्त करेंगे (सि. और अनु. 89:19) । ज्ञान के शब्द में उस समय के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी थी जिसे चिकित्सा और वैज्ञानिक दुनिया को नहीं पता था परन्तु तब से यह अत्याधिक फायदेमंद सिद्ध हुआ, जैसे कि तम्बाकू और मादक पदार्थों को उपयोग न करने का सलाह ।

पवित्र पद पर नियुक्ति के कानून

1831 में प्रभु ने पवित्र पद की नियुक्ति के कानून के पहलुओं को प्रकट करना आरंभ किया, एक धार्मिक और सांसारिक पद्धति को कि, यदि धार्मिकता में अनुसरण किया जाए, अशक्त अन्तिम-दिनों के सन्तों के जीवनों को आशीषित करेगा । इस कानून के तहत गिरजाघर के सदस्यों को, गिरजाघर के अध्यक्ष को उनकी संपत्तियों का समर्पण या दान करने के लिए पूछा गया । फिर उसने सदस्यों को बदले में एक उत्तराधिकारी, या सेवकाई को प्रदान किया । परिवारों ने अपनी सेवकाई या जो वे कर सकते थे उसका संचालन किया । यदि वर्ष के अंत में उनके पास जो बचत होती, इसे जिन्हें आवश्यकता होती उनकी देखभाल के उपयोग के लिए अध्यक्ष को दे दिया जाता । एडवर्ड पैट्रिज को गिरजाघर के प्रथम अध्यक्ष के रूप में सेवा करने की प्रभु द्वारा बुलाहट हुई ।

पवित्र पद की नियुक्ति के कानून में सिद्धांतों और अभ्यासों का समाविष्ट था जिसने धार्मिकता में सदस्यों को मजबूत किया और संबंधित वित्तिय समानता, लालच और गरीबी को हटाना लाया । कुछ सन्तों ने इसे अच्छे से जीया, उनके और अन्यों के आशीषों के लिए, परन्तु बाकी के सदस्य अपने स्वार्थी इच्छाओं से ऊपर उठने में असफल हो गए, जिसके कारण अंत में गिरजाघर से इस कानून को हटा लिया गया । 1838 में प्रभु ने दसमांश के कानून का प्रकटीकरण किया (देखें सि. और अनु. 119), जो आज भी गिरजाघर के वित्तिय कानून के रूप में जारी है ।

पौरोहित्य को मजबूत करना

पौरोहित्य पदों का प्रकटीकरण हुआ

जैसे ही गिरजाघर सदस्यता में बढ़ा, भविष्यवक्ता ने पौरोहित्य पदों के बारे में प्रकटीकरण को प्राप्त करना जारी रखा । जैसे कि प्रभु द्वारा निर्देश दिया गया, उन्होंने प्रथम अध्यक्षता का संगठन किया, स्वयं को अध्यक्ष और सिडनी रिग्डन और फ्रेडरिक जी. विलियम को सलाहकारों के रूप में बनाते हुए । उन्होंने बारह प्रेरितों की परिषद् और पहली सत्तर की परिषद् को भी संगठित किया । उन्होंने धर्माध्यक्षों और उनके सलाहकारों, उच्च याजकों, कुलपतियों, उच्च परिषदों, सत्तर, और एलडरों की बुलाहट की और उनकी नियुक्ति की । उन्होंने गिरजाघर के पहले स्टेक की स्थापना की ।

अनुभवहीन, नये बपतिस्मा लिए हुए सदस्य अक्सर सेवा की बुलाहट द्वारा पराजित हो जाते थे । उदाहरण के तौर पर, 1831 की दिसम्बर में, कर्टलैंड में सेवा के लिए नेवेल के. विटनी की बुलाहट गिरजाघर के दूसरे अध्यक्ष के रूप में हुई, जब मिसुरी में एडवर्ड पैट्रीज सन्तों के अध्यक्ष बने थे । नेवेल ने महसूस नहीं किया कि वह पद की आवश्यकता को निभाने में समर्थ था, यहाँ तक कि भविष्यवक्ता ने उससे कहा कि उन्होंने उसकी बुलाहट प्रकटीकरण के द्वारा किया है । इसलिए भविष्यवक्ता ने उससे कहा, ''जाओ और अपने स्वयं के लिए पिता से पूछो ।'' नेवेल चला गया और घुटनों पर विनम्र प्रार्थना की और स्वर्ग से एक आवाज को सुना जिसने कहा, ''तुम्हारी शक्ति मुझमें है ।''[5] उसने बुलाहट को स्वीकारा और 18 वर्षों तक एक अध्यक्ष के रूप में सेवा की ।

सियोन के शिविर में मार्गदर्शकों का प्रशिक्षण

गिरजाघर को पौरोहित्य मार्गदर्शकों की अत्याधिक आवश्यकता थी जिन्होंने कोशिश की, अनुभव दिया, और विश्वासपूर्ण सिद्ध हुए, जो किसी भी परिस्थितियों में प्रभु और उसके भविष्यवक्ता के प्रति सच्चे रह सकते थे । मार्च तक सियोन के शिविर के लिए, व्यक्तिगत रूप से भविष्यवक्ता के द्वारा, कठिन परिस्थितियों में आज्ञापालन को सिद्ध करने के लिए एक अवसर और प्रशिक्षण को प्रदान किया गया ।

मिसुरी में सन्तों की सहायता के लिए सियोन शिविर की स्थापना की गई जिनपर कई बार, उनके धार्मिक विश्वासों के कारण अत्याधिक अत्याचार हुआ था । कई लोगों को उनके घरों से भगा दिया गया था । (अतिरिक्त सूचना के लिए पृष्ठ 39–45 को देखें) 24 फरवरी 1834 को, प्रभु ने जोसफ स्मिथ को प्रकटीकरण दिया कि मिसुरी से कर्टलैंड जाने के लिए, उसे पुरूषों के एक दल की स्थापना करनी चाहिए और सन्तों की उनके स्थानों पर पुनःस्थापना में सहायता करनी चाहिए (देखें सि. और अनु. 103) । प्रभु ने प्रतिज्ञा की कि उनके साथ उसकी उपस्थिति रहेगी और कि ''सारी जीत और महिमा'' को उनके ''कर्मिष्ठता, विश्वासपूर्णता, और विश्वास की प्रार्थनाओं'' के द्वारा लाया जाएगा (सि. और अनु. 103:36) । बारह प्रेरितों की परिषद् और सत्तर की परिषद् के अधिकतर असली सदस्यों ने, अपने अनुभवों के द्वारा उनकी भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयारी की ।

6 मई 1834 को, न्यु. पोर्टेज, ओहायो में औपचारिक तौर पर सियोन के शिविर की स्थापना हुई । आखिर में इसमें 207 पुरूष, 11 स्त्रियाँ, और 11 बच्चे सम्मिलित थे, जिनको भविष्यवक्ता ने दस और पचास के गुटों में विभाजित किया, प्रत्येक गुट को एक कप्तान का चुनाव करने के लिए निर्देश देते हुए । एक रंगरूट, जोसफ होलब्रूक, ने बताया कि शिविर की स्थापना ''इस्राएल के पुराने व्यवस्था के अनुसार हुई थी ।''[6] उन्होंने क्ले प्रान्त, मिसुरी के लिए 45 दिनों तक एक साथ मार्च पैदल चले जोकि 1,000 मील से अधिक की दूरी पर था । कठिन परिस्थितियों के तहत उन्होंने जितनी जल्दी हो सका उतनी जल्दी यात्रा की । पर्याप्त भोजन प्राप्त करना बहुत कठिन था । लोगों को

खाने के लिए अक्सर सीमित मात्रा में मोटी रोटी, बासी मक्खन, अनाज का दलिया, तेज शहद, कच्चा सूअर का गोश्त, सूअर का सूखा सड़ा मांस, और मैगट से पीड़ित नमकीन और पनीर की आवश्यकता होती थी । जोर्ज ए. स्मिथ, जो बाद में एक प्रेरित बना, लिखा कि वह अक्सर भूखा रहता थाः ''मैं इतना थका-मांदा, भूखा और निद्राजनक स्थिति में था कि सड़क के किनारे चलते चलते मैंने सपना देखा कि एक पेड़ के सुखद छाए के बगल से एक सुंदर पानी की धारा बह रही है और एक अच्छा सा रोटी का टुकड़ा और दूध की बोतल एक कपड़े के ऊपर, झरने के बगल में रखा हुआ था ।''[7]

शिविर ने धार्मिकता और आज्ञाओं के पालन पर बहुत बल दिया । रविवारों को उन्होंने सभाएं रखीं और प्रभुभोज को लिया । भविष्यवक्ता अक्सर राज्य के सिद्धांतों की शिक्षा देते थे । उन्होंने कहा थाः ''परमेश्वर हमारे साथ था, और उसके दूत हमसे पहले गए, और हमारे छोटे समूह का विश्वास दृढ़ था । हम जानते हैं कि दूत हमारे साथी थे, क्योंकि हमने उन्हें देखा था ।''[8]

फिर भी, शिविर की कठिनाइयों ने, भाग लेने वालों की कड़ी परिक्षा लेना आरंभ की । इस सुसंकृत प्रक्रिया ने बड़बड़ाने वालों को प्रकट किया, जिनके पास आज्ञाकारिता की आत्मा नहीं थी और अक्सर उनकी समस्याओं के लिए जोसफ स्मिथ को दोषी ठहराया । 17 मई को भविष्यवक्ता ने, प्रभु के सामने उनको विनम्र करने के लिए, जिनके पास एक विद्रोही आत्मा थी'' और उन्हें एक साथ रहने के लिए, ताकि वे सताए न जाएं, उन्हें उपदेश दिया ।''[9]

18 जून तक शिविर क्ले प्रान्त, मिसुरी पहुँचा । फिर भी, मिसुरी के राज्यपाल डेनियल डंकलीन, गिरजाघर के सन्तों की थल सेना की बहाली की सहायता के लिए, जिन्हें अपने घरों से विवश किया गया था, अपनी प्रतिज्ञा को नहीं रख सका, शिविर में कुछ लोगों के लिए इस सैनिक कार्यवाही की असफलता, उनके विश्वास की अन्तिम परीक्षा थी । हतोत्साहीत और क्रोधित, कुछ लोगों ने खुलकर विरोध किया । परिणामस्वरूप, भविष्यवक्ता ने उन्हें चेतावनी दी कि प्रभु उनके ऊपर एक सर्वनाश करने वाली सताहट भेजेगा । शीघ्र ही सारे शिविर में हैजे की एक दूखःपूर्ण महामारी फैल गई । जब तक इसका अन्त हुआ तब तक तीसरा शिविर भी पीड़ित हो चुका था, यहाँ तक कि जोसफ स्मिथ भी, और इसके पश्चात शिविर के चौदह लोग मर गए । 2 जुलाई को, जोसफ ने फिर से शिविर को प्रभु के सामने विनम्र बनने और उसकी आज्ञाओं का अनुबंध रखने की चेतावनी दी और कहा कि यदि वे ऐसा करते हैं, उसी क्षण से महामारी दूर हो जायेगी । अनुबंध को प्रेरणादायक हाथों के द्वारा बनाया गया, और महामारी खत्म होगई ।

जुलाई के आरंभ में, शिविर के सदस्य भविष्यवक्ता के द्वारा सम्मानपूर्वक भेज दिए गए । यात्रा ने प्रकट किया कि कौन प्रभु के तरफ था और कौन मार्गदर्शकों की स्थिति में सेवा के लायक था । बाद में भविष्यवक्ता ने यात्रा के परिणाम को समझायाः ''परमेश्वर नहीं चाहता है कि तुम लड़ो । बारह पुरूषों के साथ वह अपने राज्य को, पृथ्वी की जातियों के लिए सुसमाचार का दरवाजा खोलने को स्थापित नहीं कर सकता था, और सत्तर पुरूषों के साथ उनके निर्देश के तहत उनके रास्ते का अनुसरण नहीं कर सकता था, जब तक कि उसने एक पुरूषों के समूह को नहीं लिया था जिन्होंने अपनी जिन्दगियों को अर्पण किया था,और उन्होंने उतना ही महान बलिदान किया था जितना कि इब्राहिम ने ।''[10]

विलफर्ड वुडरफ, शिविर का एक सदस्य जो बाद में गिरजाघर का चौथा अध्यक्ष बना, ने कहा थाः ''हमने एक अनुभव को प्राप्त किया जिसे हम किसी और तरीके से कभी भी नहीं प्राप्त कर सकते थे । हमें भविष्यवक्ता के चेहरे को देखने का सौभाग्य मिला, और हमें उनके साथ हजारों मील की यात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, और उनके

साथ परमेश्वर की आत्मा के कार्य को देखने का, और उनके लिए यीशु मसीह के प्रकटीकरणों को और उन प्रकटीकरणों को पूरा होते हुए देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।''[11]

1835 की फरवरी में, शिविर के चले जाने के पाँच महीने पश्चात, बारह प्रेरितों की परिषद् और पहली सत्तर की परिषद् की स्थापना हुई । दोनों परिषदों में बयासी में से उन्नासी पदों को उन लोगों को दे दिया गया था जिन्हें सियोन शिविर की यात्रा ने सिद्ध किया था ।

कर्टलैंड में, जोसफ स्मिथ ने भावी मार्गदर्शकों को प्रशिक्षण देना जारी रखा । गिरजाघर के चार भावी अध्यक्ष ... ब्रिग्हम यंग, जॉन टेलर, विलफर्ड वुडरफ, और लोरेन्जो स्नो ... कर्टलैंड वर्ष के दौरान इनका बपतिस्मा हुआ और बाद में 1901 तक क्रमशः गिरजाघर का मार्गदर्शन किया । इसके अलावा, अगले तीन अध्यक्ष ... जोसफ एफ. स्मिथ, हीबर जे. ग्रान्ट, और जोर्ज एल्बर्ट स्मिथ, जिनका प्रशासन 1951 तक चला ... जो कि सीधे तौर पर हट्टे-कट्टे कर्टलैंड के पथप्रदर्शकों के वंशज थे ।

प्रचारक कार्य आगे बढ़ता है

जब सन्त कर्टलैंड में रह रहे थे, कई प्रचारकों को घर से दूर सुसमाचार का प्रचार करने के लिए बुलाया गया, उनमें से अधिकतर को महान व्यक्तिगत बलिदान के साथ । कुछ प्रचारकों को अमेरिका के राज्यों में, कुछ को कनाडा के हिस्सों में, और कुछ को अटलांटिक के पार इंग्लैण्ड के लिए भेजा गया । इन प्रचारकों की मेहनत के द्वारा, कई लोगों ने सुसमाचार की सच्चाई की साक्षी को प्राप्त किया । वे बहादुर सदस्य बने जो बढ़ रहे गिरजाघर के लिए बड़ी मजबूती को लाये ।

कर्टलैंड में कई प्रकटीकरणों का अभिलेख हुआ था जिसमें सदस्यों के प्रति संसार के लिए सुसमाचार को प्रचार करने की आज्ञा सम्मिलित थी । प्रभु ने घोषणा की कि हमें उसकी आत्मा की शक्ति में दो दो के दलों में जाना चाहिए, उसके नाम में उसके सुसमाचार का प्रचार करते हुए । हमें अपने स्वरों को तुरही की तरह ऊँचा रखना चाहिए, उसके शब्दों की घोषणा करते हुए जैसा कि परमेश्वर के स्वर्गदूतों ने किया था (देखें सि. और अनु. 42:6) । इसके अगले वर्ष प्रभु ने आज्ञा दी कि प्रत्येक व्यक्ति जिसे सूचित किया गया है, उसे अपने पड़ोसी को सूचित करना चाहिए (देखें सि. और अनु. 88:81) ।

प्रारंभिक ओहायो के धर्मपरिवर्तितों के लिए मिशन

जेरा पल्सीफर, ओहायो का एक धर्मपरिवर्तित, उनमें से एक उदाहरण है जिन्होंने उत्साह के साथ पुनःस्थापना के संदेश को बाँटा था । वह 1832 की जनवरी में गिरजाघर से जुड़ा था और उसके तुरन्त पश्चात उसने लिपिबद्ध किया कि, उसे ''एक एल्डर के पद पर नियुक्त किया गया और वह विशेष सफलता के साथ घर और विदेश में प्रचार करने के लिए चला गया ।''[12] वह और दूसरा प्रचारक, एलीजा चेने, रिचलैंड, न्युयार्क के छोटे से नगर की यात्रा के लिए निकल पड़े, जहाँ उन्होंने एक स्थानीय विद्यालय में प्रचार करना आरंभ किया । रिचलैंड में पहला धर्मपरिवर्तित जिसका बपतिस्मा एल्डर पल्सीफर के द्वारा हुआ था, वह एक युवा किसान था जिसका नाम विलफर्ड वुडरफ था, जो कि गिरजाघर के इतिहास में एक दिन अधिकतर सफल प्रचारकों में से एक बन सकता था । एक महीने के समय के अंतर्गत, दो प्रचारकों ने कई लोगों का बपतिस्मा किया और रिचलैंड में गिरजाघर की एक शाखा को स्थापित किया ।

अपने पड़ोसियों को सूचित करना, की बुलाहट के उत्तर में, सारे विभिन्न सामाजिक और आर्थिक अवस्था से प्रचारक आए । उनमें से कई विवाहित थे और उनके ऊपर पारिवारिक जिम्मेदारियाँ थीं । उन्होंने फसलों की कटनी

इन चार प्रचारकों को, सुसमाचार को बहुत ही दुखःदायी परिस्थिति में अमेरिका के आदिवासियों के पास ले जाने के लिए बुलाया गया, ये गिरजाघर के सभी शुरूआती दिनों के इतिहास के विश्वासी प्रचारकों द्वारा दिये गये बलिदानों के उदाहरण हैं ।

के मध्य में प्रस्थान किया और जाड़े के खत्म होने के दौरान, व्यक्तिगत उन्नति की अवधि के दौरान और आर्थिक कठिनाइयों के समय । कुछ एल्डर लगभग निराश्रय हो गए थे जब उन्होंने प्रचार क्षेत्र में कदम रखा था । भविष्यवक्ता ने स्वयं 15,000 मील से भी अधिक की दूरी की यात्रा की थी, कई राज्यों और कनाडा में 1831 से 1838 तक 14 छोटी अवधि वाली प्रचार सेवा करते हुए ।

जब जोर्ज ए. स्मिथ, भविष्यवक्ता के कजिन को पूर्वी संयुक्त राज्यों के लिए उसकी बुलाहट को प्राप्त किया, वह इतना गरीब था कि उसके पास आवश्यक कपड़े या किताबें नहीं थीं या उन्हें खरीदने का साधन नहीं था । फलस्वरूप, भविष्यवक्ता जोसफ और उनके भाई हाईरम ने उसे कुछ भूरे रंग के कपड़े दिए, और एलीजा ब्राउन ने उसके लिए एक कोट, बंडी और पतलून बनाया । ब्रिग्हम यंग ने एक जोड़ी जूता दिया, उसके पिता ने उसे एक जेबी बाइबिल दिया, और भविष्यवक्ता ने मॉरमन की पुस्तक की एक प्रति उपलब्ध कराई ।

एलडर इरैस्टस स्नो और जॉन ई. पेज भी गरीब थे जब वे 1836 की बसन्त में प्रचार क्षेत्र के लिए गए थे । पश्चिमी पेन्सीलवेनिया में एक प्रचार कार्य के लिए अपने प्रस्थान के समय अपनी अवस्था का वर्णन करते हुए, एल्डर स्नो ने लिखा था, ''मैंने कर्टलैंड पैदल और अकेले छोड़ा था, एक छोटे से बक्से के साथ जिसमें कुछ गिरजाघर के कार्य की चीजें थीं और एक जोड़ी मोजा था, मेरे जेब में पाँच सेन्ट था, मेरा पूरा दुनियावी धन ।'' एल्डर पेज ने भविष्यवक्ता से कहा कि वह प्रचार कार्य की बुलाहट को स्वीकार नहीं कर सकता क्योंकि उसके पास कपड़े नहीं थे । यहाँ तक कि उसके पास पहनने के लिए एक कोट भी नहीं था । भविष्यवक्ता ने अपने कोट को उतारकर एल्डर पेज को देते हुए इसका उत्तर दिया था । उन्होंने एल्डर पेज से उसके मिशन पर जाने के लिए कहा और प्रभु उसे प्रचुरता में आशीषित करेगा ।[13] इस मिशन पर, सैकड़ों लोगों के साथ सुसमाचार को बाँटने के लिए एल्डर पेज को आशीषित किया गया था जिन्होंने गिरजाघर से अपने आपको जोड़ा ।

बारह प्रेरितों की परिषद् का मिशन

1835 में बारह प्रेरितों की परिषद् के सदस्यों की, पूर्वी संयुक्त राज्यों और कनाडा के लिए एक मिशन पर बुलाहट हुई । गिरजाघर के इतिहास में यही केवल वह समय है जब परिषद् के सभी बारह सदस्यों ने एक ही समय पर एक मिशन को लिया था । जब वे वापस लौटे, हीबर सी. किम्बल ने गवाही दी थी कि उन्होंने परमेश्वर की शक्ति को महसूस किया था और बीमारों को चंगा करने और शैतानों को बाहर निकालने में समर्थ हुए थे ।

इंग्लैण्ड के लिए मिशन

कर्टलैंड अवधि के बाद के हिस्से में गिरजाघर के अन्दर एक संकट आया । कुछ सदस्यों ने, जिसमें कुछ मार्गदर्शक भी थे, धर्मत्याग किया था क्योंकि वे कठिनाइयों और अत्याचारों को सहन नहीं कर सके और इसलिए उन्होंने भविष्यवक्ता जोसफ और गिरजाघर के अन्य मार्गदर्शकों में कमियाँ खोजने लगे । प्रभु ने जोसफ स्मिथ को प्रकट किया कि उसके गिरजाघर के उद्धार के लिए कुछ नया करना होगा । वह कुछ, इंग्लैंड से गिरजाघर में धर्मपरिवर्तितों को मिलाना था । 4 जून 1837 की रविवार को, कर्टलैंड के मंदिर में भविष्यवक्ता, एल्डर हीबर सी. किम्बल के पास गए और उससे कहा, ''भाई हीबर, प्रभु की आत्मा ने मुझसे कहा हैः 'मेरे सेवक हीबर को इंग्लैंड जाने दो और मेरे सुसमाचार की घोषणा करने दो, और उस राज्य के लिए उद्धार के दरवाजे को खोलने दो ।' ''[14]

जब हीबर सी. किम्बल को उसके मिशन पर जाने के लिए नियुक्त किया जा रहा था, एल्डर ओर्सन हिडे ने कमरे में प्रवेश किया । जब उसने सुना कि क्या हो रहा था, पश्चाताप करने के लिए ओर्सन वहाँ से चला गया, क्योंकि वह उनमें से एक था जो भविष्यवक्ता में कमी खोजने में सम्मिलित थे । उसे एक प्रचारक के रूप में सेवा करने के लिए बुलाया गया और उसे इंग्लैण्ड पर जाने के लिए नियुक्त किया गया ।

हीबर सी. किम्बल विदेश की धरती पर सुसमाचार का प्रचार करने के लिए बहुत उत्सुक था कि जैसे ही जहाज लीवरपूल, इंग्लैण्ड पर रूका, नाव को नौका-घाट पर बाँधने से पहले ही वह उसमें से कूद पड़ा, घोषणा करते हुए कि वह पुनःस्थापना के संदेश के साथ समुद्र पार की धरती पर पहुँचने वाला प्रथम व्यक्ति था । 23 जुलाई तक प्रचारक अत्याधिक भीड़ वाले लोगों के लिए प्रचार करते रहे और प्रथम बपतिस्मे जो होने थे, उन्हें 30 जुलाई के लिए निर्धारित किया गया था । जोर्ज डी. वॉट ने प्रेस्टोन में रीबल नदी पर एक दौड़ प्रतियोगिता को जीत लिया था, जिसने ब्रिटेन में प्रथम बपस्तिमा लेने के सम्मान को निश्चय किया था ।

आठ महिनों के अंतर्गत, सैकड़ों धर्मपरिवर्तित गिरजाघर से जुड़े और कई शाखाओं की स्थापना हुई । आत्माओं के इस महान फसल को प्रतिबिंबित करते हुए, हीबर ने स्मरण दिलाया कि भविष्यवक्ता और उनके सलाहकारों ने ''मुझपर अपने हाथों को रखा और ... कहा कि उस राज्य में परमेश्वर, मुझे उसके लिए आत्माओं को जीतने में शक्तिशाली बनाएगाः स्वर्गदूतों को मेरा साथी बनना और मुझे सहना होगा, ताकि मैं कभी असफल न हो जाऊँ; ताकि मैं प्रचुरता में आशीषित होऊँ और हजारों के लिए उद्धार के साधन को सिद्ध कर सकूँ ।''[15]

क्योंकि व्यक्तिगत बलिदान के बावजूद भी पहले के कई प्रचारकों ने मिशन की बुलाहट को आज्ञाकारिता से स्वीकारा था, हजारों अंग्रेजी धर्मपरिवर्तितों ने सुसमाचार के पुनःस्थापना की आशीषों के आनंद को पाया । वे सियोन के लिए एकत्रित हुए और उस कठिन अवधि के लिए गिरजाघर को बहुत मजबूत किया जो आगे दिखाई दे रहा था ।

कर्टलैंड मंदिर

सन्तों के बलिदान

27 दिसम्बर 1832 को, सन्तों ने पहले एक मंदिर को बनाने के लिए प्रभु की आज्ञा को जाना (देखें सि. और अनु. 88:119) । 1833 और 1836 के मध्य में कर्टलैंड में मंदिर का निर्माण गिरजाघर की मुख्य प्राथामिकता बना । यह सन्तों के लिए बहुत बड़ी चुनौती लाया, जिन्हें दोनों, मजदूरों और पैसों की कमी हुई । एलाइजा आर. स्नो के अनुसार, ''उस समय, ... सन्त संख्या में कम थे, और उनमें से अधिकतर गरीब थे, और, यह आश्वासन के लिए नहीं था कि परमेश्वर ने बात की है, और आज्ञा दी है कि एक घर को उसके नाम पर बनाना चाहिए, जिसका उसने ना ही सिर्फ ढाँचे को प्रकट किया था, परन्तु उसकी लम्बाई-चौड़ाई का भी उल्लेख किया था, उस मंदिर के निर्माण की दिशा में एक प्रयास, को सभी लोगों द्वारा बेतुका बता दिय गया था ।''[16]

विश्वास के साथ कि परमेश्वर आवश्यक सहायता और माध्यमों को प्रदान करेगा, भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ और सन्तों ने आवश्यक बलिदानों को करना आरंभ कर दिया । जॉन टैनर उनमें से एक हैं जिनके द्वारा प्रभु ने मंदिर के निर्माण के लिए माध्यमों की सहायता प्रदान करने की तैयारी की । जॉन, हाल ही के बॉलटॉन, न्युयार्क के धर्मपरिवर्तित, 1834 के दिसम्बर में ''उन्होंने सपने के द्वारा एक प्रभाव या रात के दिव्यदर्शन को प्राप्त किया था, कि उसकी आवश्यकता थी और उसे पश्चिम में गिरजाघर के लिए तुरन्त जाना चाहिए ...

''कर्टलैंड में उसके आगमन पर, उसने जाना कि जब उसने प्रभाव को प्राप्त किया था कि उसे गिरजाघर के लिए तुरन्त जाना चाहिए तब भविष्यवक्ता जोसफ और कुछ भाई प्रार्थना सभा में बैठे थे और प्रभु से उनके लिए एक भाई या कुछ भाइयों को माध्यमों के साथ उनकी सहायता को भेजने के लिए पूछा था जो उस फार्म के गिरवी के पैसों को चुका सके थे जिसपर मंदिर का निर्माण होना था ।

''कर्टलैंड में उसके आगमन के दिन के पश्चात, ... (उसने) बताया कि पहले जिस फार्म का वर्णन किया गया था वह जल्दी ही उधारकर्ताओं को वापस मिल जाएगा अगर उसके खरीदने के उधार को चुका दिया जाए । इसके पश्चात उसने भविष्यवक्ता को दो हजार डॉलर उधार में दिया ओर उनसे एक कागज पर लिखवा लिया कि वह उसे मूल और ब्याज दोनों देंगे, उस रकम से फार्म की गिरवी का पैसा चुका दिया गया ।''[17]

कर्टलैंड के सन्तों द्वारा असाधारण प्रयास, बलिदान, समय के लिए समर्पण, प्रतिभाओं, और माध्यमों के उदाहरण हैं । तीन वर्षों तक उन्होंने निर्माण पर कार्य किया । पुरूषों के द्वारा निर्माण की क्षमता और प्रयास के अलावा, स्त्रियों ने उनके लिए सिलाई और बुनाई की जो काम कर रहे थे । बाद में उन्होंने पर्दे बनाए जिसने कमरों को अलग अलग किया । उत्तेजित भीड़ के द्वारा मंदिर के विनाश की धमकी ने निर्माण कार्य को और कठिन बना दिया, और उनके लिए जो वहाँ रात-दिन मंदिर की रखवाली करते थे । परन्तु सन्तों के अत्याधिक समय और माध्यमों के बलिदान के पश्चात, आखिरकर 1836 के बसन्त में मंदिर तैयार हो गया ।

मंदिर का समर्पण

मंदिर के पूरे होने के पश्चात, कर्टलैंड के सन्तों के ऊपर प्रभु ने शक्तिशाली धार्मिक आशीषों को उँडेला था, दिव्यदर्शनों और दूतों की सेवकाई को सम्मिलित करते हुए । जोसफ स्मिथ ने इस अवधि को ''हमारे लिए जयन्ती का एक वर्ष, और आनंद मनाने का एक समय'' कहा था ।[18] डोनियल टाईलर ने गवाही दी थी, ''सबने महसूस किया कि उनके पास स्वर्ग का एक पूर्वानुभव था ... हम आश्चर्यचकित हुए कि क्या स्वर्ण युग का प्रारंभ हो गया था ।''[19]

आत्मा के इस उद्‌गार की चोटी, मंदिर का समर्पण था । 27 मार्च 1836 को, मंदिर पर एक आनंदित आत्मा में 1,000 अनुमानित लोग इकट्ठे हुए थे । समर्पण के भजन गाए गए, ''परमेश्वर की आत्मा एक आग की तरह जल रही है'' को सम्मिलित करते हुए, जो उस अवसर के लिए विलियम डबल्यु. फेल्प द्वारा लिखा गया था । प्रभुभोज का प्रबंध किया गया, और सिडनी रिग्डन, जोसफ स्मिथ और अन्यों ने उपदेश दिए ।

जोसफ स्मिथ ने समर्पण प्रार्थना को पढ़ा, जिसका अब सिद्धांत और अनुबंध खण्ड 109 के रूप में अभिलेख हुआ है, जो उन्हें प्रकटीकरण के द्वारा दिया गया था । इसमें उन्होंने प्रभु से याचना की थी कि वह लोगों को आशीषित करे जैसा उसने पेन्टिकोस्त के दिन किया थाः ''कि वह मंदिर को उसकी महिमा से भरे, एक वेगपूर्ण, शक्तिशाली हवा के साथ (सि. और अनु. 109:37) । कई लोगों ने अभिलेख किया कि उस शाम यह प्रार्थना पूरी हुई थी जब मंदिर में भविष्यवक्ता पौरोहित्य परिषद् के सदस्यों से मिले थे ।

एलाइजा आर. स्नो ने लिखा थाः ''शायद उस समर्पण के समारोहों को दोहराया जा सकता था, परन्तु कोई भी नश्वर भाषा उस यादगार दिन के स्वर्गीय प्रदर्शन का वर्णन नहीं कर सकता था । कुछ लोगों को दूत दिखाई दिए, जबकि सारे उपस्थितों द्वारा एक ईश्वरीय उपस्थिति को महसूस किया था, और प्रत्येक हृदय 'अकथनीय आनंद और महिमा से भरा हुआ' था ।''[20] समर्पण प्रार्थना के पश्चात, पूरी सभा खड़ी हुई, हाथों को ऊपर उठाने के साथ, होसाना होसाना चिल्लाते हुए ।

एक सप्ताह के बाद, 3 अप्रैल 1836 को, अन्तिम दिनों के इतिहास में कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण घटनाएं घटीं । इस दिन पर मंदिर में, स्वयं उद्धारक जोसफ स्मिथ और ओलिवर काउड्री को दिखाई दिया और कहा, ''देखो, मैंने इस घर को स्वीकार किया है, और यहाँ पर मेरा नाम होगा; और मैं इस घर में अपने आपको मेरे लोगों के लिए दया में प्रकट करूँगा'' (सि. और अनु. 110:7) । इसके पश्चात और भी महान और महिमायुक्त दिव्यदर्शन हुए जैसे कि पौरोहित्य की अतिरिक्त कुँजियों के पुनःस्थापना के लिए मूसा, एलिशा, और एलिय्याह दिखाई दिए । मूसा ने इस्राएल के दल की कुँजियों को प्रदान किया, एलिय्याह ने जोसफ और ओलिवर को इब्राहिम के सुसमाचार के प्रबंध को सौंपा, और एलिशा ने मुहरबंद की कुँजियों की पुनःस्थापना की (देखें सि. और अनु. 110:11–16) । समय के अन्तिम प्रबंध में, प्रभु के राज्य की उन्नति के लिए इन सारी अतिरिक्त कुँजियों की आवश्यकता थी ।

कर्टलैंड की अवधि के दौरान मंदिर में जिन सारी पौरोहित्य आशीषों को दिया गया था, उनका ना तो प्रकटीकरण हुआ था और ना ही उन्हें प्रदान किया गया था । इन आशीषों को कई वर्षों पश्चात जब नावू मंदिर को बनाया जा रहा था, गिरजाघर के लिए भविष्यवक्ता जोसफ को प्रकट किया गया था ।

कर्टलैंड से प्रस्थान

मंदिर का निर्माण कई आशीषें लाया, परन्तु 1837 और 1838 में, विश्वासी सन्तों ने भी धर्मत्याग और अत्याचार द्वारा निर्मित समस्याओं का सामना किया, जिसने कर्टलैंड में गिरजाघर युग के अन्त के लिए हड़बड़ी मची दी ।

संयुक्त राज्य वित्तिय मंदी को झेल रहा था, और गिरजाघर ने इसके प्रभाव को अनुभव किया । कुछ सदस्य ऐसी परिस्थिति के शिकार हो गए जिसमें से निकलना कठिन था और कर्ज में आ गए और वित्तिय गिरावट के अंधेरे समय में धार्मिकता से टिक न सके, कर्टलैंड सुरक्षित संस्था की गिरावट को सम्मिलित करते हुए । कर्टलैंड में गिरजाघर के सदस्यों के द्वारा इस बैंकिंग संस्था की स्थापना हुई थी, और इससे जुड़ी हुई समस्याओं के लिए कुछ सदस्यों ने अनुचित तरीकों से जोसफ स्मिथ को उत्तरदायी ठहराया ।

संगठित अत्याचार और हिंसात्मक भीड़ के कार्य स्थायी समुदाय के निवासियों के तरफ से आया और गिरजाघर के उन कटु सदस्यों के तरफ से आया जिनका या तो बहिष्कार किया गया था या जिन्हें धर्म से निकाला गया था ।

जैसे ही सन्तों और उनके मार्गदर्शकों के विरूद्ध हिंसा बढ़ी, कर्टलैंड में रहना उनके लिए असुरक्षित हो गया । भविष्यवक्ता जिसका जीवन अत्याधिक खतरे में था, 1838 की जनवरी में कर्टलैंड से दूर पश्चिमी मिसुरी के लिए पलायन किया । 1838 के दौरान अधिकांश विश्वासी सन्तों की भी छोड़ने के लिए बाध्य किया गया । उन्होंने अपने पीछे परमेश्वर के बनाए हुए मंदिर में विश्वास, पवित्र पद की नियुक्ति, और बलिदान के स्मारक को छोड़ा । उनके जीवनों के उदाहरण में, उन्होंने प्रभु के अभिषिक्त मार्गदर्शकों के लिए विश्वासपूर्ण आज्ञाकारी की स्थायी धरोहर को और प्रभु के कार्य में व्यक्तिगत बलिदान को भी छोड़ा ।

मिसुरी में सियोन की स्थापना करना

मिसुरी में आरंभ के वर्ष

जिस समय कर्टलैंड, ओहायो में सन्त, परमेश्वर के राज्य को बनाने के लिए मेहनत कर रहे थे, जैक्सन प्रान्त, मिसुरी में गिरजाघर के कई सदस्य महान संघर्ष से गुजर रहे थे ।

जब यह करने की बुलाहट आई, कोल्सवीले, न्युयार्क में रह रहे सन्तों ने, कर्टलैंड में एकत्रित होने के लिए इच्छानुसार अपने घरों को छोड़ दिया था (देखें पृष्ठ 18) । मई 1831 के मध्य में जब वे ओहायो में पहुँचे, उन्होंने पाया कि जो जगह उनके लिए रखी गई थी वह उपलब्ध नहीं थी । प्रभु से प्रार्थना में भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने सन्तों की इस स्थिति के लिए पूछा । उन्होंने तभी प्रकटीकरण में प्रभु के निर्देश को प्राप्त किया था उनके स्वयं के लिए, सिडनी रिग्डन और 28 अन्य एल्डरों के लिए मिसुरी में एक प्रचार कार्य पर जाने के लिए, और प्रभु ने कोल्सवीले के सन्तों को मिसुरी की यात्रा करने के लिए आदेश दिया था (सि. और अनु. 54:8) । यह सन्तों का प्रथम दल था जो उस जमीन पर स्थिर हुआ जिसे सियोन के नाम से पहचाना जाना था ।

नेवेल नाईट, कोल्सवीले शाखा के अध्यक्ष ने, तुरन्त अपने लोगों को एकत्रित किया । एमीली कोबर्न ने बताया, ''हकीकत में हम एक दल के रूप में तीर्थयात्री थे, एक अच्छे देश को खोजने के लिए चल पड़े ।''[1] वे वेल्सवीले, ओहायो पर एक स्टीमर में बैठ गए और, ओहायो, मिसीसिप्पी, और मिसुरी नदी का उपयोग करते हुए जैक्सन प्रान्त, मिसुरी की यात्रा की । स्टीमर के कप्तान ने कहा कि वे ''उनमें से अत्याधिक शान्तिमय और शान्त उत्प्रवासी थे जिन्हें वे कभी भी पश्चिम ले गए थे, 'कोई अपवित्रता नहीं, कोई बुरी भाषा नहीं, कोई जुआ नहीं, और कोई मद्य-पान नहीं ।' ''[2]

एक भू-मार्ग का उपयोग करते हुए, भविष्यवक्ता और गिरजाघर के अन्य मार्गदर्शक जल्दी में कोल्सवीले के तरफ, सन्तों को जैक्सन प्रान्त में बसाने की अग्रिम व्यवस्था के लिए गए । 14 जुलाई 1831 को भविष्यवक्ता का दल इंडीपेन्डेंस, मिसुरी पहुँचा ।देश का निरीक्षण और प्रार्थनापूर्वक ईश्वरीय सहायता को खोजने के पश्चात, भविष्यवक्ता ने कहा था, ''(प्रभु) ने स्वयं को मेरे लिए प्रकट किया, और मुझे और अन्यों को नियुक्त किया, उसी क्षण से एकत्रित होने के कार्य को आरंभ करने के लिए योजना बनाया, और एक पवित्र शहर का निर्माण करने के लिए, जिसे सियोन कहा जाना चाहिए ।''[3]

इस प्रकटीकरण ने निश्चित किया कि मिसुरी ही वह स्थान था जिसे सन्तों के एकत्रित होने के लिए प्रभु द्वारा निर्दिष्ट किया गया था, और इंडिपेन्डेंस मध्य स्थान था । मंदिर बनाने का स्थान वेस्टवर्ड में था जिसपर बहुत कुछ था और वह न्यायालय से दूर नहीं था (सि. और अनु. 57:3) । सन्तों को उस पंक्ति के लिए शहर के पश्चिम के स्थान का प्रत्येक भूभाग खरीदना पड़ा, मिसुरी और अमेरिकी आदीवासी क्षेत्र के राज्यों को अलग करते हुए (देखें सि. और अनु. 57:1–5) ।

जोसफ स्मिथ और अध्यक्ष पैट्रीज ने कॉव टाऊनसीप में कोल्सवीले शाखा के लिए जमीन को प्राप्त किया, इंडिपेन्डेंस के पश्चिम में लगभग 12 मील की दूरी पर । 2 अगस्त 1831 को, शाखा के सदस्यों के पहुँचने के पश्चात, एक समारोह का आयोजन किया गया जो कि सांकेतिकता से भरा हुआ था । बारह पुरूषों ने, इस्राएल की बारह जातियों का प्रतिनिधित्व करते हुए, ताजे कटे हुए बांज के लट्ठे उठाया और उसे एक चट्टान के पार रख दिया जो कि ओलिवर काउड्री द्वारा रखा गया था, इस तरह से सियोन की स्थापना के लिए सांकेतिक नींव को रखते हुए । उस तरह के विनम्र आरंभ से सन्तों ने एक इमारत का निर्माण किया जिसका दोनों, एक गिरजाघर और एक विद्यालय के रूप में उपयोग किया गया ।[4]

दूसरे दिन, कुछ भाई इंडिपेन्डेंस न्यायालय के पश्चिम में आधे मील की दूरी पर एक ऊँचे स्थान पर एकत्रित हुए । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने अपेक्षित मंदिर के लिए मुख्य पत्थर को रखा और प्रभु के नाम में उसका समर्पण किया । सियोन की धरती का प्रमुख स्थान जिसे प्रभु का घर होना था ।[5]

भविष्यवक्ता वापस कर्टलैंड आए, जैक्सन प्रान्त में सन्तों ने अध्यक्ष एडवर्ड पैट्रीज से भूखण्डों को प्राप्त करना आरंभ किया । वे बहुत गरीब थे और यहाँ तक कि उनके पास, कमरों का निर्माण करते समय उनकी तत्वों से सुरक्षा करने के लिए तम्बू भी नहीं थे । वे लगभग पूरी तरह से खेती के लिए औजार रहित हो गए थे जब तक कि जानवरों द्वारा खींची जाने वाली चौपहिया गड़ियों के दलों को, उन्हें लाने के लिए सेन्ट लुईस के पूर्व में 200 से भी अधिक मील की दूरी पर न भेजा गया । जब सन्तों के पास आवश्यक औजार हो गए, उन्होंने रोपण के लिए जमीन को खोदना आरंभ किया । पूरी तरह से प्रभावित होने के द्वारा उसने साक्षी दी, एमीली कोबर्न ने कहा थाः ''अवश्य ही वह एक बहुत अद्भूत दृश्य था, बैलों के चार या पाँच जुओं को उपजाऊ मिट्टी को खोदने को देखने का । अहातों को बनाना और अन्य सुधार के कार्य बहुत तेजी से सफलता के तरफ बढ़ते गए । कमरों को बनाया गया और समय की गति जितनी तेजी से परिवारों के लिए तैयार किया गया, धन और परिश्रम, कार्य को पूरा कर सके ।''[6]

सीमा की असुविधाजनक स्थितियों के बावजूद, कोल्सवीले के सन्त प्रफुल्लित और प्रसन्न रह रहे थे । पारले पी. प्रैट, जो कि उनके साथ बस गए थे, ने कहा थाः ''हमने अपनी प्रार्थना और सभाओं में कई खुशनुमा ऋतुओं का आनंद उठाया था, और प्रभु की पवित्र आत्मा हमपर पूरी तरह से आई थी, यहाँ तक कि छोटे बच्चों पर भी, इतनी अधिकता में कि कई आठ, दस या बारह वर्षों की उम्र ने बताया और प्रार्थना की थी, और हमारी सभाओं में और हमारी पारिवारिक उपासना में प्रकटीकरण किया था । वहाँ पर एक शान्ति और एकता की आत्मा थी, और वीरान भूमि में इस छोटे से गिरजाघर में प्रेम और अच्छाई को व्यक्त किया जाएगा, जिसकी यादें सदैव मेरे हृदय में रहेंगी ।''[7]

1832 की अप्रैल में सन्त भविष्यवक्ता और सिडनी रिग्डन के दूसरे दौरे द्वारा आशीषित हुए थे । ये मार्गदर्शक अभी अभी एक बहुत ही दर्दनाक अनुभव से गुजरते हुए हाईरम, ओहायो में जॉन जॉनसन फार्म पर आए थे, जहाँ पर उन्हें बाइबिल के अनुवाद पर काम करना था । रात के दौरान, गिरजाघर के शत्रुओं की एक भीड़ ने भविष्यवक्ता को उनके घर से घसीटा था । उन्होंने उनका गला दबाया था, उन्हें निर्वस्त्र किया था, और उनके शरीर को डामर और पंखों से ढक दिया था । सिडनी रिग्डन को जमी हुई खुरदरी जमीन पर उसकी एड़ियों के द्वारा घसीटा गया था, उसके सिर पर कई चीरों को बनाते हुए ।

अब, उस शारीरिक मार-पीट की विषमता में, वे मित्रों के साथ सुरक्षित थे । जोसफ ने पुष्टि की थी कि उन्होंने ''एक स्वागत को प्राप्त किया था, केवल उन जाने पहचाने भाइयों और बहनों के द्वारा जो समान विश्वास में, और समान बपतिस्मा के द्वारा एक के रूप में संयुक्त थे, और समान प्रभु के द्वारा सहारा दिया था । विशिष्टता में,

कोल्सवीले की शाखा ने आनंद मनाया था जैसा कि प्राचीन सन्तों ने पौलुस के साथ मनाया था । परमेश्वर के लोगों के साथ आनंद मनाना अच्छा है ।''[8]

जैक्सन प्रान्त में अत्याचार

प्रभु की आज्ञा का अनुसरण करते हुए, जैक्सन प्रान्त में अध्यक्ष पैट्रीज ने उन कई सन्तों के लिए सैकड़ों एकड़ जमीन खरीदी जो ओहायो और दूसरे स्थानों से आप्रवासी थे । आरंभ में मार्गदर्शकों ने इन सदस्यों के लिए इंडीपेन्डेंस, कोल्सवीले, विटमर, बीग ब्लु, और प्रेरी की शाखाओं को स्थायी किया था । 1833 के आखिरी भाग द्वारा कुल दस शाखाओं की स्थापना हुई थी । वहाँ पर लगभग 1,000 से अधिक सन्त उपस्थित थे जब अप्रैल 1833 में बीग ब्लु नदी पर संयुक्त शाखाएं, गिरजाघर के खोज की तीसरी सालगिरह का उत्सव मनाने के लिए मिले थे । नेवेल नाईट ने कहा था कि सियोन में एकत्रित होना इस तरह का पहला स्मरणोत्सव था और सन्तों में एक सामान्य आनंद को मनाने की पवित्र आत्मा थी । फिर भी, नेवेल ने आंकलन किया था,''जब सन्त आनंद मना रहे थे, शैतान पागल हो गया था, और उसके बच्चे और सेवक उसके द्वारा क्रोधित हुए थे ।''[10]

अप्रैल के खत्म होने के पहले, अत्याचर की आत्मा ने स्वयं को व्यक्त किया । एक प्रारंभिक अवस्था पर, स्थानीय नागरिकों ने गिरजाघर के सदस्यों को चेतावनी दी थी कि इतने सारे अन्तिम-दिनों के सन्तों के आने के कारण वे खुश नहीं थे, जिनसे, वे डरते थे, शीघ्र ही उन्हें मतदान-कक्ष पर पराजित करेंगे । प्राथमिकता में सन्त उत्तरी राज्यों से थे और सामान्यतः उन लोगों के विरोध में थे जो उन गुलामों पर राज्य कर रहे थे जो अफ्रीका के वंशज थे, तब वह मिसुरी के राज्य में जायज था । सन्तों का मॉरमन की पुस्तक में एक धर्मशास्त्र की तरह विश्वास, जैक्सन प्रान्त को उनका सियोन बनाने के लिए अन्तिम दावा, और उनका आग्रह कि वे भविष्यवक्ता के द्वारा मार्गदर्शित हुए थे, बहुत अस्थिर था । यह आरोप भी कि उनका संबंध अमेरिकी आदिवासियों के साथ था, स्थानीय नागरिकों के संदेह को जागृत किया था ।

एक परिपत्र, जो कभी कभी गुप्त संविधान के रूप में जाना जाता था, विरोधियों के द्वारा आस-पास में लाया गया था उन लोगों के हस्ताक्षर को प्राप्त करने के लिए जो ''मॉरमन उत्पीड़न'' को हटाने के इच्छुक थे । 20 जुलाई 1833 को बैर के ये अहसास चरम सीमा पर पहुँच गए जब एक भीड़ जिसमें लगभग 400 पुरूष थे, अपनी मेहनत के समानाधिकरण के लिए इंडीपेन्डेंस में न्यायालय के सामने मिले थे । गिरजाघर के मार्गदर्शकों के समक्ष, सन्तों को जैक्सन प्रान्त छोड़कर जाने के लिए लिखित माँग रखी गई थी; उनके समाचार पत्रों की छपाई को को बंद करवाने के लिए, *सांझ और सुबह का तारा*; और जैक्सनकाउंटी में अतिरिक्त गिरजाघर के सदस्यों को न आने की अनुमति के लिए । जब भीड़ ने पाया कि गिरजाघर के मार्गदर्शक इन नाजायज माँगों को नहीं मानेंगे, उन्होंने समाचार पत्र के कार्यालय पर हमला कर दिया, जो कि सम्पादक विलियम डबल्यु. फेल्प का घर भी था । हमलाकर्ताओं ने छपाई की मशीन को चुरा लिया और इमारत को गिरा दिया ।

आज्ञा की किताब का नाश

सबसे महत्वपूर्ण परियोजना जिसकी छपाई समाचार पत्र के कार्यालय पर हुई थी, वह थी आज्ञा की किताब, भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ द्वारा प्राप्त किए गए प्रकटीकरणों का प्रथम संग्रहण । जब भीड़ ने इमारत पर हमला किया था, उन्होंने किताब के अपरिबद्ध पृष्ठों को सड़क पर उछाल दिया था । इसे देखते हुए, दो युवा अन्तिम-दिनों

की सन्त स्त्रियाँ, मैरी एलीजाबेथ रोलिन्स और उसकी बहन कैरोलिन ने अपनी स्वयं की जिन्दगियों को खतरे में डालकर, बचाव के लिए जो वे कर सकती थी उन्होंने किया । मैरी एलीजाबेथ ने स्मरण दिलाया थाः

''(भीड़) बाहर कागज के कुछ बड़े बड़े पत्र को लाई थी, और कहा था, 'ये मॉरमन की आज्ञाएं हैं ।' मेरी बहन कैरोलिन और मैं अहाते के किनारे से उन लोगों को देख रही थीं; जब उन्होंने आज्ञाओं को पढ़ा तब मैंने उनमें से कुछ को पाने का निश्चय किया । बहन, यदि मैं उनमें से किसी को लेने के लिए जाऊँ तो क्या तुम भी मेरे साथ चलोगी, परन्तु उसने कहा कि वे हमें 'मार डालेंगे ।' '' जब भीड़ घर के एक किनारे पर व्यस्त थी, दोनों लड़कियाँ दौड़कर गईं और अपनी बाहों को मूल्यवान पत्रों से भर लिया था । भीड़ ने उन्हें देखा और लड़कियों को रूकने की आज्ञा दी । मैरी एलीजाबेथ ने कहा थाः ''हम उतनी तेजी से भागे जितना कि भाग सकते थे । उनमें से दो हमारे पीछे हो लिए । बाड़ में एक खाली जगह को देखकर, हम एक बड़े मक्के के खेत में घुस गईं, कागजों को जमीन पर रख दिया, और अपने व्यक्तियों के साथ उनको छिपा दिया । मक्के की ऊँचाई पाँच से छः फीट की थी, और बहुत घनी थीं; उन्होंने अपने सोच-विचार से आस-पास ढूँढा, और हमारे बहुत नजदीक आए परन्तु हमें खोज नहीं पाए थे ।''

जब बदमाश जा चुके थे, लड़कियाँ एक पुराने लट्ठे के अस्तबल में गईं । यहाँ, मैरी एलीजाबेथ के कहे अनुसार, उन्होंने पाया कि''बहन फेल्प और बच्चे घास ले जा रहे थे, और उसे बिस्तर बनाने के लिए खलिहान के एक तरफ ढेर लगा रहे थे । उसने मुझसे पूछा कि मेरे पास क्या था ... मैंने उसे बताया । उसने फिर उसे हमसे ले लिया ... उन्होंने उसका एक छोटी पुस्तिका के रूप में परिबद्ध किया और मेरे लिए एक भेजा, जिसका महत्व मेरे लिए अनमोल था ।''[11]

अध्यक्ष पैट्रीज का ठहरना और उनकी सपक्षता

बाद में भीड़ ने अध्यक्ष पैट्रीज और चार्ल्स एलेन को पकड़ लिया । इंडीपेन्डेंस में उन्हें लोगों के समूह में ले जाया गया और मॉरमन की पुस्तक का परित्याग करने और देश को छोड़ने की आज्ञा दी गई । अध्यक्ष पैट्रीज ने कहा था, ''मैंने उन्हें बताया कि सन्तों ने संसार के सारे युगों में अत्याचार को सहन किया था; कि मैंने ऐसा कुछ भी नहीं किया है जिससे किसी को ठेस पहुंची हो; कि यदि वे मेरे साथ दुर्व्यवहार करते हैं, वे एक बेगुनाह व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार करेंगे; कि मैं मसीह के लिए सहने को तैयार था; परन्तु उस समय मैं देश को छोड़ने की सहमति में नहीं था ।''

इस इन्कार के साथ, पुरूषों के बाहरी कपड़ों को उतार दिया गया और उनके शरीरों को डामर और पंखों से ढक दिया गया । अध्यक्ष पैट्रीज ने आंकलन किया था, ''मैंने मेरे साथ किए गए दुर्व्यवहार को इतनी अधिक सर्मपण और विनम्रता से सहा था कि उससे भीड़ भौंचक्की दिखाई देने लगी, जिन्होंने मुझे चुपचाप चले जाने की अनुमति दी, कई लोग गम्भीर दिखाई दे रहे थे, उनके हृदयों को छु लिया गया था जैसा कि मैंने सोचा था; और मेरे स्वयं के लिए, मैं परमेश्वर की आत्मा और उसके प्रेम से इतना भर गया था कि मेरे अन्दर, मुझपर अत्याचार करने वालों या किसी और के प्रति कोई भी द्वेष नहीं था ।''[12]

बीग ब्लु का युद्ध

23 जुलाई को भीड़ फिर से आई, और गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने स्वयं को फिरौती के रूप में आगे कर दिया था यदि वे लोगों को नुकसान नहीं पहुँचाएंगे । परन्तु भीड़ ने सारे गिरजाघर को नुकसान पहुँचाने की धमकी दी और

भाइयों को यह मानने के लिए बाध्य किया कि सभी अन्तिम-दिनों के सन्त देश छोड़ देंगे । जबकि भीड़ के कार्य, संयुक्त राज्य और मिसुरी राज्य के संविधान के विरूद्ध था, गिरजाघर के मार्गदर्शक राज्य के राज्यपाल, डेनियल डंकलिन के पास सहायता के लिए गए । उसने उन्हें वैधानिक अधिकारों के लिए सलाह दी और सन्तों को कानूनी सलाह लेने का निर्देश दिया । एलेक्जेंडर डबल्यु. डोनीफैन और अन्यों को गिरजाघर के सदस्यों के प्रतिनिधित्व के लिए लिया गया, एक कार्य जिसने आगे चलकर भीड़ को उत्तेजित किया था ।

पहले अन्तिम-दिनों के सन्तों ने प्रत्यक्ष झगड़े को दूर करने की कोशिश की; फिर भी, अन्त में सदस्यों के मार-पीट और संपत्तियों के विनाश के कारण बीग ब्लु नदी के पास एक युद्ध हुआ था । भीड़ के दो सदस्य मारे गए थे, और सन्तों में से एक जिसका नाम एन्डरू बारबर था, मारा गया था । फीलो डीबल के पेट में तीन बार गोली मारी गई थी । उसकी देखभाल के लिए नेवेल नाईट को बुलाया गया था, चमत्कारी परिणामों के साथ । भाई डीबल ने बताया था:

''भाई नेवेल नाईट मुझे देखने आए थे, और मेरे बिस्तर के बगल में बैठ गए थे ... मैंने अपने सिर के शिखर पर पवित्र आत्मा को महसूस किया था उसके हाथों द्वारा मुझे छुने से पहले ही, और मैंने तुरन्त जान लिया था कि मुझे चंगाई मिलने वाली थी ... मैं तुरन्त खड़ा हो गया और कपड़ों के कुछ टुकड़ों के साथ चौथाई में से तीन या अधिक हिस्सा खून का निकाला जिसे मेरे शरीर में गोलियों के द्वारा संचालन किया गया था । फिर मैंने कपड़े पहने और दरवाजे से बाहर चला गया ... उस समय से, मुझ में से खून का एक बूँद भी नहीं निकली और उसके पश्चात मैंने मेरे घावों में थोड़ा सा भी दर्द या असुविधाजनक महसूस नहीं किया, सिवाय सिर्फ थोड़ी बहुत कमजोरी के जो अधिक खून निकले के कारण थी ।''[13]

राज्यपाल डंकलिन मध्यस्थता के लिए आए और कर्नल थॉमस पीचर को दोनों तरफ के लोगों को शान्त करने का आदेश दिया । फिर भी, कर्नल पीचर भीड़ के समर्थन में था, और उसने सन्तों से हथियारों को ले लिया और उन्हें भीड़ को दे दिया । सन्त जो अपना बचाव नहीं कर सकते थे, उनके ऊपर हमला हुआ और उनके घरों का नाश कर दिया गया । लोगों को झाड़ियों में शरण लेनी पड़ी थी या अधिकतर मार-पीट को सहना पड़ा था । अंत में गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने, लोगों को उनकी संपत्तियों को लेने और जैक्सन प्रान्त से भागने के लिए बुलाया था ।

क्ले प्रान्त में शरण

1833 के अन्त में अधिकतर सन्तों ने उत्तर के मिसुरी नदी को क्ले प्रान्त के लिए पार किया था और वहाँ पर अस्थायी शरण ली थी, जैसा कि पारले पी. प्रैट के द्वारा वर्णन किया गया था

''नदी के दोनों किनारों पर पुरूषों, स्त्रियों और बच्चों; सामानों, चौपहिया गाड़ियों, डिब्बों, भण्डारों ईत्यादि के साथ नौका के लिए पंक्ति लगने लगी, जब नौका लगातार काम कर रही थी; और जब फिर से रात को उस क्षेत्र का नीचला हिस्सा वहाँ के रूई के पेड़ों के द्वारा ढक गया था तो एक शिविर सभा पर उसका बहुत प्रभाव पड़ा था । सैकड़ों लोग प्रत्येक दिशा में दिखाई दे रहे थे, कुछ तम्बूओं में और कुछ खुली हवा में अपनी जलाई हुई आग के आस-पास, तभी मूसलाधार वर्षा हुई । पति अपनी पत्नियों की खोज करने लगे, पत्नियाँ अपने पतियों की; अभिभावक अपने बच्चों की, और बच्चे अपने अभिभावकों की । अपने परिवारों, घरेलू सामानों, और कुछ भण्डारों के साथ बच निकलने में कुछ लोगों का भाग्य अच्छा था; जबकि दूसरे अपने दोस्तों की किस्मत को नहीं जानते थे, और अपने सारे सामानों को खो दिया था । दृश्य ऐसा था ... धरती पर किसी भी मनुष्य के हृदय को पिघला सकता था, सिवाय हमारे अंधे अत्याचारियों के, और एक अंधे और अनजान समाज के ।''[14]

अस्थायी रूप से, जैक्सन प्रान्त में सन्तों से, सियोन और उनके परमेश्वर के मंदिर के निर्माण का अवसर छीन लिया गया था । अब क्ले प्रान्त में नदी के बगल में लगभग 1,200 गिरजाघर के सदस्यों ने वही किया जो एक निर्दयी जाड़े में बचने के लिए आवश्यक था । कुछ ने चौपहिया गाड़ियों के डिब्बों, तम्बूओं, या पहाड़ी के भूगर्भ कोठरियों में आश्रय लिया, जबकि दूसरों ने परित्याग किए हुए कमरों को अधिकृत कर लिया । जाड़े के दौरान नेवेल नाईट अमेरिकी आदिवासियों के एक झोपड़े में रहे थे ।

क्ले प्रान्त में प्रथम इमारतों में से एक जिसका निर्माण सन्तों द्वारा किया गया था, वह गिरजाघर का एक छोटा सा लट्ठे का घर था जिसमें आराधना करनी थी । यहाँ पर वे ''उनके विले के शत्रुओं के हाथों से बचाने के लिए और भविष्य के लिए उसके रक्षा करने वाली देख-भाल के बदले में सर्वशक्तिमान परमेश्वर का धन्यवाद करना भूले नहीं थे ... कि वह उन लोगों के हृदयों को विनम्र बनाए जिनसे वे भागे थे, ताकि वे उनके बीच उनके स्वयं को संभालने के लिए कुछ पा सकें ।''[15]

सियोन के शिविर के प्रति अत्याचार

जैसा कि अध्याय तीन में वर्णन किया गया है, प्रभु ने जोसफ स्मिथ को आज्ञा दी थी कि वह पुरूषों के एक दल को, कर्टलैंड से मिसुरी तक जाने के लिए एकत्रित करे, उन सन्तों की सहायता के लिए जिन्हें जैक्सन प्रान्त में उनके घरों से निकाल दिया गया था । जून 1834 की आखिरी में जब सियोन का शिविर पूर्वी क्ले प्रान्त, मिसुरी में पहुँचा, लगभग 300 से भी अधिक मिसुरी में रहने वालों की एक भीड़ उनसे मिलने आई ... उनके विनाश के उद्देश्य से । भविष्यवक्ता जोसफ के निर्देशानुसार, भाइयों ने मछली मारने की छोटी और बड़ी नदियों के संगम पर शिविर बनाया ।

भीड़ ने तोप के द्वारा आक्रमण करना आरंभ किया, परन्तु प्रभु सन्तों के युद्ध को लड़ रहा था । शीघ्र ही बादल सिर के ऊपर छाने लगे थे । भविष्यवक्ता ने परिस्थितियों का वर्णन किया थाः ''वर्षा होने लगी थी और ओले गिरने लगे थे ... तुफान भयंकर था; हवा और बरसात, ओले और कड़कड़ाहट एक बड़े कोप को लाया था, और शीघ्र ही उनके हौसले पस्त हो गए और 'जो स्मिथ और उसकी सेना को मारने की उनकी योजना का आशा भंग हो गई थी' ... जब उनके औजार गीले हो गए तब वे चौपहिया गाड़ियों के नीचे चलने लगे, और जब तक तुफान समाप्त नहीं हुआ तब तक खोखले पेड़ों में, और गरीबों द्वारा बनाए गए छोटे से झोपड़े ईत्यादियों में दबकर रहे थे ।'' सारी रात मूसलाधार तूफान का अनुभव करने के पश्चात, ''भीड़ के ये लोग जो भविष्यवक्ता और सन्तों को मारने आए थे, पराजित होकर भीड़ के मुख्य लोगों के पास वापस इंडीपेन्डेंस को लौट गए, पूरी तरह से यह मानते हुए ... कि जब यहोवा लड़ता है तो उन्हें शायद अनुपस्थित होना चाहिए था ... ऐसा प्रतीत होता था कि युद्ध के परमेश्वर से प्रतिशोध की आज्ञा तत्काल चली गई थी, उसके सेवकों को उनके शत्रुओं के विनाश से बचाने के लिए ।''[16]

जब ऐसा प्रतीत होने लगा कि भीड़ की एक थलसेना सन्तों का मुकाबला कर रही थी और कि राज्यपाल डंकलिन उनकी सहायता के लिए अपनी प्रतिज्ञा को नहीं मान सकेगा, भविष्यवक्ता ने प्रभु के आदेश के लिए प्रार्थना की । प्रभु ने उनसे कहा कि उस समय की स्थितियाँ सियोन के पुनः निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं थी । सियोन को बनाने के लिए सन्तों को अपने व्यक्तिगत जीवनों में बहुत सी तैयारियों को करना था । उनमें से कई लोगों ने तब तक प्रभु की आवश्यकता की बातों के प्रति आज्ञाकारी होना नहीं सीखा था । प्रभु ने कहा कि सियोन का निर्माण तब तक नहीं हो सकता जब तक उसे सिलेस्टियल राज्य के कानून के तहत सिद्धांतों के द्वारा न किया जाए; या फिर वह सियोन को स्वयं के लिए प्राप्त नहीं कर सकता । उसके लोगों को संयम रखना है जब तक कि वे आज्ञाकारिता को न सीख लें—आवश्यक हो, उन बातों के द्वारा जिन्हें उन्होंने सहन किया है'' (सि. और अनु. 105:5–6) ।

प्रभु ने आदेश दिया था कि सियोन के शिविर को उनके सेना के उद्देश्य को नहीं छोड़ना चाहिए: ''उसने कहा कि उसके लोगों के अपराधों के परिणामों में, यह उचित था कि सियोन की मुक्ति के लिए एल्डर कुछ अवधि के लिए रूकें, ताकि वे तैयारी कर सकें, और ताकि उसके लोग अधिक परिपूर्णता में शिक्षित किए जाएं (देखें सि. और अनु. 105:9–10) । सियोन के कैम्प के भाइयों को सम्मान सहित रिहा किया गया, और भविष्यवक्ता कर्टलैंड वापस आ गये ।

फार वेस्ट में गिरजाघर के मुख्यालय

मिसुरी के अधिकतर सन्तों ने क्ले प्रान्त में 1836 तक जाना जारी रखा, जब उन्हें उस देश के नागरिकों के द्वारा याद कराया गया कि उन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि वे तभी तक रह सकेंगे जब तक कि वे जैक्सन प्रान्त में वापस न चले जाएं । जैसा कि अब यह असंभव दिखाई देता था, उन्हें गिरवी के रूप में छोड़ने के लिए कहा गया । कानूनी तौर पर सन्तों को पालन नहीं करना था, परन्तु एक झगड़े को उत्पन्न करने के बजाय वे एक बार फिर चले गए । राज्य के विधानमण्डल में उनके दोस्त, एलेक्जेंडर डबल्यु. डोनीफैन की मेहनत के द्वारा, दिसंबर 1836 में रे प्रान्त में से दो प्रान्तों को बनाया गया जिनका नाम कैल्डवेल और डेविएस था । सन्तों को फार वेस्ट में उनके स्वयं के समाज को स्थापित करने की अनुमति दी गई, क्ले प्रान्त के लगभग 60 मील उत्तर के तरफ, कैल्डवेल के प्रान्त के रूप में । प्रान्त के प्राथमिक अधिकारी अंतिम दिनों के सन्त थे, और कई लोगों ने आशा की थी कि इससे सन्तों पर अत्याचार खत्म हो सकेगा ।

कर्टलैंड, ओहायो के एक कठिन यात्रा के पश्चात, मार्च 1838 में भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ दूर पश्चिम, मिसुरी में पहुँचे और वहाँ पर गिरजाघर के मुख्यालयों की स्थापना की । मई में वे डेविएस प्रान्त के उत्तर में गए और, ग्रैन्ड नदी का दौरा करते समय, भविष्यसूचक से क्षेत्र को, ऐडम-ओण्डी-एहमान की घाटी के रूप में पहचान की, वह स्थान जहाँ पर आदम अपने लोगों से भेंट के लिए आएगा (सि. और अनु. 116:1)[17] डेविएस प्रान्त में ऐडम-ओण्डी-एहमान सन्तों का प्राथमिक समाज बना । 4 जुलाई 1838 को, फार वेस्ट में एक मंदिर के किनारे के पत्थरों को समर्पित किया गया, और सन्तों ने यह महसूस करना आरंभ किया कि आखिकर उन्होंने अपने शत्रुओं से राहत पा ली है ।

क्रूक्ड नदी का युद्ध

फिर भी, शीघ्र ही अत्याचार फिर से आरंभ हो गया । 6 अगस्त 1838 को, गैलेटीन, डेविएस प्रान्त में मतदान क्षेत्रों पर 100 लोगों की एक भीड़ ने सन्तों को उनका मतदान नहीं करने दिया । इससे उपद्रव हुआ जिसमें कई लोग घायल हुए थे । कैल्डवेल और डेविएस प्रान्तों में भीड़ के प्रोत्साहन द्वारा विकसित अव्यवस्था के कारण राज्यपाल लिलबर्न डबल्यु. बोग्स को राज्य में शान्ति बनाए रखने के लिए सहायक सेना को लाना पड़ा था ।

कप्तान सेमुएल डबल्यु. बोगर्ट, नागरिक सेना का एक अधिकारी, हकीकत में भीड़ के साथ बहुत नजदीकी से जुड़ा हुआ था । उसने तीन अन्तिम दिनों के सन्तों को अगुआ करने और उन्हें उत्तरी पश्चिमी रे प्रान्त में क्रूक्ड नदी पर रखने के द्वारा एक झगड़े को आरंभ करने का निश्चय किया । अन्तिम-दिन के सन्त के सहायक सेना का एक समूह, इन पुरूषों को छुड़ाने के लिए चल पड़ा, और 25 अक्टूबर 1838 को एक भीषण युद्ध हुआ । कप्तान डेविड डबल्यु. पैटेन, बारह प्रेरितों में से एक ने समूह का मार्गदर्शन किया और उनमें से एक थे जिन्हें झगड़े में शारीरिक चोट लगी थी । डेविड की पत्नी, फोएब एन पैटेन; जोसफ और हाईरम स्मिथ; और हीबर सी. किम्बल, उसके मरने से पहले उसके साथ रहने के लिए दूर पश्चिम आए थे ।

हीबर ने डेविड पैटेन के लिए कहा थाः ''पहले सुसमाचार के सिद्धांत उसके लिए इतने मूल्यवान होते थे, कि उसके प्रस्थान के समय उसके प्रति, उस सहारा और सांत्वना को समर्थन दिया था, जिसने उसके दुःख और घृणा की मृत्यु का अपहरण किया था ।'' अपने बिस्तर के बगल के लोगों से मरते हुए पुरूष ने, उन सन्तों के बारे में चीत्कार कर कहा था जो दृढ़ विश्वास से धर्मत्याग के तरफ चले गए थे, '' 'ओह वे मेरी ही तरह की स्थिति में थे! जिसके लिए मैंने महसूस किया था कि मैं विश्वासी था ।' '' इसके पश्चात उसने यह कहते हुए फोएब एन के तरफ संकेत किया था, ''तुम जो कुछ भी करो, ओह विश्वास को अस्वीकार मत करना ।' '' अपनी मृत्यु के तुरन्त पहले उसने प्रार्थना की थी, ''पिता, यीशु मसीह के नाम में मैं तुमसे माँगता हूँ, कि मेरी आत्मा को निकालकर अपने पास बुला लो ।' '' और फिर जो उसके आस-पास थे उनसे याचना की, '' 'भाइयों, आपने अपने विश्वास के द्वारा मुझे पकड़ा है, परन्तु मुझे छोड़ दो, और मुझे जाने दो, मैं तुमसे विनती करता हूँ ।' '' भाई किम्बल ने कहा, ''इसलिए हमने उसे परमेश्वर के हवाले कर दिया, और शीघ्र ही उसने अपनी आखिरी सांस ली, और वह बिना किसी कराह के यीशु में आशा के साथ शान्ति में मर गया ।''[18]

सहायक सेना के स्थान पर, कप्तान सेमुएल बोगर्ट के समूह ने एक भीड़ की तरह कार्य किया । तिस पर भी, अन्य सूचना के साथ क्रूक्ड नदी के युद्ध में सहायक सेना के एक पुरूष के मौत को, अपने घृणित कार्य, ''मॉरमन के लोगों के उन्मूलन आदेश'' को बनाने में राज्यपाल लिलबर्न डबल्यु. बोग्स के द्वारा उपयोग किया गया था ।[27] अक्टूबर 1838 को उस आदेश को हिस्सों में बताया गया, ''मॉरमन के लोगों के साथ शत्रुओं के समान बर्ताव करना होगा, और आवश्यकतानुसार लोगों की शान्ति के लिए उन्हें या तो मार दिया जाएगा या राज्य से निकाल दिया जाएगा ... उनका अत्याचार सभी वर्णन से परे है ।''[19] राज्यपाल के आदेश को लागू करने के लिए एक सहायक सेना के अधिकारी को नियुक्त किया गया ।

हॉनस मिल हत्याकाण्ड

30 अक्टूबर 1838 को, उन्मूलन आदेश मिलने के तीन दिन पश्चात, कुछ 200 पुरूषों ने, शोल क्रीक, कैल्डवेल प्रान्त के हॉनस मिल पर सन्तों के छोटे समुदाय के विरूद्ध एक अचानक आक्रमण की तैयारी की थी । आक्रमणकारियों ने, विश्वासघात करते हुए उन पुरूषों को बुलाया था जो स्वयं को बचाने के लिए एक लोहार के दूकान के तरफ दौड़ पड़े थे । तब उन्होंने इमारत के आस-पास अपनी स्थिति को बनाया और उसपर तब तक गोली चलाते रहे जब तक कि उन्होंने सोच न लिया कि अन्दर के सभी लोग मारे गए । दूसरों पर गोली चलाई गई जब वे अपने आपको बचाने की कोशिश कर रहे थे । कुल मिलाकर 17 पुरूष और लड़के मारे गए थे और 15 घायल हुए थे ।

सामूहिक हत्याकाण्ड के पश्चात, एमान्डा स्मिथ लोहार के दूकान पर गई, जहाँ उसने अपने पति वारेन, और एक बेटे सरदियस को मरा हुआ पाया । हत्याकाण्ड में अपने दूसरे बेटे को पाकर वह अत्याधिक प्रसन्न हुई, छोटा अलमा, कई चोटों के बावजूद अभी भी जावित था । उसका कुल्हा एक बन्दूक धमाके के द्वारा उड़ गया था । अधिकतर पुरूषों की मृत्यु और घायल होने पर, एमान्डा ने घुटने टेके और सहायता के लिए प्रभु से याचना कीः

''ओह मेरे स्वर्गीय पिता, मैं चिल्लाई, मैं क्या करूँगी ? तुम मेरे बेचारे चोट खाए हुए लड़के को देख रहे हो और मेरी अनुभवहीनता को जानते हो । ओह स्वर्गीय पिता मुझे निर्देश दो कि मैं क्या करूँ!'' उसने कहा कि वह ''एक आवाज के द्वारा निर्देशित हुई थी,'' आदेश को प्राप्त करते हुए कि वह राख से एक घोल को बनाए और चोट को उससे साफ करे । तब उसने चिरावेल के पेड़ से एक मुलायम गिला सा घोल बनाया और उससे चोटों को भर दिया । अगले दिन उसने चोट में मलहम को लगाया जो एक बोतल में था ।

एमान्डा ने अपने बेटे से कहा, ''अलमा, मेरे बच्चे ... क्या तुम विश्वास करते हो कि प्रभु ने तुम्हारे कुल्हे को बनाया है ?'

'' 'हाँ, माँ ।'

'' 'अच्छा, प्रभु वहाँ पर कुछ बना सकता है जो स्थान तुम्हारे कुल्हे का है, अलमा, क्या तुम्हें विश्वास नहीं है कि वह ऐसा कर सकता है ?'

'' 'माँ, क्या आपके विचार से प्रभु ऐसा कर सकता है?' अपने भोलेपन में बच्चे ने पूछताछ की ।

'' ' हाँ, मेरे बेटे, 'मैं उत्तर दिया, 'उसने मुझे यह सब कुछ एक दिव्यदर्शन में दिखाया था' ।

''फिर मैंने आराम से उसे मुंह के बल लिटा दिया, और कहाः 'अब तुम इस तरह से लेटो, और हिलना मत, और प्रभु तुम्हारे दूसरे कुल्हे को भी बनाएगा ।'

''इसलिए अलमा अपने चेहरे पर पाँच सप्ताह तक लेटा रहा, जब तक कि वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो गया ... उस स्थान पर एक लचीला उपास्थि बन गया जहाँ पर जोड़ और गर्तिका थी ।''[20]

एमान्डा और दूसरों के लिए उनके प्यारों के दफन को देखना भयंकर कठिन काम था । सिर्फ कुछ ही पुरूष शारीरिक क्षमता के रह गए थे, जोसफ यंग और उसके भाई ब्रिग्हम यंग को सम्मिलित करते हुए । क्योंकि वे भीड़ की वापसी से डरे हुए थे, परम्परागत कब्रों को खोदने का समय नहीं था । शरीरों को एक सुखे हुए कुएं में फेंक दिया गया था, एक सामूहिक कब्र को बनाते हुए । जोसफ यंग ने छोटे सरदियस के शरीर को उठाने में सहायता की थी परन्तु घोषणा की ''वह इस लड़के को इस भयानक कब्र में नहीं फेंक सकता ।'' उन्होंने ''रूचीकर लड़के'' के साथ मिसुरी की अपनी यात्रा पर खेला था, और जोसफ का ''व्यवहार इतना विनम्र'' था कि वह इसे नहीं कर सका था । एमान्डा ने सरदियस को एक चद्दर में लपेटा, और दूसरे दिन उसने और दूसरे बेटे, विलियर्ड ने शरीर को कुएं में रखा । तब डरावने दृश्य को ढ़ँकने के लिए मिट्टी और घास-फूस फेंका गया ।[21]

ऐडम-ओण्डी-एहमान पर, 20 वर्ष के बेन्जामिन एफ. जॉनसन को एक मिसुरियन के द्वारा उसकी तकदीर पर छोड़ दिया गया ठीक उसी तरह जिस तरह से वह उसे गोली मारने के लिए निश्चित था । बेन्जामिन को पकड़ लिया गया और सिपाहियों की देखरेख में, एक शिविर-समारोह के आगे अत्याधिक ठंड के मौसम में आठ दिनों के लिए रखा गया । जब वह एक लट्ठे पर बैठा हुआ था, एक क्रूर आदमी अपने हाथों में एक बन्दूक लिए हुए उसके पास आया और कहा, ''तुम मॉरमन होना अभी से छोड़ दो, या मैं तुम्हें गोली मार दूँगा ।'' बेन्जामिन ने दृढ़ता से मना कर दिया, जिससे उस क्रूर आदमी ने जानबुझकर उसके तरफ निशाने को साध लिया और घोड़े को खींचा । बन्दूक गोली चलाने में असमर्थ हो गई । जोर से कोसते हुए उस आदमी ने कहा कि ''वह बन्दुक का उपयोग 20 वर्षों से कर रहा है और इसके पहले कभी भी उसका निशाना नहीं चुका था ।'' घोड़े का निरीक्षण करते हुए, उसने हथियार को फिर से भरा और फिर से निशाना साधते हुए घोड़े को खींचा ... इस बार भी गोली नहीं चली ।

समान प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए उसने तीसरी बार कोशिश की, परन्तु परिणाम वही था । बगल में खड़े एक व्यक्ति ने उससे''उसकी बन्दूक को थोड़ा व्यवस्थित'' करने के लिए कहा और फिर ''यह चलेगी और तुम निश्चित रूप से उस तिरस्करणीय आदमी को मार दोगे ।'' इसलिए चौथी और आखिरी बार समय मारने वाले का हो सकता था, यहाँ तक कि नये युद्धोपकरण के बाद भी । फिर भी, बेन्जामीन ने घोषणा की थी, ''इस बार बन्दूक चली थी और बिल्कुल उसी जगह पर लगी थी ।'' एक मिसुरियन को कहते हुए सुना गया, ''तुमने उस आदमी को नहीं मारने की कोशिश के लिए बेहतर किया ।''[22]

जब भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ लिबर्टी जेल में बन्द थे, उन्होंने प्रभु से पीड़ा सह रहे सन्तों के लिए प्रार्थना की और ईश्वरीय निर्देश को प्राप्त किया और सांत्वना दिया जिसका उल्लेख सिद्धांत और अनुबंध के खण्ड 121, 122 और 123 में किया गया है ।

जेल में भविष्यवक्ता का कारावास

हॉनस मिल के हत्याकाण्ड के तुरन्त पश्चात, राज्य सहायक सेना के द्वारा भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ और अन्य मार्गदर्शकों को कैदियों की तरह ले जाया गया । एक फौजी-अदालत रखी गई और दूर पश्चिम के नगर चौराहे में दूसरी सुबह एक गोलाबारी दस्ता के द्वारा भविष्यवक्ता और उनके साथियों को मारने की आज्ञा दी गई । फिर भी, सहायक सेना के जनरल एलेक्जेंडर डबल्यु. डोनीफैन ने, निर्णय को ''निष्ठुर हत्या'' कहते हुए गोलाबारी को जारी रखने से मना किया । उसने उस जनरल को चेतावनी दी जिसने सहायक सेना को आज्ञा दी थी कि यदि वह उन लोगों को मारने की अपनी कोशिशों को जारी रखता है, ''एक पार्थिव न्यायाधिकरण के समक्ष मैं तुम्हें जिम्मेदार ठहराऊँगा, इसलिए परमेश्वर मेरी सहायता करो ।''[23]

भविष्यवक्ता और अन्यों को पहले इंडिपेन्डेंस ले जाया गया, और फिर रिचमॉन्ड, रे प्रान्त भेजा गया, जहाँ उन्हें आने वाली परीक्षा के लिए जेल में डाला गया । भविष्यवक्ताओं के सहयोगियों में से एक पारले पी. प्रैट भी था । उसने कहा कि एक शाम सिपाही, अन्तिम-दिनों के सन्तों में उनके बलात्कार, हत्या, और चोरी के कार्यों को कहने के द्वारा कैदियों पर ताना-कशी कर रहे थे । वह जानता था कि भविष्यवक्ता उसके बगल में जागे हुए थे और उल्लेखित किया कि अचानक जोसफ अपने पैरों पर खड़े हो गए और महान शक्ति के साथ सिपाहियों को फटकाराः

'' 'चुप हो जाओ, तुम नरकीय गड्ढे के नरकदूत । यीशु मसीह के नाम में मैं तुम्हें, और तुम्हें शान्त रहने के लिए आज्ञा देता हूँ; दूसरे मिनट में मैं नहीं रहूँगा और इस प्रकार की भाषा नहीं सुनूंगा । इस तरह की बात-चीत को बंद करो, या इसी क्षण तुम या मैं मर जाएं ।'

''उसे बोलने के लिए मना किया गया था । वह महान प्रताप में सीधा खड़ा था । सीकड़ में बँधा हुआ, और बिना किसी हथियार के; एक दूत की तरह शान्त, अक्षुब्ध और प्रतिष्ठित, उसने घबराहट में हिल रहे सिपाहियों की तरफ देखा, जिनके हथियारों नीचे थे या जमीन पर गिरा दिए गए थे; जिसके घुटने एक साथ झुके हुए थे, और जो कि एक कोने में सिकुड़ रहा था, या अपने पैरों पर दुबका जा रहा था, अपने क्षमा की भीख माँगते हुए, और सिपाहियों के बदली होने तक शान्त पड़ा रहा था ।''

पारले ने तब आंकलन किया था, ''मैंने राजाओं, शाही अदालतों, गद्दियों, और मुकुटों की कल्पना करने की कोशिश की थी; और बादशाह राज्यों के भाग्य का निर्णय लेने के लिए एकत्रित हुए थे; परन्तु एक बार मैंने प्रतिष्ठा और प्रताप को देखा है, जैसे कि वह मध्यरात्रि में, मिसुरी के एक अंधकारमय गाँव में एक कालकोठरी में एक सीकड़ के रूप में खड़ा था,[24]

जब पूछताछ की अदालत समाप्त हो गई, जोसफ और हाईरम स्मिथ, सिडनी रिग्डन, लाईमैन वेट, कैलेब बाल्डवीन, और एलैक्जेंडर मैक्रे को 1 दिसंबर 1838 को क्ले प्रान्त में लिबर्टी जेल भेजा गया । भविष्यवक्ता ने उनकी स्थिति का वर्णन कियाः ''रात और दिन हमें एक मजबूत पहरे में रखा जाता था, दोहरी दीवारों और दरवाजों की कैद में, विवेक की आजादी की अनुमति को न देते हुए, हमारा भोजन कम होता था ... हमें घास-फूस के फर्श पर सोने के लिए बाध्य किया जाता था, और हमें गर्माहट देने के लिए पर्याप्त कंबल नहीं थे ... समय-समय पर न्यायधीश हमसे गंभीरतापूर्वक कहते थे कि वे जानते थे कि हम मासूम थे, और स्वतंत्र कर देना चाहिए था, परन्तु भीड़ के डर से, हमारे प्रति कानून को लागू करने का साहस उनमें नहीं था ।''[25]

इलिनोईस के लिए निर्गमन

जब उनके भविष्यवक्ता कैद में थे, विनाश के आदेश से बचने के लिए 8,000 से अधिक सन्त मिसुरी के पूर्व से इलिनोईस के लिए चले गए थे । जाड़े की ठंड में उन्हें छोड़ने के लिए बाध्य किया गया था, और यहाँ तक कि बारह की परिषद् के अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग ने भी उन्हें निर्देश और प्रत्येक संभव सहायता दिया था, उन्होंने बहुत सहा था । जॉन हैमर का परिवार उन कई परिवारों में से है जिन्होंने शरण लिया था । जॉन ने कठिन परिस्थितियों को याद किया थाः

''मुझे अच्छी तरह से उन दिनों की कठिनाईयाँ और निष्ठुरता याद है ... हमारे परिवार के पास एक दल के लिए सारी संपत्ति के रूप में बस एक चौपहिया गाड़ी थी, और एक अन्धा घोड़ा था, और उस एक अन्धे घोड़े को हमारे सामानों को इलिनोईस के राज्यों को ले जाना था । हमने अपनी चौपहिया गाड़ी के बदले हल्की एक घोड़े वाली गाड़ी को एक भाई से खरीदा था, दोनों दलों को समायोजित करते हुए । इस छोटी सी गाड़ी में हमने अपने कपड़े, बिछौने, भोजन के लिए कुछ भुट्टे और कुछ थोड़े बहुत व्यवस्था को रखा जिसे हम जुटा सकते थे और ठंड और शीत में पैरों पर यात्रा करने के लिए, एक आवरण के लिए स्वर्ग की छतरी के साथ रास्ते के किनारे खाने और सोने के लिए चल पड़े थे । परन्तु उन रातों की चुभती हुई शीत और भेदने वाली हवा, मनुष्यों में नरकदूतों के प्रकोप के सामने से भागना से, कम बर्बर और सहानुभूतिपूर्ण थी । हमारा परिवार, और कई दूसरे लोग भी, अधिकतर नंगे पैर थे, और कुछ लोगों को उनके पैरों को अकड़न के कारण और बर्फ से जमी हुई जमीन के अत्याधिक ठंड से

बचाने के लिए कपड़ों से लपेटना पड़ा था । यह सबसे उत्तम, बहुत ही अपूर्ण सुरक्षा थी, और अक्सर हमारे पैरों से निकलता हुआ खून जमी हुई धरती पर निशान लगा देते थे । हमारे पारिवारिक सदस्यों में से सिर्फ मेरी माँ और बहन के पास ही जुते थे, और वह फट गए थे और ज्यादातर हमारे वहाँ तक पहुँचने के पहले ही बेकार हो गए थे जो तब इलिनोईस का सत्कारशील तट था ।''[26]

जेल में भविष्यवक्ता को असहाय स्थिति में इंतजार करना पड़ा था जबकि राज्य से उनके लोगों को निकाल दिया गया था । प्रभु के लिए उनके निवेदन में उनकी आत्मा की वेदना को नापा गया, जिसका अभिलेख सिद्धांत और अनुबंध, खण्ड 121 में कियागया है ।

''हे परमेश्वर, तुम कहाँ हो? और वह मण्डप कहाँ है जो तुम्हारे छुपे हुए स्थान को ढकता है?

उन्होंने परमेश्वर से पूछा कि वह कहाँ था और उसका छुपा हुआ स्थान कहाँ था? कब तक उसके हाथ दूर रहेंगे और उसकी पवित्र आँख स्वर्ग से उसके लोगों की गलतियों को और उसके सेवकों को देखेगी, और उसका कान उनकी चीखों से भर जाएगा?'' (देखें सि. और अनु. 121:1–2) ।

प्रभु ने आरामदायक शब्दों के साथ उनको उत्तर दिया । उसने जोसफ को अपना पुत्र कहकर पुकारा और कहा कि उसे उसकी आत्मा में शान्ति को महसूस करना चाहिए । उसकी कठिनाईयाँ और उसके दुःख रहेंगे परन्तु कुछ क्षणों के लिए ।

तब, यदि वह उन्हें अन्त तक सह लेगा, परमेश्वर उसे उच्चता में उत्कर्ष देगा; वह अपने सारे शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेगा ।

अब भी उसके मित्र उसके पास खड़े थे, और वे फिर से गर्मजोशी हृदय और मैत्रीपूर्ण हाथों के साथ उसका अभिवादन करेंगे'' (देखें सि. और अनु. 121:7–9) ।

अप्रैल 1839 में यथार्थ रूप से प्रभु के शब्द पूरे हुए । नाजायज कैद के छः महीनों के पश्चात, कैदियों की जगह बदलकर उन्हें डेविएस प्रान्त, मिसुरी में गैलेटिन के लिए ले गए और फिर बुनी प्रान्त में कोलंबिया के तरफ । फिर भी, शैरिफ विलियम मोर्गन को, ''कभी भी (उन्हें) बुनी प्रान्त न ले जाने का'' आदेश दिया गया था । उच्च पद के व्यक्ति या व्यक्तियों ने निश्चित किया था कि कैदियों को भाग निकलने का अवसर दिया जाएगा, शायद उन्हें लोगों की परीक्षा से बचाने की बाधा को टालने के लिए जब उन्हें दोषी ठहराने के लिए कोई भी सबूत नहीं था । कैदियों को दो घोड़ों को खरीदने और उनके सिपाहियों को चकमा देने का अवसर दिया गया । हाईरम स्मिथ ने कहा था, ''हम अपने स्थान को बदलकर इलिनोईस के राज्य के लिए चल पड़े, और नौ या दस दिनों के समय के पश्चात सुरक्षित क्वींसी, एडम्स प्रान्त पहुँचे, जहाँ हमने अपने परिवारों को अच्छे स्वास्थ्य परन्तु गरीबी की अवस्था में पाया ।''[27] वहाँ पर उनका स्वागत ''गर्मजोशी हृदय और मैत्रीपूर्ण हाथों'' द्वारा किया गया ।''

विलफर्ड वुडरफ ने भविष्यवक्ता के साथ अपने पुनर्मिलन पर कहा थाः ''एक बार फिर से मेरे पास, भाई जोसफ का स्वागत करने का आनंदित अवसर था ... उन्होंने महान खुशी के साथ हमारा अभिवादन किया ... (वे) स्पष्ट थे, खुले हुए, और हर बार की तरह परिचित, और हमारा आनंद मनाना बहुत अच्छा था । इस तरह की सभा द्वारा निर्मित खुशनुमा अनुभूति को कोई भी व्यक्ति समझ नहीं सकता, सिवाय उस एक व्यक्ति के जिसने सुसमाचार के लिए परेशानियों को सहा हो ।''[28] प्रभु ने चमत्कारिक तौर पर अपने भविष्यवक्ता और गिरजाघर की संस्था को सुरक्षित रखा था । उनके सामने एक बार फिर से आधुनिक दिन का इस्राएल एक नई धरती पर, नये अवसरों और अनुबंधों के साथ एकत्रित होने लगा था ।

नावू में बलिदान और आशीषें

अन्तिम-दिनों के सन्त जो इलिनोईस के अपने रास्ते पर चल पड़े थे, क्वींसी के नगर में उदार नागरिकों के द्वारा एक गर्मजोशी स्वागत को प्राप्त किया था । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ के लिबर्टी जेल में उनके कारावास से आने के पश्चात, सन्त मिसुरी नदी के लगभग 35 मील की दूरी पर उत्तर के लिए चल पड़े थे । वहाँ के क्षेत्रों में उन्होंने एक बड़े से दलदल को खोदा और नदी के एक मोड़ के बगल में नावू के शहर का निर्माण आरंभ कर दिया । शहर में शीघ्र ही गतिविधि और वाणिज्य की हलचल होने लगी जब संयुक्त राज्यों, कैनेडा, और इंग्लैण्ड के सारे हिस्सों से सन्त एकत्रित होने लगे । चार वर्षों के अन्दर, नावू इलिनोईस के सबसे बड़े शहरों में से एक बन गया था ।

गिरजाघर के सदस्य आपेक्षिक शान्ति, सुरक्षित जीवन जीने लगे थे इस सच्चाई को जानते हुए कि भविष्यवक्ता उनके बीच थे और उनके लिए काम किया था । भविष्यवक्ता के द्वारा बुलाए गए सैकड़ों प्रचारकों ने सुसमाचार की घोषणा के लिए नावू को छोड़ दिया था । मंदिर का निर्माण हुआ था, मंदिर के इंडोवमेन्ट को प्राप्त किया गया था, पहली बार वार्ड बनाये गए थे, स्टेकों की स्थापना हुई थी, सहायता संस्था को संगठित किया गया था, इब्राहीम की किताब को प्रकाशित किया गया था, और महत्वपूर्ण प्रकटीकरणों को प्राप्त किया गया था । छः वर्षों से भी अधिक के लिए सन्तों ने एकता, विश्वास, और प्रसन्नता के एक असाधारण अवस्था का प्रदर्शन किया था जब उनका शहर उद्योग और सच्चाई का एक संकेत-द्वीप बन गया था ।

नावू के प्रचारकों के बलिदान

जब सन्तों ने अपने घरों को बनाना और फसलों को उगाना आरंभ कर दिया, उनमें से कई शीतज्वर, एक ऐसा संक्रामक रोग जिसमें बुखार होता है ओर ठंड लगती है, के कारण बीमार होने लगे थे । इस बीमारी ने बारहों में से अधिकतर और स्वयं जोसफ स्मिथ को भी जकड़ लिया था । 22 जुलाई 1839 को बीमारी में ही अपने ऊपर परमेश्वर की शक्ति को प्राप्त करते हुए, भविष्यवक्ता अपने बिस्तर से उठे थे । पौरोहित्य शक्तियों का उपयोग करते हुए, उन्होंने स्वयं को और अपने स्वयं के घर के बीमारों को चंगा किया, तब ठीक होने के लिए उन लोगों को अपने दरवाजे के सामने के अहाते में आने की आज्ञा दी जो शिविर के तम्बुओं में रह रहे थे । कई लोग चंगे हुए थे । प्रत्येक को आशीष देने के लिए भविष्यवक्ता तम्बुओं और घरों में गए । गिरजाघर के इतिहास में यह विश्वास और चंगाई के दिनों में से एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन था ।

इस अवधि के दौरान, भविष्यवक्ता ने बारह प्रेरितों की परिषद् को इंग्लैण्ड के लिए मिशन पर जाने को बुलाया । एल्डर ओर्सन हिडे, बारह की परिषद के एक सदस्य को, यहूदी लोगों और इब्राहीम के अन्य बच्चों की भीड़ के फिलस्तीन के समर्पण के लिए यरूशलेम भेजा गया । प्रचारकों को संयुक्त राज्यों और पूर्वी कैनेडा के चारों तरफ



सन्तों ने मिसीसिप्पी नदी के किनारे पर नावू के सुंदर शहर को बनाया था । नावू मंदिर शहर के ऊपर से दिखाई देता था ।

प्रचार कार्य के लिए भेजा गया, और एडीसन प्रैट और अन्यों ने प्रशान्त महासागर के टापुओं पर जाने की बुलाहट को प्राप्त किया था ।

इन भाइयों ने महान बलिदान किए थे जब उन्होंने प्रभु के लिए उनकी सेवकाई की बुलाहट के प्रति अपने घरों और परिवारों को छोड़ा था । बारह में से कई सदस्य शीतज्वर के कारण बीमार हो गए थे जब वे इंग्लैंड जाने की तैयारी कर रहे थे । विलफर्ड वुडरफ जो बहुत बीमार था, अपनी पत्नी फोएब को लगभग खाद्य सामग्री और जीवन की आवश्यकताओं के बिना छोड़ा गया था । जोर्ज ए. स्मिथ, सबसे छोटा प्रेरित, इतना बीमार था कि उसे चौपहिया गाड़ी में ले जाना पड़ा था, और एक आदमी जिसने उसे देखा था, चालक से पूछा कि क्या वे कब्रीस्तान में चोरी कर रहे थे । केवल पारले पी. प्रैट, जिसने अपने साथ अपनी पत्नी और बच्चों को लिया था, उसका भाई ओर्सन प्रैट, और जॉन टेलर ही बीमारी से मुक्त थे जब उन्होंने नावू को छोड़ा था, यद्यपि बाद में एल्डर टेलर भयानक रूप से बीमार पड़ गए थे और मरने की स्थिति में थे जब वे न्युयार्क सिटी के लिए यात्रा कर रहे थे ।

ब्रिग्हम यंग इतने बीमार थे कि वे बिना सहायता के थोड़ी दूरी तक चलने में भी असमर्थ थे, और उनके साथी हीबर सी. किम्बल भी अच्छी स्थिति में नहीं थे । उनकी पत्नियाँ और परिवारों ने भी संकट को सहा था । जब प्रेरित अपने घरों से थोड़ी ही दूरी पर एक पहाड़ी की चोटी पर पहुँचे, दोनों प्रेरित जो चौपहिया गाड़ी में लेटे हुए थे, उन्होंने ऐसा महसूस किया कि वे अपने परिवारों को इतनी दयनीय स्थिति में छोड़ने को सह नहीं सकते थे । हीबर के सुझाव पर, उन्होंने अपने पैरों के साथ संघर्ष किया, अपनी टोपियों को अपने सिरों पर हिलाया, और तीन बार चिल्लाए, ''इस्राएल की जय जयकार हो ।'' उनकी पत्नियाँ मैरी एन और विलेट ने, खड़े होने के लिए पर्याप्त ताकत को जुटाया और, दरवाजे के आकार के विरूद्ध झुकते हुए, वे जोर से रोईं, ''अलविदा, परमेश्वर तुम्हें आशीष दे ।'' दोनों पुरूष अपनी गाड़ियों के बिछौने पर, प्रसन्नता की आत्मा और सन्तुष्टि के साथ वापस आए यह देखते हुए कि उनकी पत्नियाँ बिस्तर पर बीमारी में लेटे रहने की बजाय खड़ी थीं ।

परिवार जो पीछे रह गए थे, अपने विश्वासों का प्रदर्शन किया था जब उन्होंने त्याग किए थे उनके सहारे के लिए जिन्होंने प्रचार कार्य की बुलाहट को स्वीकार किया था । जब एडीसन प्रैट को सैंडवीच टापुओं, जिसे अब हवाइयन्स टापुओं के नाम से जाना जाता है, के लिए एक प्रचार कार्य पर बुलाया गया था, उसकी लुइसा बारनेस प्रैट ने समझाया थाः ''मेरे चार बच्चों को विद्यालय दाखिला करवाना था और कपड़े खरीदने थे, और मेरे पास जरा भी पैसे नही बचे थे ... एक बार के लिए तो मेरा हृदय कमजोर होता महसूस हुआ, परन्तु मैंने प्रभु में भरोसे को निश्चित किया, और ताकत के साथ जीवन की परेशानियों के समक्ष खड़ी हो गई, और आनंद मनाया कि मेरे पति को सुसमाचार के प्रचार के लायक समझा गया था ।''

लुइसा अपने पति और उसके बच्चे अपने पिता को बंदरगाह पर विदाई देने गए थे । उनके घर आने के पश्चात, लुइसा ने बताया कि ''दुःख ने हमारे मनों पर कब्जा कर लिया था । बहुत देर नहीं हुई थी कि तेज बिजली ने कड़कना आरंभ कर दिया । एक परिवार, जो सड़क के उस पार रह रहा था, के पास एक टपकने वाला घर था; कमजोर और अनिश्चित । शीघ्र ही वे तुफान से सुरक्षा के लिए आए । उन्हें अन्दर देखकर हम कृतज्ञ हुए थे; उन्होंने हमसे सांत्वनापूर्ण बातें की, गीत गाए, और भाई ने हमारे साथ प्रार्थना किया, और तब तक रहा जब तक कि तुफान खत्म नहीं हो गया ।''[1]

अभी एडीसन को गए हुए बहुत देर नहीं हुई थी, उसकी छोटी बेटी को चेचक हो गया । बीमारी इतनी संक्रामक थी कि किसी भी पौरोहित्य धारक भाई के लिए खतरा हो सकता था जो प्रैट परिवार के पास आता, इसलिए लुइसा ने विश्वास के साथ प्रार्थना की और ''बुखार को भगा दिया था ।'' उसकी बेटी के शरीर पर ग्यारह छोटी छोटी फुंसियाँ

आई, परन्तु बीमारी कभी भी नहीं बढ़ी । कुछ ही दिनों में बुखार खत्म हो गया । लुइसा ने लिखा था, ''मैंने बच्चे को एक ऐसे व्यक्ति को दिखाया जो उस रोग को अच्छी तरह से जानता था; उसने कहा कि वह एक हमला था; कि मैंने उसे विश्वास के द्वारा जीत लिया था ।''[2]

वे प्रचारक जिन्होंने इस प्रकार का बलिदान किया था, हजारों लोगों को गिरजाघर में लाए थे । उनमें से कई जो धर्मपरिवर्तित हुए थे, उन्होंने भी विश्वास और साहस का असाधारण प्रदर्शन किया था । मैरी एन वेस्टन इंग्लैंड में विलियम जेंकीन्स परिवार के साथ रहती थी जब कपड़ों की सिलाई सीख रही थी । भाई जेंकीन्स सुसमाचार के लिए धर्मपरिवर्तित हुए थे, और परिवार के दौरे के लिए विलफर्ड वुडरफ आया था । उस समय घर पर केवल मैरी एन ही थी । विलफर्ड आग के बगल में बैठ गया और गाने लगा था, ''क्या मैं दुर्बल आदमी से डर जाऊँ, उस आत्मा की प्रेरणा को अस्वीकार करूँ जिसे मैंने महसूस किया है ।'' जब वह गा रहा था तब मैरी एन ने उसे देखा और स्मरण किया कि ''वह इतना शान्तिपूर्ण और प्रसन्न दिखाई दे रहा था, मैंने सोचा कि वह एक अच्छा आदमी होगा, और सुसमाचार जिसका वह प्रचार कर रहा है वह सच्चा होगा ।''[3]

गिरजाघर के सदस्यों के साथ अपने संबंध के द्वारा, मैरी एन शीघ्र ही धर्मपरिवर्तित हो गई और उसका बपतिस्मा हुआ ... पुनःस्थापित सुसमाचार के संदेश के जवाब में अपने परिवार की इकलौती सदस्या । उसने गिरजाघर के एक सदस्य से विवाह किया, चार महीनों के पश्चात, जिसकी मृत्यु एक गिरजाघर सभा को भंग करने के उद्देश्य से एक भीड़ के द्वारा मार-पीट में हो गई । अकेली, अन्य अन्तिम-दिनों के सन्तों के साथ एक स्टीमर में बैठकर नावू के लिए जाने को मजबूर थी, अपने घर, अपने दोस्तों, और अविश्वासी अश्विासी अभिभावकों को छोड़ते हुए । उसने अपने परिवार को फिर कभी नहीं देखा ।

अन्त में उसके साहस और वचनबद्धता ने कई लोगों की जिन्दगियों को आशीषित किया । उसने पीटर मौघन, एक विधुर से विवाह किया जो कि उत्तरी यूटाह में कैस घाटी में बस गय थे । वहाँ उसने एक बड़े और विश्वासी परिवार को खड़ा किया जिन्होंने दोनों, गिरजाघर और उसके नाम को सम्मानित किया था ।

सामान्य कार्य

नावू अवधि के दौरान, कुछ लेख जो बाद में अनमोल मोती बन गए थे, प्रकाशित हुए थे । इस किताब में, मूसा की किताब से, इब्राहीम की किताब से, मत्ती की गवाही के एक सार से, जोसफ स्मिथ के इतिहास के उद्धरण से, और विश्वास के अनुच्छेदों से चयनों का समावेश है । इन दस्तावेजों को प्रभु के निर्देशानुसार जोसफ स्मिथ के द्वारा लिखा या अनुवाद किया गया था ।

अब सन्तों के पास धर्मशास्त्र थे जो गिरजाघर के सामान्य कार्य बन सकते थेः बाइबिल, मॉरमन की पुस्तक, सिद्धांत और अनुबंध, और अनमोल मोती । ये किताबें परमेश्वर के बच्चों के लिए अनमोल मूल्य की हैं, क्योंकि ये सुसमाचार की मूल सच्चाइयों की शिक्षा देती हैं और ईमानदार खोजकर्ताओं के लिए, परमेश्वर जो पिता है और उसके बेटे यीशु मसीह के ज्ञान को लाती हैं । प्रभु के निर्देशानुसार भविष्यवक्ताओं के द्वारा अतिरिक्त प्रकटीकरणों को आधुनिक धर्मशास्त्रों में जोड़ा गया है ।

नावू मंदिर

नावू की खोज के सिर्फ 15 महीनों के पश्चात, प्रकटीकरण के प्रति आज्ञाकारी होते हुए प्रथम अध्यक्षता ने सूचित किया कि अब समय आ गया है ''प्रार्थना के एक घर को, आदेश के एक घर को, हमारे परमेश्वर की

आराधना के लिए एक घर को खड़ा करने का जहाँ उसकी ईश्वरीय इच्छा के प्रति मानने के लिए धर्मविधियों को किया जाएगा ।''[4] यद्यपि गरीब और अपने स्वयं के परिवारों के लिए संघर्ष कर रहे, अन्तिम-दिनों के सन्तों ने उनके मार्गदर्शकों की बुलाहट का जवाब दिया था और एक मंदिर के निर्माण कार्य के प्रति समय और साधनों का दान करना आरंभ कर दिया था । 1,000 से भी अधिक पुरूषों ने प्रत्येक दसवें दिन में कार्य किया था । लुइसा डेकर, एक युवा लड़की प्रभावित हुई थी कि उसकी माँ ने अपने मंदिर योगदान के लिए चीनी मिट्टी के बने बर्तनों को और एक सुंदर बिछौने वाली रजाई को बेच दिया था ।[5] अन्य अन्तिम-दिनों के सन्तों ने घोड़ों, चौपहिया गाड़ियों, गायों, सुअरों, और अनाजों को मंदिर के निर्माण में सहायता के लिए दिया था । नावू में रह रही स्त्रियों से, मंदिर कोष के लिए उनसे धन देने के लिए कहा गया था ।

कैरोलिन बटलर के पास योगदान के लिए धन नहीं था, परन्तु वह बहुत चाहती थी कि वह कुछ दे । एक दिन एक चौपहिया गाड़ी में शहर के लिए जाते समय, उसने दो मरी हुई भैसों को देखा । अचानक वह जान गई कि मंदिर के लिए उसका उपहार क्या हो सकता है । वह और उसके बच्चे भैंसों के आयल (गर्दन के लम्बे बाल) को खींचने लगे और उसे अपने साथ घर ले गए । उन्होंने बालों को धोया और लम्बे सीधे आकार के रूप में बनाया और उससे मोटे तागे को काता, तब भारी दस्तानों के आठ जोड़े बुने जिसे कड़ाके की ठंड में मंदिर पर कार्य कर रहे चट्टानों को काटने वालों को दिया गया ।[6]

मैरी फिल्डिंग स्मिथ, हाईरम स्मिथ की पत्नी ने, इंग्लैंड में अन्तिम-दिनों की सन्त स्त्रियों को लिखा था, जिन्होंने एक वर्ष के अन्तराल में 434 पाउंड के वजन के बराबर 50,000 पेनीस को एकत्रित किया था, जिसे स्टीमर के द्वारा नावू भेज दिया गया था । किसानों ने दलों और चौपहिया गाड़ियों का दान किया था; अन्यों ने अपनी जमीनों को बेचकर रकम को निर्माण समिति को दान कर दिया था कई घड़ियों और बन्दुकों का योगदान किया गया था । नॉरवे, इलिनोइस में रह रहे सन्तों ने नावू में मंदिर समिति के द्वारा उपयोग के लिए 100 भेड़ों को भेजा था ।

ब्रिग्हम यंग ने स्मरण किया थाः ''हमने नावू मंदिर पर बहुत अधिक मेहनत की थी, उस समय जब मंदिर पर काम कर रहे लोगों के लिए खाने को रोटी और अन्य व्यवस्था को पाना कठिन था ।'' तब भी, अध्यक्ष यंग ने मंदिर के उन लोगों को सारे आटे को देने की सलाह दी थी जो मंदिर कोष के प्रभारी थे, निश्चित होते हुए कि प्रभु देगा । थोड़े समय के अन्दर जोसफ टोरोन्टो, सीसीली से गिरजाघर के नये धर्मपरिवर्तित, नावू में पहुँचे, अपने साथ सोने के रूप में 2,500 डॉलर को लाते हुए, जिसे उसने भाइयों के पैरों पर रख दिया था ।[7] भाई टोरोन्टो के इन जीवन-रक्षक चीजों को आटे की पुनःपूर्ति और अन्य अत्याधिक आवश्यक आपूर्तियों को खरीदने के लिए उपयोग किया गया था ।

नावू में सन्तों के पहुँचने के थोड़े समय के पश्चात, भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ के द्वारा प्रभु ने प्रकट किया कि उस तरह के बपतिस्मा को किया जा सकता है जो मरे हुए पूर्वजों के लिए होगा, जिन्होंने सुसमाचार को नहीं सुना था (देखें सि. और अनु. 124:29–39) । कई सन्तों ने प्रतिज्ञा में महान मत्ती को पाया कि मरे हुए भी शायद उन्हीं की तरह आशीषों को प्राप्त कर सकते हैं जो धरती पर सुसमाचार को स्वीकार किए हुए लोग हैं ।

भविष्यवक्ता ने शिक्षा, अनुबंधों, और आशीषों से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रकटीकरण को भी प्राप्त किया था जिसे अब मंदिर की धर्मविधि कहा जाता है । यह पवित्र धर्मविधि सन्तों को, ''उन आशीषों की पूर्णता को सुरक्षित करने के लिए समर्थ था'' जो उन्हें ''अनन्त संसारों में इलोहिम ... की उपस्थिति में आने और रहने की'' तैयारी को कर सकता था ।[8] इन्डोवमेन्ट को प्राप्त करने के पश्चात, पति और पत्नी अनन्तता के लिए पौरोहित्य की शक्तियों के द्वारा एक साथ मुहरबंद हो सकते थे । जोसफ स्मिथ ने जाना कि धरती पर उनका समय थोड़ा है, इसलिए जब मंदिर

का निर्माण कार्य चल ही रहा था, उन्होंने अपने लाल ईंटों से बने ऊपर के कमरे में चुनिंदा विश्वासपूर्ण अनुसरण करने वालों को इन्डोवमेन्ट देना आरंभ कर दिया था ।

यहाँ तक कि भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ की हत्या के पश्चात, सन्तों ने जाना कि उन्हें शीघ्र ही नावू छोड़ देना चाहिए, उन्होंने मंदिर को पूरा करने की उनकी बचनबद्धता को बढ़ाया था । अपूर्ण मंदिर के अटारी का, बनावट के हिस्से के रूप में समर्पण हुआ था जहाँ पर इन्डोवमेन्ट को देना था । सन्त इस पवित्र धर्मविधि को प्राप्त करने के लिए इतने उतावले थे कि ब्रिग्हम यंग, हीबर सी. किम्बल, और बारह प्रेरितों के अन्य मंदिर में दो दिन और दो रात के लिए रहे थे, रात में लगभग चार घंटे से अधिक न सोते हुए । मर्सी फिल्डिंग थॉमसन को मंदिर के कपड़ों को धोने और प्रेस करने का काम सौंपा गया था, और भोजन पकाने की देखरेख को भी । वह भी मंदिर में रही थी, कभी कभी रातभर, अगले दिन की प्रत्येक चीज को तैयार करने के काम को करते हुए । इसी तरह दूसरे सदस्य भी समर्पित थे ।

इन सन्तों ने इमारत को पूरा करने के लिए इतना कठिन परिश्रम क्यों किया था जिसे वे शीघ्र ही अपने पीछे छोड़ने वाले थे? नावू को छोड़ने से पहले लगभग 6,000 अन्तिम-दिनों के सन्तों ने उनके इन्डोवमेन्ट को प्राप्त किया था । जब उन्होंने पश्चिम के तरफ अपनी यात्रा के लिए देखा था, वे विश्वास के द्वारा थाम लिए गए थे और ज्ञान में सुरक्षित थे कि उनके परिवार अनन्तता के लिए मुहरबंद हुए थे । आँसुओं से दाग लगे चेहरे, अमेरिका के चौड़े मैदानों में एक बच्चा या पति-पत्नी को दफनाने के पश्चात, मंदिर में प्राप्त धर्मविधियों के आश्वासन के कारण अधिकता में दृढ़ थे ।

सहायता संस्था

जब नावू मंदिर का निर्माण हो रहा था, सारा ग्रेंगर किम्बल, हाईरम की पत्नि, शहर के धनवान नागरिकों में से एक, एक दर्जिन को किराये पर रखा जिसका नाम मार्गरेट ए. कूक था । आगे भी प्रभु के कार्य की इच्छा करते हुए, मंदिर पर काम कर रहे पुरूषों के लिए कुर्ते बनाने के लिए कपड़ों का दान किया था, और मार्गरेट सिलाई करने के लिए मान गई थी । उसके कुछ ही समय पश्चात, सारा के कुछ पड़ोसियों ने भी कुर्ते बनवाने की भागीदारी की इच्छा जताई । बहनें किम्बल के बैठके में मिलीं और एक नई संस्था को औपचारिक तौर पर बनाने का निर्णय लिया जिसके संविधान और उपनियमों को लिखने के लिए एलाइजा आर. स्नो को कहा गया था ।

एलाइजा ने भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ को पूरे दस्तावेज प्रस्तुत किया, जिसको घोषित किया गया कि यह उनमें से सबसे बेहतर संविधान था जिसे उन्होंने देखा था । परन्तु उन्होंने स्त्रियों के दिव्यदर्शन को बढ़ाने के प्रभाव को महसूस किया इससे संबंधित कि वे पूरा करने के लिए क्या कर सकती थीं । उन्होंने स्त्रियों से दूसरी सभा में भाग लेने के लिए कहा, जहाँ उन्होंने उन्हें नावू की स्त्रियों की सहायता संस्था को संगठित किया था । इमा स्मिथ, भविष्यवक्ता की पत्नी, संस्था की पहली अध्यक्षा बन गई ।

जोसफ ने बहनों से कहा कि वे ''जिन्हें नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया है, उस माध्यम के द्वारा क्रमानुसार आदेश जो परमेश्वर ने स्थापित किया है, को प्राप्त करेंगी ... और अब मैं तुम्हें परमेश्वर के नाम में कुँजी देता हूँ और यह संस्था आनंद मनाएगी और इस समय से ज्ञान और बुद्धि प्रवाहित होगी ... यह इस संस्था के लिए अच्छे दिनों का आरंभ है ।''[9]

संस्था के अस्तित्व में आने के थोड़े दिनों के पश्चात, समिति ने नावू के सारे गरीबों का दौरा किया, उनकी आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया, और उनकी सहायता के लिए दानों की याचना की । नकद दान, और भोजन और बिछौनों के बेचने से उत्पन्न आय से जरूरतमंद बच्चों के लिए शिक्षा-शुल्क को प्रदान किया था । जिन्हें

आवश्यकता थी, उनकी सहायता के लिए अलसी, ऊन, तागा, तख्ते, साबुन, वर्षीय, टिन के बर्तन, आभूषण, टोकरियाँ, रजाइयाँ, कंबल, प्याज, सेब, आटा, पावरोटी, बिस्कुट, और माँस का दान किया था ।

गरीबों की सहायता करने के अलावा, सहायता संस्था की बहनें एक साथ आराधना करती थीं । एलाइजा आर. स्नो ने बताया थाकि एक सभा में ''लगभग जितनी उपस्थित थीं, सबने खड़े होकर बोला था, और प्रभु की आत्मा ने एक पवित्र धारा की तरह,प्रत्येक हृदय को तरोताजा किया था ।''[10] इन बहनों ने एक दूसरे के लिए प्रार्थना की थी, एक दूसरे के विश्वासों को मजबूत किया था, और आगे भी सियोन की सहायता के लिए उनकी जिन्दगियों और साधनों को पवित्र किया था ।

शहादत

नावू में जब सन्तों के लिए वर्षों ने कई खुशनुमा क्षणों को प्रदान किया था, शीघ्र ही फिर से अत्याचार आरंभ हो गए, जोसफ और हाईरन स्मिथ की हत्या को चरम सीमा पर पहुँचाते हुए । यह एक अंधकार और दुःखपूर्ण समय था जिसे कभी भी नहीं भुलाया जा सकता था । शहादत को सुनकर अपने अनुभवों को अभिलेखित करते हुए, लुइसा बारनेस प्रैट ने लिखा थाः ''वह एक शान्त रात थी, और चान्द पूरी तरह से निकला था । एक मृत्यु की रात प्रतीत होती थी, और उसे रहस्यमय बनाने के लिए प्रत्येक चीज काम कर रही थी । गिरजाघर के मार्गदर्शकों की आवाजें लोगों को एक साथ बुलाते हुए सुनाई दे रही थीं और दूर से आते हुए वह हृदयों पर इस तरह गिर रही थीं जैसे कि एक अंतयेष्टि की हताहत । स्त्रियाँ एक दल में एकत्रित हुईं, रोते और प्रार्थना करते हुए, कुछ कातिलों के लिए भयानक सजा की आशा करती हुईं, अन्य घटना में परमेश्वर के हाथ को स्वीकारती हुईं ।''[11]

लुइसा बारनेस प्रैट की तरह, 27 जून 1844 की घटना को एक टूटे हुए हृदयों के रूप में कई अन्तिम दिनों के सन्तों ने स्मरण रखा है । गिरजाघर के प्रारंभिक दिनों के इतिहास में शहादत अत्याधिक दुःखान्त घटना था । फिर भी, यह अप्रत्याशित नहीं था ।

कम से कम 19 विभिन्न अवसरों पर, 1829 से आरंभ होते हुए, जोसफ स्मिथ ने सन्तों से कहा था कि शायद वह इस जीवन को शान्तिपूर्वक न छोड़ सकें ।[12] जब कि उन्होंने महसूस किया था कि एक दिन उनके शत्रु उनके जीवन को समाप्त कर देंगे, वह नहीं जानते थे कि कब । 1844 में जब वसन्त के समाप्त होने के पश्चात गर्मी आई, गिरजाघर के बाहर और अन्दर के, दोनों शत्रुओं ने जोसफ के विनाश के तरफ कार्य किया । थॉमस शार्प, एक नजदीकी समाचार पत्र के संपादक और हैंकॉक प्रान्त में एण्टी मॉरमन दल के एक नेता, सामाजिक तौर पर भविष्यवक्ता की हत्या को बताया था । नागरिकों के दल, धर्मत्याग किए हुए, और नागरिक-मार्गदर्शकों ने गिरजाघर के भविष्यवक्ता का विनाश करने के द्वारा उसके नाश के लिए सम्मिलित होकर काम किया था ।

इलिनोईस के राज्यपाल, थॉमस फोर्ड ने जोसफ स्मिथ को लिखा था, आग्रह करते हुए कि नगर परिषद् के सदस्य, एक जूरी के समक्ष जो मॉरमन न हो, परीक्षा को खड़ा करेंगे, नागरिकों में अव्यवस्था के कारण का आरोप लगाते हुए । उसने कहा कि सिर्फ इसी तरह की परीक्षा लोगों को सन्तुष्टी देगी । उसने लोगों की संपूर्ण सुरक्षा का वचन दिया, जब कि भविष्यवक्ता ने विश्वास नहीं किया था कि वह इस प्रतिज्ञा को पूरा कर सकेगा । जब यह आया तब कोई और विकल्प नहीं था, भविष्यवक्ता, उनके भाई हाईरम, जॉन टेलर, और अन्यों को उनके अधीन होना पड़ा, पूरी तरह से जानते हुए कि वे किसी भी अपराध के दोषी नहीं थे ।

कार्थेज जेल पर शहादत का दृश्य । फर्श के बीचोबीच लेटे हुए, हाईरम स्मिथ की तत्काल हत्या कर दिया गई थी; नीचे में बाएं के तरफ, जॉन टेलर को कई चोटें लगीं थीं; जोसफ स्मिथ की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जब वे खिड़की के तरफ भागे थे; और विलियम रिचर्ड, अँगिठी के बगल में सही-सलामत बच गए थे ।

जब भविष्यवक्ता ने कार्थेज प्रान्त के स्थान के लिए नावू को छोड़ने की तैयारी की, लगभग 20 मील की दूरी को, वह जानते थे कि वह अपने परिवार और दोस्तों को आखिरी बार देख रहे थे । उन्होंने भविष्यवाणी की थी, ''मैं एक मेमने की तरह बलि होने के लिए जा रहा हूँ, परन्तु मैं गर्मी की एक सुबह की तरह शान्त हूँ ।''[13]

जब भविष्यवक्ता जाने लगे, बी. रोजर्स जिसने जोसफ के खलिहानों में तीन वर्षों से भी अधिक के लिए काम किया था, और दो अन्य लड़कों ने खलिहानों के उस पार की पदयात्रा की और अपने दोस्त और मार्गदर्शक जो वहाँ से जाने वाले थे, रेल के बाड़ों पर बैठ गए । जोसफ ने अपने घोड़े को लड़कों के बगल में रोका और सहायक सेना के लोगों से कहा जो उनके साथ थेः ''सज्जन, यह मेरा खलिहान है और ये मेरे लड़के हैं । वे मुझे पसन्द करते हैं और मैं इन्हें ।'' प्रत्येक लड़के से हाथ मिलाने के पश्चात, वह अपने घोड़े पर सवार हो गए और मृत्यु के साथ पूर्वनिश्चित मिलन के लिए चल पड़े ।[14]

डैन जोन्स, वेल्स के एक धर्मपरिवर्तित, कार्थेज जेल में भविष्यवक्ता के साथ हो लिया । 26 जून 1844 को, अपने जीवन की आखिरी रात, जोसफ ने बन्दूक से गोली चलने की एक आवाज सुनी, बिस्तर को छोड़ दिया, और जोन्स के पास फर्श पर लेट गए । भविष्यवक्ता ने फुसफुसाकर कहा, ''क्या तुम मरने से डरते हो?'' ''मेरे विचार से इस तरह के कारण से जुड़ने के बाद मृत्यु का भय अधिक नहीं रह जाता,'' जोन्स ने जवाब दिया । ''अपनी मृत्यु के पहले, तुम्हें अभी भी वेल्स और तुम्हारे समक्ष नियुक्त मिशन को पूरा होते देखना बाकी है,'' जोसफ ने

भविष्यवाणी की ।[15] आज हजारों अन्तिम-दिनों के विश्वासी सन्त गिरजाघर की आशीषों को प्राप्त कर रहे है क्योंकि बाद में वेल्स के लिए डैन जोन्स ने एक सम्मानजनक और सफल प्रचार कार्य को किया था ।

27 जून 1844 की दोपहर में पाँच बजने के कुछ ही देर पश्चात, लगभग 200 पुरूषों की एक भीड़ ने कार्थेज जेल पर हमला बोल दिया जिन्होंने अपने चेहरों को रंग रखा था, गोली चलाई और जोसफ और उनके भाई हाईरम को मार दिया, और जॉन टेलर को गंभीर रूप से घायल कर दिया । केवल विलर्ड रिचर्ड ही सुरक्षित बच गया था । इस चिल्लाहट को सुनकर कि ''मॉरमन आ रहे हैं,'' भीड़ भाग गई, जैसा कि कार्थेज के अधिकतर निवासियों द्वारा किया गया था । विलर्ड रिचर्ड ने घायल जॉन टेलर की देखभाल की, दोनों पुरूष अपने मारे गए मार्गदर्शकों पर शोक मनाते हुए । हाईरम का शरीर जेल के अन्दर था, जबकि जोसफ जो खिड़की से गिर गए थे, बाहर कुएं के बगल में पड़े हुए थे ।

घटनास्थल पर आने वाले अन्तिम-दिनों के सन्तों में से प्रथम, मरे हुए शहीदों का भाई सेमुएल था । उसने और अन्यों ने विलियर्ड रिचर्ड्स को, नावू में वापस शरीरों को लाने की लम्बी, दुःखपूर्ण यात्रा की तैयारी में सहायता की थी ।

इसी बीच, वॉरसो, इलिनोईस में, जेम्स काऊले परिवार, जो कि गिरजाघर के सदस्य थे, ने अपने रात्रि भोज की तैयारी की । चौदह वर्षीय मथियास ने नगर में कुछ असामान्य उत्तेजित बातों को सुना और एक एकत्रित भीड़ में सम्मिलित हो गया । मुख्य प्रवक्ता ने युवा काऊले को देखा और उसे अपनी माँ के पास जाने की आज्ञा दी । लड़के जो गिरजाघर के सदस्य नहीं थे, अनाप-सनाप चीजों के साथ उसका पीछा करते हुए उसपर झपटे, इससे पहले वह पड़ोसी के अहाते में भागने के द्वारा बच गया ।

विश्वास करते हुए कि अब सब कुछ ठीक हो गया. एक बाल्टी पानी लेने के लिए मथियास नदी के तरफ चल पड़ा । भीड़ के सदस्यों ने उसे पकड़ लिया और एक पियक्कड़ दर्जी को उसे नदी में फेकने के लिए भुगतान किया । जब मथियास का पानी में डुबना बंद हो गया तब दर्जी ने पीछे से उसकी गर्दन को पकड़कर कहा, ''तुम छोटे मॉरमन, मैं तुम्हें डुबा दूँगा ।'' मथियास ने कहा, ''मैंने उससे पूछा कि वह मुझे क्यों डुबाना चाहता है, और यदि मैंने उसे कभी भी कोई नुकसान पहुँचाया हो? उसने कहा, नहीं, 'मैं तुम्हें नहीं डुबाउँगा ... तुम एक अच्छे लड़के हो, तुम घर जा सकते हो ।' '' उस रात भीड़ कर्मियों ने काउले के घर को आग लगाने का तीन बार असफल प्रयास किया था, परन्तु विश्वास और प्रार्थना के द्वारा परिवार बचा लिया गया था ।[16] मथियास काऊले बड़ा हुआ और गिरजाघर में विश्वासी रहा; उसके बेटे मथियास और पोते मैथ्यु ने बाद में बारह प्रेरितों की परिषद् की सेवा की ।

इलिनोईस के राज्यपाल थॉमस फोर्ड ने शहादत के लिए लिखा थाः ''स्मिथ भाइयों की हत्या, इसे खत्म करने की बजाय ... मॉरमन लोगों ने फैलाया, कई लोगों ने इसपर विश्वास किया, केवल उन्हें हमेशा से भी अधिक एकता में बाँधने के लिए, उनके विश्वास में नये भरोसे को दिया ।''[17] फोर्ड ने यह भी लिखा, ''किसी ने पॉल जैसे आदमी का, कोई उत्कृष्ट वक्ता जो अपनी वाक्पटुता के द्वारा हजारों की भीड़ को वश में करने में समर्थ हो ... (मॉरमन गिरजाघर) में नई सांस फूकने में सहोल हो सकता है और शहीद जोसफ के नाम का ढंका बजा सकता है ... लोगों की आत्माओं को ऊँचा और तेज करते हुए ।'' फोर्ड इस डर के साथ जीता रहा कि यह होगा और उसके स्वयं का नाम, पीलेट और हेरोद के नाम की तरह, इतिहास में सदैव के लिए कलंकित हो जाएगा ।'' फोर्ड का डर सच हो गया ।

अध्यक्ष जॉन टेलर के घाव ठीक हो गए और बाद में मारे गए मार्गदर्शकों के लिए एक श्रद्धांजलि को लिखा था जो अब सिद्धांत और अनुबंध का 135वां खण्ड है । उसने कहा कि यीशु मसीह के अलावा, केवल जोसफ स्मिथ, प्रभु के भविष्यवक्ता और दूरदर्शी ने लोगों के उद्धार के लिए किसी भी व्यक्ति से बहुत अधिक किया था जो इस संसार

में जिये थे । वह महानता में जिया था और परमेश्वर और उसके लोगों की आँखों में महानता में ही मर गया । प्राचीन समय में अधिकतर प्रभु के नियुक्त लोगों की तरह, उसने अपने प्रचार और उसके कार्य को अपने स्वयं के खून से अनुबंधित किया था, और इसी तरह उसके भाई हाईरम ने भी किया था । जीवन जिसमें वे अलग नहीं हुए थे, और मृत्यु में भी वे अलग नहीं हुए थे । वे महिमा के लिए जिये थे, वे महिमा के लिए मर गए थे, और महिमा ही उनका अनन्त पुरस्कार था । (देखें सि. और अनु. 135:3, 6) ।

अध्यक्षता में अनुक्रमण

जब भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ और हाईरम स्मिथ को कार्थेज जेल में कत्ल कर दिया गया था, बारह की परिषद् और गिरजाघर के मार्गदर्शकों में से कई प्रचार कार्य पर गए हुए थे और नावू से अनुपस्थित थे । मृत्यु के बारे में इन लोगों के जानने से पहले कई दिन बीत गए थे । जब ब्रिग्हम यंग ने समाचार को सुना, वह जानता था कि अब भी पौरोहित्य नेतृत्व की कुँजियाँ गिरजाघर के साथ थी, क्योंकि इन कुँजियों को बारह की परिषद् को दे दिया गया था । फिर भी, गिरजाघर के सारे सदस्य नहीं समझ सके थे कि प्रभु के एक भविष्यवक्ता, दूरदर्शी, और प्रकटीकरणकर्ता के रूप में कौन जोसफ स्मिथ की जगह ले सकता था ।

सिडनी रिग्डन, प्रथम अध्यक्षता में प्रथम सलाहकार, 3 अगस्त 1844 को पीट्सबर्ग, पेन्सिलवेनिया से पहुँचा था । इस समय से एक वर्ष पहले, उसने भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ के सलाहकार के विपरित एक दिशा को लेना आरंभ कर दिया था और गिरजाघर से विमुख हो गया था । पहले से नावू में रह रहे बारह में से तीन सदस्यों से उसने मिलने से मना कर दिया और उसकी बजाय सन्तों के एक बड़े दल के लिए बोला जो रविवार की आराधना सेवा के लिए एकत्रित हुए थे । उसने उन्हें एक दिव्यदर्शन को बताया जो उसे प्राप्त हुआ था जिसमें उसने जाना कि कोई भी जोसफ स्मिथ की जगह नहीं ले सकता । उसने कहा कि गिरजाघर के लिए एक संरक्षक को नियुक्त करना चाहिए और कि वह संरक्षक सिडनी रिग्डन को होना चाहिए । कुछ सन्तों ने उसका समर्थन किया था ।

ब्रिग्हम यंग, बारह प्रेरितों की परिषद् के अध्यक्ष, 6 अगस्त 1844 तक नावू वापस नहीं आ पाए थे । उन्होंने घोषणा की थी क वह सिर्फ यह जानना चाहते थे कि गिरजाघर का नेतृत्व किसे करना चाहिए के बारे में ''परमेश्वर क्या कहता है'' ।[19] 8 अगस्त 1844, बृहस्पतिवार को बारहों ने एक सभा को बुलाया था । सुबह के अधिवेशन में, सिडनी रिग्डन एक घंटे से भी अधिक समय के लिए बोला था । अपनी स्थिति के लिए कुछ संलग्नों को वह जीता था ।

तब ब्रिग्हम यंग संक्षिप्त में बोले थे, सन्तों के हृदयों को सांत्वना देते हुए । जब ब्रिग्हम बोल रहे थे, जोर्ज क्यु. कैनन ने स्मरण किया था, ''यह आवाज स्वयं जोसफ की थी,'' और ''लोगों की आँखों में ऐसा प्रतित हुआ था कि जो व्यक्ति उनके सामने खड़ा है वह यर्थाथ में जोसफ था ।''[20] विलियम सी. स्टेन्स ने गवाही दी थी कि ब्रिग्हम यंग बिल्कुल भविष्यवक्ता जोसफ की आवाज में बोले थे । ''मैंने सोचा कि यह वही थे,'' स्टेन्स ने कहा था, ''और ऐसा ही उन हजारों ने सोचा जो सुन रहे थे ।''[21] विलफर्ड वुडरफ ने भी उस अद्भूत क्षण को याद दिलाया था और लिखा था, ''यदि मैंने उन्हें अपने स्वयं की आँखों से नहीं देखा होता, कोई भी ऐसा नहीं है जो मुझे समझा सकता था कि वह जोसफ स्मिथ नहीं थे, और कोई भी इसकी गवाही दे सकता है जो इन दोनों पुरूषों को जानता था ।''[22] इस चमत्कारिक अभिव्यक्ति, कई लोगों के द्वारा देखी गई, सन्तों के लिए स्पष्ट किया कि प्रभु ने गिरजाघर के मार्गदर्शक के रूप में, जोसफ स्मिथ के उत्तराधिकारी के लिए ब्रिग्हम यंग को चुना था ।

दोपहर के अधिवेशन में, ब्रिग्हम यंग फिर से बोले थे, गवाही देते हुए कि भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने सारे संसार में परमेश्वर के राज्य की कुँजियों को रखने के लिए प्रेरितों को नियुक्त किया था । उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि जो बारह का अनुसरण नहीं करते हैं, वे समृद्ध नहीं होंगे और कि परमेश्वर के राज्य का निर्माण करने में केवल प्रेरित ही विजयी होंगे ।

अपने वार्ता के पश्चात, अध्यक्ष यंग ने सिडनी रिग्डन से बोलने के लिए कहा था, परन्तु उसने नहीं बोलना चुना था । विलियम डबल्यु. फेल्प और पारले पी. प्रैट के टिप्पणियों के पश्चात ब्रिग्हम यंग फिर से बोले थे । वे नावू मंदिर को पूरा करने के लिए और धर्मशास्त्र के महत्व के लिए बोले थे, उजाड़ स्थान में जाने के पहले इंडोवमेन्ट को प्राप्त करते हुए । उन्होंने जोसफ स्मिथ के लिए अपने प्रेम और भविष्यवक्ता के परिवार प्रति अपने स्नेह को बताया था । तब सन्तों ने बारह प्रेरितों को गिरजाघर का अध्यक्ष होने के रूप में उनके समर्थन में सर्वसम्मति से मत किया था ।

जब कि गिरजाघर की अध्यक्षता के हक के लिए कुछ अन्य दावा कर सकते थे, अधिकतर अन्तिम-दिनों के सन्तों के लिए उत्तराधिकारी का संकट खत्म हो गया था । ब्रिग्हम यंग, बड़े प्रेरित और बारह की परिषद् के अध्यक्ष, वह पुरूष थे जिन्हें लोगों के नेतृत्व के लिए परमेश्वर ने चुना था, और लोग उन्हें बनाए रखने के लिए संयुक्त हुए थे ।



उपद्रवी हिंसा द्वारा सन्तों को अपना प्रिय नावू शहर छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था ।

प्रत्येक कदम में विश्वास

नावू छोड़ने की तैयारी करना

गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने कम से कम 1834 तक सन्तों को रॉकी पर्वत के पश्चिम के तरफ ले जाने के बारे में बातचीत की थी, जहाँ वे शान्ति से रह सकते थे । जैसे जैसे वर्ष बीतते गए, मार्गदर्शकों ने वास्तविक दृश्यों और अन्वेषकों के साथ चर्चा की और स्थाई होने के सही स्थान को खोजने के लिए मानचित्रों का अध्ययन किया । 1845 के अंत तक, गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने पश्चिम में उपलब्ध सबसे अच्छे स्थान की जानकारी को इकट्ठा कर लिया था ।

जैसे ही नावू में अत्याचार बढ़ा था, यह स्पष्ट हो गया था कि सन्तों को जाना पड़ेगा । नवंबर 1845 तक, नावू, तैयारी की गतिविधियों के साथ हड़बड़ी में था । सन्तों के निर्गमन के लिए सौ, पचास, और दस के दलों के लिए कप्तानों को बुलाया गया था । 100 के प्रत्येक दल ने एक या अधिक चौपहिया दुकानों को स्थापित किया था । छकड़ा बनाने वाले, बढ़ई, और अलमारी बनाने वालों ने देर रात तक लकड़ियों को ठीक-ठाक करके चौपहिया गाड़ियों के निर्माण में लगे रहे । लोहे खरीदने के लिए सदस्यों को पूर्व में भेजा गया, और यात्रा के लिए आवश्यक सामग्रियों और नये सियोन के उपनिवेश के लिए आवश्यक खलिहान के औजारों को लोहारों ने बनाया था । परिवारों ने खाद्य पदार्थों और घरेलू चीजों को इकट्ठा किया और भण्डार के बर्तनों को सुखे फलों, चावल, आटा, और दवाइयों से भर लिया था । समान भलाई के लिए एक साथ काम करते हुए, सन्तों ने एकदम कम समय में काम समाप्त किया था जो कि असंभव दिखाई देता था ।

जाड़े की एक लम्बी यात्रा की परीक्षा

अप्रैल 1846 में नावू के परित्याग की मूलतः योजना हुई थी । परन्तु धमकियों के परिणाम स्वरूप कि राज्य की सहायक सेना ने, सन्तों को पश्चिम में जाने से बचाने को ठान लिया था, 2 फरवरी 1846 को जल्दबाजी में बारह प्रेरित और अन्य प्रमुख नागरिक परिषद् में मिले । वे इस बात पर सहमत हुए कि पश्चिम के लिए तुरन्त यात्रा को आरंभ करना अत्यावश्यक था, और 4 फरवरी को निर्गमन आरंभ हुआ । ब्रिग्हम यंग के निर्देश में, सन्तों के पहले दल ने उत्सुकतापूर्वक अपनी यात्रा को आरंभ किया । फिर भी, उस उत्सुकता ने एक बड़ी परीक्षा का सामना किया था, क्योंकि अभी कई मीलों की यात्रा करनी थी इससे पहले कि स्थाई शिविर उन्हें आखिर के ठंडे मौसम और एक आपत्तिजनक बरसाती हवा से राहत दे सके ।

उनके प्रति अत्याचार करने वालों से सुरक्षित होने के लिए, हजारों सन्तों को पहले चौड़ी मिसीसिप्पी नदी को, आईओवा क्षेत्र को जाने के लिए पार करना था । उनकी यात्रा का संकट तब आरंभ हुआ जब एक बैल ने मारकर उस नाव में छेद कर दिया जिसमें कई सन्त सवार थे और नाव डुब गई । एक प्रेक्षक ने अभागे यात्रियों को देखा जो पंखों से बने बिस्तर पर, लकड़ी की छड़ियों पर लटक रहे थे, ''काठ-कबाड़ या कोई भी चीज जो उन्हें मिला था,

उसे पकड़ लिया और वे ठंडी और निष्ठुर लहरों की दया पर उछाले और कुदाये गए थे ... कुछ गाड़ियों के ऊपर कूद कर चढ़ गए जो अधिक नहीं डुबा था और सुविधाजनक स्थिति में थे जब गाय और बैल जो सवार थे, उन्हें उस किनारे पर तैरते हुए दिखाई दिए जहाँ से वे आए थे ।''[1] अन्त में सारे लोगों को नाव पर खींचा गया और दूसरे किनारे पर लाया गया ।

पहली बार पार करने के दो सप्ताह के पश्चात, नदी कुछ समय के लिए जम गई थी । यद्यपि बर्फ फिसलने वाला था, उसने चौपहिया गाड़ियों और दलों को सहारा दिया और पार करने को आसान बना दिया । परन्तु ठंडे मौसम के कारण सन्तों को बहुत कष्ट सहन करना पड़ा जब वे पैरों को घसीटते हुए बर्फ से होकर गए थे । नदी के दूसरी तरफ सुगर क्रीक के पड़ाव में, नियमित रूप से बह रही एक हवा बर्फ को उड़ा लाई जो लगभग आठ इंच की गहराई तक गिरी थी । तब पिघलने के कारण जमीन कीचड़ कीचड़ हो गई थी । आस-पास, ऊपर, नीचे, तत्वों ने मिलजुलकर 2,000 सन्तों के लिए एक दयनीय वातावरण को बना दिया था, जो सिमटकर तम्बुओं, चौपहिया गाड़ियों, और जल्दीबाजी में खड़े किए गए आश्रय में थे जब वे आगे की यात्रा जारी करने की आज्ञा का इंतजार कर रहे थे ।

आईओवा से होकर जाने की प्रारंभिक अवस्था, यात्रा का सबसे कठिन भाग था । होसिया स्टाउट ने अभिलेखित किया था कि उसने ''बिस्तर के कपड़ों से बने हुए एक अस्थाई तम्बु को खड़े करने के द्वारा रात के लिए बनाया था । इस समय मेरी पत्नी बैठ पाने में बड़ी मुश्किल से समर्थ हो पाती थी और मेरा बेटा अत्याधिक तेज बुखार से पीड़ित था और यहाँ तक कि किसी भी चीज पर ध्यान नहीं था कि क्या हो रहा था ।''[2] अन्य कई सन्तों ने भी बहुत कष्ट सहन किए थे ।

सब ठीक है

इन सन्तों के विश्वास, साहस, और संकल्प ने इन्हें जाड़ा, भूख, और अपने प्यारों की मृत्यु से उबारा था । विलियम क्लेटॉन उन पहले दलों में से था जिन्हें नावू छोड़ने के लिए बुलाया गया था और उसने पत्नी, डियान्था को उसके माता-पिता के साथ तब छोड़ा था जब उसके पहले बच्चे को जन्म देने में सिर्फ एक महीना रह गया था । कीचड़ भरी सड़कों से घसीटना और ठंडे तम्बुओं में रहने के कारण उसकी नसें पतली हो जातीं थी जब वह डियान्था के तन्दुरूस्ती के बारे में परेशान होता था । दो महीने बाद भी, उसे पता नहीं था कि उसने बच्चे को सुरक्षित जन्म दिया है या नहीं परन्तु अन्त में प्रसन्नतापूर्वक शब्द को प्राप्त किया था कि एक ''ठीक-ठाक मोटे लड़के'' ने जन्म लिया है । लगभग उसी समय जब उसने इस समाचार को सुना था, विलियम नीचे बैठ गया और एक गीत को लिखा था जिसका उसके लिए कोई विशेष मतलब नहीं था परन्तु पीढ़ियों तक के लिए, गिरजाघर के सदस्यों के लिए एक प्रेरणा और आभार का भजन बन सकता था । गीत था ''आओ, आओ, तुम सन्तों,'' और प्रसिद्ध पंक्तियों ने उसके और हजारों सन्तों के विश्वास को व्यक्त किया था जिन्होंने कठिनाइयों के मध्य में गाया थाः सब ठीक है! सब ठीक है![3] उन्होंने, उन सदस्यों की तरह जिन्होंने उनका अनुसरण किया था, प्रसन्नता और शान्ति को पाया था जो कि परमेश्वर के राज्य में बलिदान और आज्ञाकारिता का इनाम था ।

विन्टर क्वाटर्स

नावू से पश्चिमी आईओवा में बसने के लिए, सन्तों को 310 मील की यात्रा के लिए 131 दिन लगे थे जहाँ वे 1846–47 की जाड़े को बिता सके थे और रॉकी पर्वत के लिए अपनी लम्बी यात्रा की तैयारी की थी । उनके

अनुभव ने उन्हें यात्रा के बारे में कई चीजों की शिक्षा दी थी जिससे उन्हें बड़े अमेरिकन समतल भूमि को शीघ्र ही पार करने की 1,000 मील की यात्रा में उनकी सहायता हो सकती थी, जिसे आने वाले वर्ष में लगभग 111 दिनों में किया गया था ।

बसने वाले सन्तों में से कुछ लोग मिसुरी नदी के दोनों तरफ फैल गए थे । सबसे बड़ी बस्ती, विन्टर क्वाटर्स, नेब्रास्का में पश्चिम के तरफ थी । शीघ्र ही यह 3,500 के लगभग गिरजाघर के सदस्यों का घर बन गया था, जो लट्ठे के घरों में और रेत और मिट्टी की भूगर्भ कोठरियों में रहते थे । 2,500 के लगभग सन्त उसके आस-पास रहते थे जिसे केन्सवीले कहा जाता था जो कि मिसुरी नदी पर आइओवा के तरफ था । इस तरह की बस्ती के जीवन अधिकतर चुनौतीपूर्ण थे जैसे कि इन की परीक्षा ली जा रही हो । गर्मी में उन्होंने मलेरिया के बुखार को सहा था । जब जाड़ा आया और ताजा भोजन उपलब्ध नहीं होता था, उन्होंने हैजा की महामारियों को, स्कर्वी (चर्म रोग), दाँतों के दर्द, रतौंधी, और भयानक अतिसार को सहा था । सैकड़ों लोग मर गए थे ।

तब भी जीवन चल रहा था । मैरी रिचर्ड के अनुसार जिसका पति सेमुएल स्कॉटलैंड के मिशन पर था, औरतें अपने दिनों को सफाई करके, कपड़ों को प्रेस करके, धोकर, रजाई बनाकर, पत्र लिखकर, भोजन के लिए उनकी कुछ व्यवस्था की तैयारी करके, और अपने परिवारों को देखभाल करके बिताती थीं । उसने प्रसन्नतापूर्वक विन्टर क्वाटर्स पर सन्तों के आने और जाने को अभिलेखित किया था, उस तरह की गतिविधियों को सम्मिलित करते हुए जैसे कि धर्मविज्ञान पर चर्चा, नृत्य, गिरजाघर सभाएं, प्रीतिभोज, और सीमा पर धर्मजागरण ।

पुरूष एक साथ काम करते थे और अक्सर यात्रा की योजना और सन्तों को बसाने के भविष्य के दृश्य पर चर्चा करने के लिए मिलते थे । शिविर के परिसर पर स्थित प्रेरी पर जो झुण्ड खाने आते थे उनकी देखभाल में उन्होंने सदैव सहयोग दिया था । अक्सर थकान और बीमारी को सहन करते हुए उन्होंने खलिहानों में काम किया था, व्यवस्था के परिधि की रखवाली की थी, आटा-चक्की की निर्माण किया था और उसे चलाया था, और यात्रा के लिए चौपहिया गाड़ियों को तैयार किया था । उनके कुछ कार्य प्रेम के प्रति अस्वार्थपूर्ण होते थे जब वे खलिहानों को बनाते थे और फसलों का रोपण करते थे, उन सन्तों के द्वारा कटनी के लिए जो उनका अनुसरण कर सकते थे ।

(लोरेन्जो) यंग के बेटे जॉन ने विन्टर क्वाटर्स को ''अमेरिका के क्रांतिकारी युद्ध में मॉरमन के लिए महत्वपूर्ण घटनाओं का दृश्य'' बताया था । वहाँ के कब्रीस्तान के पास वह रहता था और ''दुःखपूर्ण दफनाने की प्रक्रिया को'' जो अक्सर हमारे दरवाजों के पास से होकर गुजरती थी, का साक्षी था । उसने याद दिलाया थाः ''कितने गरीब और समानता में'' उसके परिवार के भुट्टे के रोटी, नमक, सूअर का मांस, और थोड़ा से दूध की तरह दिखाई देता था । उसने कहा दलिया और सुअर का मांस इतना बदजायका बन गया था कि खाना, दवाई खाने की तरह लगता था और निगलने में उसे बहुत कठिनाई होती थी ।[4] इस तकलीफदेह समय से बाहर केवल सन्तों के विश्वास और समर्पण ने बाहर निकाला था ।

मॉरमन बटैलियन

जब सन्त आइवोआ में थे, संयुक्त राज्य थलसेना के भरती अधिकारियों ने गिरजाघर के मार्गदर्शकों से, मैक्सिकन युद्ध में सेवा के लिए पुरूषों के एक सैन्य-दल को उपलब्ध कराने के लिए पूछा था, जिसका आरंभ मई 1846 में हुआ था । पुरूष, जिन्हें मॉरमन बटैलियन कहा जाता था, उन्हें राज्य के दक्षिणी हिस्से से उस पार कैलिफोर्निया तक मार्च करना होता था और वेतन, कपड़े, और रसद को प्राप्त कर सकते थे । ब्रिग्हम यंग ने पुरूषों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया, पैसे इकट्ठा करने के एक तरीके के रूप में, नावू से गरीबों को एकत्रित करने

के लिए और प्रत्येक सिपाही के परिवार की सहायता के लिए । इस प्रयत्न में सरकार के साथ सहयोग देना, गिरजाघर के सदस्यों की उनके देश के प्रति निष्ठा को भी व्यक्त कर सकता था और उन्हें एक न्यायसंगत कारण दे सकता कि वे अस्थाई रूप से सार्वजनिक और अमेरिकी आदिवासियों के जमीनों पर शिविर बना सकें । आखिर में, 541 पुरूषों ने अपने मार्गदर्शकों की सलाह को स्वीकार किया और बटैलियन से जुड़ गए । 33 स्त्रियाँ और 42 बच्चे उनके साथ हो लिए थे ।

एक कठिन समय में अपनी पत्नियों और बच्चों को अकेले छोड़ने के दुःख के द्वारा बटैलियन के सदस्यों के लिए युद्ध पर जाने की अग्निपरीक्षा को संयोजित किया था । विलियन हिडे ने विचार किया थाः

''इस कठिन समय में अपने परिवार को छोड़ने का विचार ऐसा है जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता । वे उनके जन्मस्थान से दूर थे जो एकान्त प्रेरी पर बसा हुआ जहाँ पर कोई निवासस्थान नहीं परन्तु एक चौपहिया गाड़ी थी, झुलसाने वाला सूरज उनके ऊपर पड़ रहा था, और उस उजाड़, नीरस स्थान में उन्हें खोजते हुए दिसंबर की ठंडी हवा के आसार के साथ ।

''मेरा परिवार एक पत्नी और दो छोटे बच्चों से बना था, जिन्हें एक उम्रदराज पिता और माता और एक भाई के साथ समूह में छोड़ा गया था । बटैलियन में से अधिकतर लोगों ने अपने परिवारों को छोड़ा था ... उनके साथ हम फिर कब मिल सकते थे, केवल परमेश्वर ही जानता था । तिस पर भी, हमने बड़बड़ाना उचित नहीं समझा ।''[5]

भोजन और पानी की कमी, अपर्याप्त आराम और चिकित्सा देखरेख को सहन करते हुए, और मार्च की गति को तेज करते हुए, बटैलियन ने कैलिफोर्निया के दक्षिणी पश्चिम के लिए 2,030 मील की दूरी पैदल चले, उन्होंने आधिपत्य-सेना की टोली के रूप में सैन डिएगो, सैन लुइस रे, और लॉस एंजेल्स में सेवा की थी । उनके भरती होने के वर्ष के अन्त में, उन्हें सेवामुक्त कर दिया गया और उनके परिवारों के साथ फिर से जुड़ने की अनुमति दी गई । संयुक्त राज्य सरकार के प्रति उनकी मेहनत और निष्ठा, उन लोगों के लिए सम्मान लाया जिन्होंने उनका नेतृत्व किया था ।

उनके सेवामुक्त के पश्चात, बटैलियन के कई सदस्य एक सुअवसर प्राप्त कर काम करने के लिए कैलिफोर्निया में रूक गए । उनमे से कई लोगों ने अमेरिकन नदी के उत्तर के तरफ अपने रास्ते को खोजा और जॉन सट्टर के आरा मशीन पर काम किया जब वहाँ पर 1848 में सोने की खोज हुई थी, प्रसिद्ध कैलिफोर्निया के सोने की भीड़ के अन्धाधुंध को जल्दी उत्पन्न करते हुए । परन्तु अन्तिम दिन के संत भाई कैलिफोर्निया में, सुअवसर के इस मौके के पूँजीकरण के लिए नहीं रूके थे । उनके हृदय, अमेरिकन समतल भूमि के पार पश्चिम के तरफ रॉकी पर्वत पर उनके भाइयों और बहनों के साथ था जहाँ वे संघर्ष कर रहे थे । उनमें से एक, जेम्स एस. ब्राउन ने समझाया थाः

''तब से मैंने धरती का वैसा संपन्न भाग कभी नहीं देखा; न ही मैं इसके लिए पछताता हूँ, क्योंकि मेरा सोने से बढ़कर एक उच्च उद्देश्य रहा है .... कुछ सोचते थे कि हम अपनी रुचियों में अन्धे थे; परन्तु चालीस से अधिक वर्षों के पश्चात हम बिना पछतावे के पीछे देखते हैं,यद्यपि हमने भूमि में समृद्धि को देखा था, और रहने के लिए बहुत से प्रलोभन थे । लोगों ने कहा था, यहां बैडरोक पर सोना है, पहाड़ियों पर सोना है, छोटी धाराओं में सोना है, सोना हर जगह है, ... और जल्दी ही तुम एक आजाद भाग्य बना सकते हो । हम वह सब अनुभव कर सकते थे । कर्तव्य अभी भी बुलाता था, हमारा सम्मान दांव पर लगा था, हमने एक दूसरे से अनुबंध किया था, एक सिद्धान्त सम्मिलित था; हमारे साथ परमेश्वर और उसका राज्य पहले था । विरान भूमि में, हाँ, एक अपरिक्षित, सुनसान भूमि में हमारे मित्र और संबंधी थे, और कौन उनकी परिस्थिति को जानता था? हम नहीं जानते थे । इसलिए आनन्द से पहले, धन से पहले यह हमारा कर्तव्य था,और इस प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़े ।''[6] ये बन्धु स्पष्ट रुप से जानते थे

कि परमेश्वर का राज्य इस दुनिया की भौतिक वस्तुओं से सर्वाधिक मूल्यवान था और उसके अनुसार अपनी यात्रा को चुना था ।

ब्रूकलीन के सन्त

जिस समय अधिकतर सन्त स्थल मार्ग से गुजरते हुए नावू से रॉकी पर्वत पर जा रहे थे, पूर्वी संयुक्त राज्य से सन्तों का एक समूह समुद्र के रास्ते से यात्रा कर रहा था । 4 फरवरी 1846 को, 70 पुरुष, 68 स्त्रियां, और 100 बच्चे *ब्रूकलीन* जहाज में सवार हो गए और न्यूयार्क बन्दरगाह से 17,000 मील दूर कैलिफोर्निया तक जल यात्रा की थी । उनकी समुद्री यात्रा के दौरान दो बच्चे पैदा हुए थे, एक का नाम अटलांटिक रखा गया और दूसरे का पैसीफिक, और 12 लोग मर गए थे ।

छः महीने की यात्रा बहुत ही कठिन थी । यात्री उष्णकटिबंधी गर्मी में बहुत भीड़-भाड़ में थे, और उन्हें सिर्फ गन्दा खाना और पानी ही मिला था । केप हॉर्न का चक्कर लगाने के बाद, वे पाँच दिन का आराम करने के लिए जुआन फर्नान्डिज द्वीप पर रुके । कैरोलिन अगस्ता पर्कीन्स ने याद किया कि ''कठोर भूमि का दृश्य और उसपर चलना एक बार फिर जहाजी जीवन से इतना आरामदायक था कि हमने आभार के साथ इसे अनुभव किया और इसका आनन्द उठाया ।'' उन्होंने साफ पानी में स्नान किया और कपड़े धोये, फल और आलू इकट्ठे किये, मछली और ईल पकड़ी, और द्वीप पर भ्रमण करते हुए ''रोबिनसन क्रूसो गुफा को भी ढूंढा ।''[7]

31 जुलाई 1846 को, भीष्ण तुफानों, धीरे धीरे कम होते भोजन, और लम्बी समुद्री यात्रा के थपेड़े खाने के पश्चात, वे लोग सैन फ्रान्सीस्को पहुँचे । कुछ लोगों ने वहां रुककर एक बस्ती बसायी और उसका नाम न्यू होप रखा, जबकि अन्य ग्रेट बासिन में सन्तों के साथ जुड़ने के लिए पहाड़ों के ऊपर से पूर्व की ओर यात्रा की थी ।

एकत्रित होना जारी रहा

अमेरिका के सारे भागों से और बहुत से अन्य राष्ट्रों से, कई प्रकार के वाहनों द्वारा, घोड़ों पर या पैदल, विश्वासी धर्मपरिवर्तितों ने अपने घरों को और जन्म भूमियों को छोड़ कर सन्तों के साथ हो लिये और रॉकी पर्वतों की ओर एक लम्बी यात्रा आरंभ की ।

जनवरी 1847 में, अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग ने इस्राएल के शिविर के बारे में प्रभु के प्रेरित ''वचनों और इच्छा को प्रकाशित किया था''(देखें सि. और अनु. 136:1), जो पश्चिम की ओर जाने वाले पथप्रदर्शकों के ऊपर शासन करने का एक संविधान बन गया था । समूह संगठित किये गए और अपने बीच विधवाओं और अनाथों की देख रेख के लिए कहा गया था । अन्य लोगों के साथ संबंध बुराई, लालच, और वाद-विवाद से मुक्त की गई थी । लोग बहुत ही खुश थे और संगीत, प्रार्थना, और नृत्य में अपने आभार को व्यक्त किया था । अध्यक्ष यंग के द्वारा, प्रभु ने सन्तों को कहा था कि ''अपने रास्ते जाओ और वैसा ही करो जैसा उसने उनसे कहा था, और अपने शत्रुओं से डरना नहीं'' (देखें सि. और अनु. 136:17) ।

जब पहला पथप्रदर्शक समूह विन्टर क्वाटर्स छोड़ने के लिए तैयार था, पारले पी. प्रैट इंग्लैंड मिशन से वापस आ गए थे और खबर दी कि जॉन टेलर अंग्रेजी सन्तों से एक उपहार के साथ उनके पीछे-पीछे आ रहे हैं । अगले दिन भाई टेलर इन सदस्यों द्वारा यात्रियों की सहायता के लिए भेजे गए दसमांश के साथ पहुँचे । वह साथ में वैज्ञानिक यंत्र भी लाए थे जो पथप्रदर्शकों की यात्रा का मार्गदर्शन करने और उनके आस-पास की जगहों के बारे में जानने में उनकी सहायता के लिए बहुमूल्य साबित हुआ । 15 अप्रैल 1847 को ब्रिग्हम यंग द्वारा, मार्गदर्शित पहला समूह आगे

बढ़ा । अगले दो दशक बाद, लगभग 62,000 सन्त सियोन में इकट्ठे होने के लिए बैल गाड़ियों और हाथ गाड़ियों में हरे मैदानों के पार उनके पीछे हो लिये थे ।

सुंदर दृश्यों के साथ-साथ कठिनाइयां भी इन यात्रियों का उनकी यात्रा में इन्तजार कर रही थीं । जोसफ मोएनर ने सॉल्ट लेक खाड़ी तक पहुँचने में ''एक कठिन समय'' को याद दिलाया था । परन्तु जिन चीजों को उसने देखा था, उन्हें पहले कभी नहीं देखा था — भैंसो के बड़े झुन्ड और पहाड़ियों पर बड़े-बड़े देवदार के वृक्ष ।[8] अन्यों ने विशाल फैलाव के सूरजमुखी फूलों को खिलते देखना याद किया था ।

सन्तों को विश्वास-प्रेरित कठिनाइयां भी हुई थी जिसने उनके शरीरों से शारीरिक बोझ को हल्का किया था । एक लम्बे दिन की यात्रा और आग पर खाना बनाने के पश्चात, पुरुष और स्त्रियां दिन की गतिविधियों की चर्चा करने के लिए समूहों में इकट्ठा होते थे । वे सुसमाचार नियमों के बारे में बात करते, गाना गाते, नाचते, और एक साथ प्रार्थना करते थे ।

सन्तों में मौत का दौर चलता रहा जैसे जैसे वे पश्चिम की ओर जा रहे थे । 23 जून 1850 को क्रैन्डल परिवार की संख्या पन्द्रह थी । सप्ताह के अन्त तक सात हैजा महामारी से मर गए थे । और अगले कुछ ही दिनों में परिवार के पाँच और सदस्य भी मर गए थे । फिर 30 जून को बहन क्रैन्डल बच्चे को जन्म देते समय अपने पैदा हुए शिशु के साथ मर गई थी ।

यद्यपि सन्तों ने सॉल्ट लेक खाड़ी की अपनी यात्रा में बहुत पीड़ा उठाई थी, एकता, समन्वय, और आशावादी आत्मा प्रकट हुई । प्रभु के साथ अपने विश्वास और वचनबद्धता के द्वारा एक साथ बंधे, उन्होंने अपने दुखों में आनन्द को पाया था ।

यह सही स्थान है

21 जुलाई 1847 को, प्रथम पथप्रदर्शक समूह के ओर्सन प्रैट और इरासटस स्नो सॉल्ट लेक खाड़ी में पहले प्रवासी थे । उन्होंने इतनी गहरी घास देखी थी कि एक व्यक्ति इसके बीच से जा सकता था, खेती के लिए उपजाऊ भूमि, खाड़ी में कई गड्ढे थे । तीन दिन बाद, अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग, जो पर्वतीय बुखार से पीड़ित थे, को उनकी गाड़ी में झरने के मुख तक लाये जो खाड़ी की ओर बहता था । जब अध्यक्ष यंग ने दृश्य को देखा, उन्होंने अपने यात्रियों को भविष्यकथन सम्बन्धी आशीर्वाद दिया थाः ''यह काफी है । यह सही स्थान है ।''

सन्त जो पीछे-पीछे आ रहे थे, ने पहाड़ों से निकल कर देखा, तो वे भी, अपनी प्रतिज्ञा की गई भूमि को देख रहे थे! खाड़ी के अपनी नमकिन झील के साथ पश्चिमी सूरज में चमकना ही सपने और भविष्यवाणी का उद्देश्य था, भूमि जिसका उन्होंने और उनके बाद आये हजारों लोगों ने सपना देखा था । यह उनका शरण स्थल था, जहां वे रॉकी पर्वतों के बीच एक शक्तिशाली जनसमूह बने थे ।

कई वर्षों पश्चात, इंग्लैंड से एक धर्मपरिवर्तित, जीन रियो ग्रीफिल्स बेकर, ने अपनी भावनाओं को अंकित किया था जब उसने सॉल्ट लेक सिटी को पहली बार देखा था । शहर ... चौकोर या खण्डों में था जैसा कि वे यहां कहते हैं; हर एक में दस एकड़ थे और आठ भागों में विभाजित थे, प्रत्येक भाग में एक घर था । मैंने खड़े होकर देखा, मैं मुश्किल से अपने अनुभवों का परीक्षण कर पाई थी, परन्तु मेरे विचार से मुझ पर जो सुरक्षा था और हमारी लम्बी और संकटपूर्ण यात्रा के दौरान जो सुरक्षा मुझ में थी, उसके लिए मेरे प्रभावकारी लोग आनन्दित और आभारी थे ।[9]

हाथ गाड़ी पथप्रदर्शक

1850 में गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने खर्च कम करने के लिए हाथ गाड़ी समूहों को बनाने का निर्णय लिया ताकि बड़ी संख्या में आप्रवासी को वित्तीय सहायता दी जा सके । सन्त जिन्होंने इस रास्ते से यात्रा की थी ठेले पर सिर्फ 100 पाउंड आटा और सीमित भोजन सामग्री और कपड़े रखते और मैदानी रास्ते से ठेले को खींचते हुए जाते थे । 1856 और 1860 के बीच, दस हाथ गाड़ी समूहों ने यूटाह के लिए यात्रा की थी । आठ समूह सॉल्ट लेक खाड़ी में सफलता से पहुँच गए थे, परन्तु उनमें से दो, मार्टीन और विली हाथ गाड़ी समूह, आरम्भ की सर्दी में घिर गए और उनमें से बहुत से सन्त मर गए थे ।

निली पूसैल, इन बदनसीब समूहों में से एक यात्रा के दौरान दस वर्ष की हो गई थी । उसके माता-पिता दोनों यात्रा के दौरान मर गये थे । जब समूह पर्वतों के पास पहुँचा, मौसम और अधिक ठन्डा हो गया, भोजन सामग्री खाली हो गई थी, और सन्त भूख के मारे इतने कमजोर हो गए थे कि वे आगे बढ़ना जारी नहीं रख सके । निली और उसकी बहन बेहोश होकर गिर गईं थीं । जब उन्होंने लगभग अपनी आशा छोड़ दी थी, समूह का मार्गदर्शक बैल गाड़ी में उनके पास आया । उसने निली को बैल गाड़ी में रखा और मैगी को साथ-साथ, पकड़ते हुए स्थिर चलने के लिए कहा । मैगी भाग्यशाली थी क्योंकि तीव्र गति ने उसे कुहरे की मार से बचा लिया था ।

जब वे सॉल्ट लेक सिटी में पहुँचे और निली के जुते और जुराब, जो उसने यात्रा के दौरान पहने हुए थे, निकाले गये, कुहरे की मार के परिणाम स्वरुप उनके साथ उसकी खाल भी निकल आई । इस बहादुर लड़की के पैर दर्दनाक रुप से काट दिये गये और वह अपने पूरे जीवन भर अपने घुटनों पर चली थी । उसने बाद में विवाह कर लिया और छः बच्चों को जन्म दिया, अपने स्वयं के घर को साफ रखती थी और एक उत्तम वंश का पालन-पोषण किया ।[10] उसकी स्थिति के बावजूद उसका इरादा और उनकी दया जिन्होंने उसकी देख रेख की थी, बलिदान के लिए इन आरम्भ के गिरजाघर के सदस्यों के विश्वास और इच्छा का उदाहरण देते हैं । उनका उदाहरण उन सारे सन्तों के लिए विश्वास की एक परम्परा है जो उनका अनुसरण करते हैं ।

एक व्यक्ति जिसने मार्टीन हाथ गाड़ी समूह में मैदानी रास्तों को पार किया था यूटाह में कई वर्षों तक रहा था । एक दिन वह लोगों के समूह में था जो तीखे ढंग से गिरजाघर के मार्गदर्शकों की अलोचना कर रहे थे कि हाथ गाड़ी समूह के सिवाय और किसी सन्तों को बिना अधिक पूर्ति या सुरक्षा के मैदानी क्षेत्र को पार करने नहीं दिया था । बुढ़े व्यक्ति ने तब तक सुना जब तक वह सुन सकता था; तब वह उठा और बड़ी भावुकता के साथ कहाः

मैं उस समूह में था और मेरी पत्नी भी इसमें थी ... हमने तुम्हारी कल्पना परे बहुत ही अधिक पीड़ा उठाई थी और बहुत से विपदग्रस्तता और भूख से मर गए थे, परन्तु क्या तुमने कभी भी उस समूह के किसी पीड़ित को आलोचना के एक शब्द भी बोलते हुए सुना था? ... *हम संपूर्ण ज्ञान से जान पाये थे कि परमेश्वर जीवित है क्योंकि हम अपनी पीड़ाओं में उससे परिचित हो गए थे* ।

मैंने हाथ गाड़ी को खींचा जब मैं बीमारी और भोजन की कमी से बहुत कमजोर और थका हुआ था कि मैं मुश्किल से अपना पैर आगे बढ़ा सका था । मैंने आगे की ओर देखा और रेत के निशानों या पवर्त की ढलाई को देखा और मैंने कहा, मैं सिर्फ उतनी दूर तक ही जा सकता हूँ और वहां मैं रुक जाऊँगा, क्योंकि मैं यहाँ से भार को नहीं खींच सकता हूँ ... मैं उस रेत तक पहुँचा और जब मैं वहां पहुँचा, गाड़ी ने मुझे धक्का देना आरंभ किया । मैंने पीछे मुड़कर कई बार देखा कि मेरी गाड़ी को कौन धक्का दे रहा था, लेकिन मेरी आँखों ने किसी को नहीं देखा । तब मैंने जाना कि परमेश्वर का स्वर्गदूत वहाँ था ।

सन्तों ने अपनी जान जोखिम में डाल कर मार्टिन हाथ गाड़ी समूह के सदस्यों को बचाया था, जो आरम्भ के जाड़े द्वारा स्थानों पर निःसहाय थे ।

क्या मैं पछताया था कि मैंने हाथ गाड़ी द्वारा आना चुना था? नहीं । न ही तब और न ही तब से मेरे जीवन के किसी भी क्षण । *परमेश्वर से परिचित होने की कीमत जो हमने चुकाई थी वो चुकाना एक सौभाग्य था, और मैं आभारी हूँ कि मुझे मार्टीन हाथ गाड़ी समूह के साथ आने का अवसर मिला था* ।'' [11]

हमारी स्तुति गीत पुस्तक में आरंभ के गिरजाघर सदस्यों के बारे में एक गीत है जिन्होंने साहसी पूर्ण ढंग से सुसमाचार को स्वीकार किया था और सभ्यता के बाहरी क्षेत्र पर रहने के लिए दूर तक की यात्रा की थीः

वे, राष्ट्र के निर्माणकर्ता,
मार्ग के साथ-साथ पथ बनाते गए,
उनके रोज के कार्यों ने आने वाली
क्रमागत पीढ़ी के लिए पथ बनाया था
नये और मज़बूत नींव बनाते हुए,
वीरान सीमान्त पर ढकेलते हुए,
कूट-रचना आगे बढ़ना, हमेशा आगे बढ़ना,
आदरणीय पथप्रदर्शक, आशीषित हों!

उनके उदाहरण हमें शिक्षा देते हैं कि अपने स्वयं के देश में कैसे अधिक विश्वास और साहस के साथ रहना हैः

सेवा हमेशा ही उनका आदर्श था;
प्रेम उनका मार्गदर्शन सितारा बन गया था;
साहस, उनका असफल संकेतक,
पास और दूर जगमगाता ।
हर दिन कुछ बोझा उठाया जाता था,
हर दिन कुछ हृदय मुस्कुराते थे,
हर दिन कुछ उज्चलता की आशा करते थे,
आदरणीय पथप्रदर्शक, आशीषित हों! [12]

राष्ट्रों के लिए एक झण्डे को स्थापित करना

सन्तों के पहले समूह को सफलतापूर्वक मैदानी इलाकों से यूटाह लाने के पश्चात, अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग ने वीरान भूमि पर परमेश्वर का राज्य स्थापित करने पर अपना ध्यान लगाया । अपनी कल्पना और नेतृत्व के द्वारा, जो किसी समय एक खाली वीरान भूमि थी, एक समृद्ध सभ्यता और सन्तों के लिए एक स्वर्ग बन गई थी । उसके साधारण बोले गए निर्देशन ने सन्तों की उनके नये घरों की संभवता की कल्पना करने में सहायता की थी और परमेश्वर का राज्य बनाने के लिए उनकी खोज में मार्गदर्शन किया था ।

पहले समूह के पहुँचने के पश्चात, ब्रिग्हम यंग और बारह में से कई लोगों ने पर्वत के तरफ घुमावदार ऊँचाई पर चढ़ाई की थी जो अध्यक्ष यंग ने नावू छोड़ने से पहले अपने दिव्यदर्शन में देखा था । उन्होंने खाड़ी के विशाल विस्तार के ऊपर से देखा और भविष्यवाणी की कि दुनिया के सारे राष्ट्रों का इस स्थान पर स्वागत है और यहीं पर सन्त समृद्धि और शान्ति का आनन्द उठाएंगे । उन्होंने यशायाह में धर्मशास्त्र के ऊपर झण्डा शिखर नाम रखा जो वादा करता था, ''वह अन्यजातियों के लिए झण्डा खड़ा करके इस्राएल के सब निकाले हुओं को इकट्ठा करेगा'' (यशायाह 11:12) ।[1]

28 जुलाई 1847 को, अध्यक्ष यंग का पहला स्थानीय कार्य, मन्दिर के लिए एक केन्द्रीय स्थान चुनना और पुरुषों को इसकी रचना और निर्माण की योजना के कार्य पर लगाना था । चुने हुए स्थान पर अपनी बेत रखते हुए उन्होंने कहा था, यहाँ हम परमेश्वर के लिए एक मन्दिर बनाएंगे । इस घोषणा ने ज़रुर सन्तों को आराम पहुँचाया होगा, जिन्हें थोड़े समय पहले मन्दिर उपासना बन्द करने के लिए मजबूर किया गया था जब उन्होंने नावू को छोड़ा था ।

अगस्त में, गिरजाघर के मार्गदर्शक और पहले पथप्रदर्शक समूह में अधिकतर अपने परिवारों को अगले साल खाड़ी में लाने में तैयारी करनेके लिए वापस विन्टर क्वाटर्स लौटे थे । उनके पहुँचने के कुछ समय पश्चात, ब्रिग्हम यंग और बारह की परिषद् प्रभावित हुए थे कि प्रथम अध्यक्षता को पुनःस्थापित करने का समय आ गया है । बारह की परिषद् के अध्यक्ष होने के नाते, ब्रिग्हम यंग का गिरजाघर के अध्यक्ष के रुप में समर्थन किया गया था । उन्होंने हीबर सी. किम्बल और विलर्ड रिचर्डस को अपना सलाहकार चुना, और सन्तों ने सर्वसम्मति से अपने मार्गदर्शकों का समर्थन किया था ।

खाड़ी में प्रथम वर्ष

1847 की गर्मी के पश्चात दो और सन्तों का समूह सॉल्ट लेक खाड़ी में पहुँचा, और लगभग 2,000 सदस्य सॉल्ट लेक स्टेक में स्थापित हुए थे । बाद की फसलें उगाई गई परन्तु कटाई थोड़ी सी हुई, और बसन्त ऋतु तक बहुत से भोजन की कमी से पीड़ा उठा रहे थे । जॉन आर. यंग, जो उस समय एक लड़का था, ने लिखा थाः

उनके विश्वास और परिश्रम, के द्वारा सन्तों ने सॉल्ट लेक खाड़ी में एक शहर स्थापित करना आरंभ कर दिया था। यह खुदाई 1853 में खाड़ी को दिखाता है।

जब तक घास बढ़ना आरंभ हुई, आकाल पीड़ायुक्त हो गया था। कई महीनों तक हमारे पास रोटी नहीं थी, गाय का मांस, दूध, सुअर-घास, सीगोस ज्लीली की जड़, और गोखरु हमारा भोजन बना। मैं चरावाहा था, और जब में बाहर जानवरों की देख रेख करता था, मैं गोखरु की जड़ें तब तक खाता था जब तक की मेरा पेट गाय की तरह भर नहीं जाता। आखिरकर भूख इतनी ज्यादा बढ़ गई कि मेरे पिता ने पुराने चिड़िया द्वारा चोंच मारी हुई बैल की खाल को डाली से उतारा; और इसका बहुत ही स्वादिष्ट सूप बनाया।''[2] उपनिवेशकों ने स्वतंत्र रुप से सहयोग किया और एक दूसरे के साथ बाँटा और इस तरह से हम लोग इस कठिन समय में बच सके थे।

जून 1848 तक, उपनिवेशकों ने पाँच और छः हजार एकड़ के बीच जमीनों पर पैदावार लगाई, और खाड़ी हरी भरी होने लगी। लेकिन सन्तों के लिए हताशा, काली टिडियों का बड़ा झुण्ड फसलों पर आ गया। उपनिवेशकों ने जो कुछ हो सकता था किया। उन्होंने गडढे खोदे और नदी के पानी को उनके ऊपर डाला, उन्होंने कीड़ों को डंडे और झाड़ू से मारा और उन्हें जलाने की कोशिश की, परन्तु उनकी मेहनत बेकार हो गई। टिडियाँ अनगिनत संख्या में निरन्तर आती गई। कुलपति जॉन स्मिथ, सॉल्ट लेक स्टेक के अध्यक्ष, ने उपवास और प्रार्थना का एक दिन बुलाया। जल्द ही समुद्री चिड़ियों का एक झुण्ड आसमान में दिखाई दिया और वे टिडियों के ऊपर टूट पड़े। सूजन नोबल ग्रान्ट ने एक अनुभव के बारे में बताया थाः ''हम आश्चर्यचकित थे, समुद्री चिड़ियाएं पेटू लग रही थीं जिस समय वे चढ़ने और कूदने वाली टिडियों को चट कर रहीं थीं।''[3] सन्तों ने आनन्द और आश्चर्य से देखा। उनका जीवन बचा लिया गया था।

सन्तों ने अपनी कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी ताकत और विश्वास के साथ कार्य किया था, और जल्दी ही उन्होंने बहुत तरक्की की। सितम्बर 1849 में एक यात्री जो कैलिफोर्निया जा रहा था सॉल्ट लेक सिटी से होता हुआ गुजरा और उन्हें इस तरीके से श्रद्धांजलि दी थीः ''एक अत्याधिक सुव्यवस्थित, उत्साही, मेहनती, और

जन-सम्बन्धी लोग, मैं पहले कभी भी ऐसों के बीच नहीं रहा, और यह अविश्वसनीय है कि इन्होंने थोड़े समय में यहाँ वीरान भूमि में कितना कुछ किया है । इस शहर में जहाँ लगभग चार से पाँच हजार निवासी रहते हैं, मैं नागरिकों में ऐसे किसी से नहीं मिला था जो कि आलसी हो, या कोई ऐसा व्यक्ति जो आवारा लगता हो । फसलों के लिए उनकी दृष्टि सही थी, और उस सबमें आत्मा और मेहनत है जो आप देखते हैं जो किसी भी आकार के किसी भी शहर में बराबर नहीं होसकता जिनमें मैं कभी जा चुका हूँ ।''[4]

अन्वेषण

1848 की आखिरी गर्मी में, अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग ने विन्टर क्वाटर्स से सॉल्ट लेक खाड़ी की यात्रा तय की । जब वे पहुँचे, उन्होंने जाना कि सन्तों को यह जानने की ज़रुरत है कि उनके नये वातावरण में क्या स्रोत उपलब्ध हैं । बहुत कुछ अमेरिकी आदिवासियों से प्राप्त किया गया था जो उस क्षेत्र में रहते थे, लेकिन अध्यक्ष यंग ने औषधि सम्बन्धी पौधों की सम्पत्तियों और उपलब्ध प्राकृतिक स्रोतों को खोजने के लिए सन्तों को अन्वेषण पर भी भेजा था ।

उन्होंने उपनिवेश जगहों को ढूँढने के लिए दूसरे अन्वेषण समूह को भेजा । उनकी यात्रा में इन सदस्यों ने उपनिवेश के लिए उपयुक्त क्षेत्र के साथ-साथ खनिज पदार्थो के जमाव, प्रचुर मात्रा में लकड़ी, पानी स्रोत, और घास से भरी भूमि की खोज की थी । जमीनों की अटकलबाजी के विरूद्ध सुरक्षा के लिए, भविष्यवक्ता ने सन्तों को अपनी नियुक्त सम्पत्ति को काट कर दूसरे को बेचने के विरूद्ध चेतावनी दी थी । जमीन उनके परिचारक के पद थे और बुद्धिमता और मेहनत से उन्हें बनाए रखना था, वित्तीय फायदे के लिए नहीं ।

1849 के पतझड़ में, अध्यक्ष यंग के निर्देशन में नित्य आप्रवासी निधि की स्थापना की गई । इसका उद्देश्य गरीब लोगों की सहायता करना था जिनके पास गिरजाघर के अंश से जुड़ने के लिए यात्रा करने का कोई जरिया नहीं था । महान बलिदान में, बहुत से सन्तों ने निधि में योगदान दिया था, और परिणाम स्वरुप, हजारों सदस्य सॉल्ट लेक खाड़ी तक यात्रा कर पाये थे । जितनी जल्दी वो समर्थ होते थे, जिन्होंने सहायता प्राप्त की थी उनसे सहायता की रकम वापस देने की आशा की गई थी जो उन्होंने प्राप्त की थी । बाकियों की सहायता के लिए भी इस निधि का उपयोग किया गया था । इस सहायक प्रयास के द्वारा, सन्तों ने ज़रुरतमंदों के जीवन को आशीषित किया था ।

प्रचारक बुलाहट का जवाब देते हैं

मेहनत की आवाज और घरेलू जीवन में भरती हवा के साथ, अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग गिरजाघर की चिन्ता में लग गये । 6 अक्टूबर 1849 में रखी गए जनरल सम्मेलन में, उन्होंने बारह के कई सदस्यों को, नये बुलाये गए प्रचारकों के साथ, विदेशी मिशन में सेवा करने के लिए नियुक्त किया था । उन्होंने इन बुलाहटों को तब भी स्वीकार किया जबकि उन्हें अपने पीछे अपने परिवारों, अपने नये घरों, और अपूर्ण कार्यों को छोड़ कर जाना था । इरैस्टस स्नो और अनेक प्रचारकों ने स्केनडिनाविया में प्रचारक कार्य खोला था, जबकि लोरेन्जो स्नो और जोसफ टोरन्टो ने इटली की यात्रा की थी । एडिसन और लुइसा बारनेस प्रैट जनसमूह द्वीपों में एडिसन की पहले के पश्चिमी क्षेत्र में वापस गए थे । जॉन टेलर फ्रांस और जर्मनी के लिए बुलाया गया था । जब प्रचारकों ने पूर्वी देशों की यात्रा की थी, वे सन्तों को छोड़ आगे रॉकी पर्वतों में नये सियोन के लिए बढ़े थे ।

अपने परिश्रमी क्षेत्र में, प्रचारकों ने चमत्कार देखे और बहुत से लोगों को गिरजाघर में बपतिस्मा दिया । जब लोरेन्जो स्नो, जो बाद में गिरजाघर के अध्यक्ष बने थे, इटली में प्रचार कर रहे थे, उन्होंने एक तीन साल के लड़के को मौत के किनारे देखा । उन्होंने बच्चे को चंगा करने और क्षेत्र में लोगों के हृदयों को खोलने के लिए एक अवसर

को पहचाना । उस रात उन्होंने परमेश्वर के निर्देशन के लिए लगन से देर तक प्रार्थना की, और अगले दिन उन्होंने और उनके साथी ने लड़के के लिए उपवास और प्रार्थना की । उस दोपहर उन्होंने उसे आशीष दी और अपने परिश्रम में सहायता करने के लिए एक मूक प्रार्थना की । लड़का पूरी रात आराम से सोया और चमत्कारी ढंग से चंगा हो गया । इस चंगाई का शब्द इटली में पूरी पीएडमोन्ट खाड़ी में फैल गया । प्रचारकों के लिए दरवाजे खुल गए, और क्षेत्र में पहला बपतिस्मा हुआ ।[5]

अगस्त 1852 में, सॉल्ट लेक सिटी में एक विशेष सम्मेलन में, पूरी दुनिया में देशों में मिशन पर जाने के लिए 106 एल्डरों को बुलाया गया था । ये प्रचारक, और साथ-साथ वो जो बाद में बुलाए गए थे, दक्षिण अमेरिका, चीन, भारत, स्पेन, अस्ट्रेलिया, हवाई, और दक्षिण प्रशांत में सुसमाचार का प्रचार किया था । तथापि, उन्होंने जो बीज बोए थे उसका परिणाम यह था कि बहुत से बाद के प्रचारकों के प्रयासों में गिरजाघर में आने लगे ।

एल्डर एडवर्ड स्टीवनसन को स्पेन में गिबराल्टर मिशन के लिए बुलाया गया था । इस बुलाहट का मतलब था कि अपने जन्म स्थान पर वापस जाना, जहां उसने अपने देशवासियों को खुलकर पुनःस्थापित सुसमाचार की घोषणा की थी । वह प्रचार करने के लिए पकड़ा भी गया था और वह तब तक जेल में रहा जब तक अधिकारियों ने पता नहीं कर लिया कि वह पहरेदारों को प्रचार कर रहा था, उनमें से एक को लगभग धर्मपरिवर्तित कर दिया था । उसके छुट जाने के पश्चात उसने दो लोगों को गिरजाघर में बपतिस्मा दिया और जनवरी 1854 तक दस सदस्यों की एक शाखा स्थापित की गई । जुलाई में, यद्यपि छः सदस्य एशिया में ब्रिटिश सैना के साथ कार्य करने के लिए चले गए थे, एक सत्तर, एक एल्डर, एक याजक, और एक शिक्षक सहित, शाखा में अठारह सदस्य थे, शाखा को नेतृत्व सौंपने के लिए इसे नियमित रुप से बढ़ने की ज़रुरत थी ।[6]

फ्रेन्च पोलीनेशिया में 1852 में स्थानीय सरकार ने प्रचारकों को बाहर भगा दिया था । लेकिन धर्मपरिवर्तित सन्तों ने गिरजाघर को 1892 में अगले प्रचारक प्रयास तक जीवित रखा था । एल्डर टिहोनी और माहिआ विशेष रुप से साहसी थे जब उन्होंने अपने विश्वास को अस्वीकार करने के बदले कारावास और कठिन परिक्षा को सहा था । उनमें से हर एक ने सन्तों को सुसमाचार के प्रति सक्रिय और विश्वासी रहने का प्रयास किया था ।[7]

उनके लिए जो संयुक्त राज्य के बाहर गिरजाघर के सदस्य बने थे, यह समय था सियोन में इकट्ठा होने का, जिसका मतलब था नौका द्वारा अमेरिका के लिए यात्रा करना । एलिजाबेथ और चार्लस वूड ने 1860 में दक्षिण अफ्रिका से समुद्र यात्रा की थी, जहाँ उन्होंने कई वर्षों तक मेहनत करके अपनी यात्रा के लिए पैसे इकट्ठे किये थे । एलिजाबेथ ने एक अमीर व्यक्ति के घर की देख रेख की थी, और उसका पति ईंटें बनाता था और ये उन्होंने तब तक किया जब तक उन्होंने ज़रुरी निधि प्राप्त नहीं कर ली थी । एलिजाबेथ जहाज में बेटा पैदा करने के बाद 24 घण्टे पलंग पर लेटी थी और उसे कप्तान का पलंग दिया गया ताकि वह और आराम से रह सके । यात्रा के दौरान वह बहुत बीमार थी, लगभग दो बार मरने जैसी हो गई थी, लेकिन फिलमोर, यूटाह में बसने के लिए जीवित रही थी ।

देशों में प्रचारक सन्तों के बहुत प्रिय बन गये थे जहाँ उन्होंने सेवा की थी । जोसफ एफ. स्मिथ, 1857 में हवाई में अपने मिशन के समाप्त होने के नजदीक थे, कि उसे बहुत तेज बुखार हो गया जिसने उन्हें तीन महीने के लिए कार्य करने से दूर रखा था । यह उसके लिए आशीष थी कि वह एक विश्वासी हवाईयन सन्त, मा माहुही की देख रेख में था । उसने जोसफ का वैसे ही पोषण किया जैसे वह उसका खुद का बेटा हो, और दोनों के बीच प्रेम का एक मज़बूत बन्धन विकसित हुआ था । सालों बाद, जब वह गिरजाघर के अध्यक्ष थे, जोसफ एफ. स्मिथ होनोलूलू गए थे और उनके पहुँचने के कुछ देर बाद उन्होंने देखा कि एक अन्धी बूढ़ी औरत एक भेंट के रुप में अपने हाथों में चुने हुए केलों के साथ अन्दर लाई गई । उन्होंने उसकी आवाज सुनी, ''आइयोसपा, आइयोसपा''

अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग से बुलाहटों का जवाब देते हुए, बहुत से सन्तों ने नये समुदायों को स्थाई करने के लिए अपने स्थापित घरों कोछोड़ दिया था ।

(जोसफ, जोसफ) । तुरन्त उन्होंने भाग कर उसे गले लगाया और कई बार उसका चुम्बन किया, उसके सिर पर थपथपाते हुए कहा, ''माँ, माँ, मेरी प्यारी बूढ़ी माँ ।''[8]

नई बस्ती बसाने के लिए बुलाहटें

यूटाह और दक्षिणी आइडाहो में और बाद में ऐरिजोना, व्योमिंग, नेवाडा, और कैलिफोर्निया के भागों में व्यक्तियों और परिवारों द्वारा कई समुदाय स्थापित किए गए थे, जिन्हें महा सम्मेलन में बुलाया गया था । अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग ने इन समुदायों की स्थापनाओं को निर्देशित किया था, जहाँ हजारों नये बसने वाले रह सकते थे और खेती बाड़ी कर सकते थे ।

उनके जीवन के दौरान, पूरी सॉल्ट लेक खाड़ी और आस-पास के क्षेत्रों को बसाया गया था । 1877 तक, जब ब्रिग्हम यंग की मृत्यु हो गई थी, 350 से भी अधिक बस्तियाँ स्थापित की गई थीं, और 1900 तक वहाँ लगभग 500 बस्तियाँ थीं । पूर्व गिरजाघर अधिकारी ब्रिग्हम हैनरी रोबर्ट ने देखा कि लोगों की अपने मार्गदर्शकों के प्रति निष्ठा और अध्यक्ष यंग से प्राप्त अपनी बुलाहटों को पूरा करने में उनके अस्वार्थी और समर्पित व्यक्तिगत बलिदान से मॉरमन बस्तियों को बसाने की सफलता रुक गई थी ।[9] बस्ती बनाने वालों ने प्रभु के भविष्यवक्ता का अनुसरण करने के लिए सुविधा सामग्रियों, मित्रों के साथ, और कभी कभी अपने जीवन का बलिदान कर दिया था ।

जनरल सम्मेलन सभाओं में, अध्यक्ष यंग ने उन भाइयों और उनके परिवारों के नाम पढ़े जिन्हें सीमा क्षेत्रों को जाने के लिए बुलाया गया था । ये बस्ती बसाने वालों ने उसे इस तरह से लिया कि उन्हें मिशन पर बुलाया गया है और जानते थे कि उन्हें तब तक अपने नियुक्त स्थानों में रहना पड़ेगा जब तक कि वे सेवानिवृत नहीं हो जाते । उन्होंने अपने स्वयं के खर्च पर और अपनी स्वयं की पूर्तियों के साथ अपने नये क्षेत्रों के लिए यात्रा की । उनकी सफलता इस पर निर्भर थी कि वे वे अपने साधनों का उपयोग कितनी अच्छी तरह से करते हैं, उन्होंने मैदान का निरिक्षण किया और उन्हें साफ किया, अनाज पीसने वाली चक्की बनाई, भूमि पर पानी लाने के लिए सिंचाई के गड्ढे खोदे, अपने भण्डार के लिए चारागाह के चारों ओर बाड़ा लगाया, और सड़कें बनाई । उन्होंने फसलें उगाईं और बगीचे लगाए, गिरजाघर और विद्यालय बनाए, और अमेरिकी आदिवासियों के साथ अच्छा संबंध बनाए रखने का प्रयत्न किया । उन्होंने एक दूसरे की सहायता बीमारियों में, और उसके साथ साथ जन्म, मृत्यु और विवाहों में भी की थी ।

1862 में चार्ल्स लोवेल वॉकर ने दक्षिणी यूटाह में बसने के लिए एक बुलाहट को प्राप्त किया था । वह उन लोगों के लिए एक सभा में गया जिन्हें बुलाया गया था और अंकित कियाः ''यहां मैंने एक नियम को सीखा जिसे मैं एक क्षण के लिए भी नहीं भूल सकूँगा । इसने मुझे दिखाया कि आज्ञा-पालन स्वर्ग में और धरती पर एक महान नियम था । ठीक है, यहां मैंने सात वर्षों से गर्मी और जाड़े में, भूखे रह कर और विपरीत परिस्थितियों में काम किया है, और अंततः मुझे एक घर मिला, बहुत अधिक फलों के वृक्षों के साथ जिनपर फल लगने लगे और खुबसूरत दिखाई देने लगे । ठीक है, मुझे इसे छोड़ना और जाना है और मेरे स्वर्गीय पिता की इच्छा को पूरा करना है, जो सबके भले के लिए उन पर शासन करता है जो उससे प्रेम करते हैं और डरते हैं । मैं परमेश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वह मुझे इतना बल कि उसे पूरा कर सकूँ जिसकी मुझसे, उसके सामने एक सन्तोषजनक ढंग से अपेक्षा की गई है ।''[10]

बारह प्रेरितों की परिषद् के एक सदस्य, चार्ल्स सी. रीच, को भी बस्ती बसाने के लिए बुलाहट मिली थी । ब्रिग्हम यंग ने उन्हें और उनके साथ कुछ और भाइयों को अपने परिवारों के साथ लगभग 150 मील पूर्वी सॉल्ट लेक में रुखी नहर खाड़ी में बसने के बुलाया गया था । खाड़ी बहुत उंचाई पर थी और सर्दियों में गहरी बर्फ के साथ

बहुत ठंड थी । भाई रीच हाल ही में यूरोप में मिशन से वापस लौटे थे और अपने परिवार को साथ लेकर फिर दुबारा से कठिन परिस्थितियों में आरंभ करने के लिए उत्साही नहीं थे । लेकिन उन्होंने बुलाहट स्वीकार किया और जून 1864 में रुखी नहर खाड़ी में पहुँचे । अगली सर्दी असामान्य रुप से अत्यन्त कष्टदायक थी और बसन्त ऋतु तक, कुछ अन्य भाइयों ने चले जाने का फैसला कर लिया । भाई रीच ने अनुभव किया कि इस जाड़े के मौसम में जीवन आसान नहीं होगा लेकिन कहाः

बहुत सी कठिनाइयां आई हैं । जो मैं स्वीकार करता हूँ ... और इनको हमने मिलकर सहा है । परन्तु यदि तुम कहीं और जाना चाहते हो, वह तुम्हारा अधिकार है, और इसे मैं तुमसे छीनना नहीं चाहता । ... लेकिन मैं यहीं रहूँगा, चाहे मैं अकेला रहूँ । अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग ने मुझे यहाँ बुलाया है, और मैं यहां तब तक रहूँगा जब तक वह मुझे सेवानिवृत नहीं कर देते और मुझको जाने के लिए नहीं कहते । भाई रीच और उनका परिवार वहीं रहा था, और अगले कई दशक के लिए वह एक समृद्ध समुदाय के नेता बन गए ।[11] अन्य हजारों की तरह, उन्होंने प्रभु के राज्य को बनाने में सहायता करने के उद्देश्य से अपने मार्गदर्शकों का इच्छा से पालन किया था ।

अमेरिकी आदिवासियों के साथ संबंध

जब बस्ती बसाने वाले सीमाप्रदेश में आगे बढ़े थे, प्रायः उनका लेन-देन अमेरिकी आदिवासियों के साथ रहता था । पश्चिम में बसने वालों से भिन्न, अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग ने सन्तों को शिक्षा दी थी कि अपने संगी भाइयों और बहनों को भोजन दें और उन्हें गिरजाघर में लाने की कोशिश करें । आइडाहो प्रदेश के सालमन नदी क्षेत्र में बंदरगाह लिम्ही में और यूटाह प्रदेश में ऊपरी कोलोराडो पर इल्क माऊटेन बस्ती में अमेरिकी आदिवासियों के बीच प्रचार करने का प्रयास किया गया था । अध्यक्ष यंग ने सहायता संस्थाओं का परिचय कराया था जिनकी सदस्याओं ने अपने अमेरिकी आदिवासी भाइयों और बहनों के लिए कपड़े सिले और उनको भोजन देने के लिए पैसे कमाये थे ।

जब एलिजाबेथ कैन, जो थोमस एल. कैन की पत्नी थी, सन्तों का एक महान असदस्य मित्र, यूटाह से होते हुए यात्रा की थी, वह एक थकी हारी मॉरमन औरत के यहां रुकी थी । एलिजाबेथ ने उस औरत के बारे में कभी इतना नहीं सोचा जितना उसने तब सोचा था जब उसने देखा कि उसका अमेरिकी आदिवासियों के साथ कैसा व्यवहार था । जब औरत रात के खाने पर अतिथि को बुलाती थी, उसने अमेरिकी आदिवासियों के साथ भी कुछ बातें की थीं जो इन्तजार कर रहे थे । एलिजाबेथ ने पूछा कि औरत ने आदिवासियों से क्या बात की थी और परिवार में एक बेटे ने उसे बताया, ''ये अजनबी पहले आये थे, और मैंने उनके लिए ही बनाया है; लेकिन तुम्हारा खाना आग पर रखा पक रहा है, जैसे यह तैयार हो जाता है मैं तुमको बुला लूंगी ।'' एलिजाबेथ ने यकिन न करते हुए पूछा कि वह वास्तव में आदिवासियों को खाना खिलाएगी । बेटे ने उसे बताया, कि ''माँ उनको वैसे ही खाना परोसेंगी जैसा आपको परोसेंगी, और उन्हें अपनी मेज़ पर जगह देगीं ।'' उसने उन्हें खाना परोसा, तब तक इन्तजार किया जब तक उन्होंने खा नहीं लिया ।[12]

पौरोहित्य और सहकारी कार्यों का संगठन

अपने अन्तिम वर्षों में, अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग ने कुछ महत्वपूर्ण पौरोहित्य जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया था और स्थापित किया था । उन्होंने बारह को प्रत्येक स्टेक में सम्मेलन रखने के लिए निर्देशित किया था । परिणामस्वरुप, पूरे यूटाह में सात नये स्टेक और 140 वार्ड बनाए गए थे । स्टेक अध्यक्षताओं, उच्च पार्षदों, धर्माध्यक्षताओं,

और परिषद् अध्यक्षताओं के कर्त्तव्यों को स्पष्ट रुप से बतलाया गया था, और हजारों लोगों को इन पदों को भरने के लिए बुलाया गया था । उन्होंने गिरजाघर के सदस्यों को अपने जीवन को सही क्रम में रखने और अपना दसमांश, उपवास भेंट, और अन्य दान देने की सलाह दी थी ।

1867 में भविष्यवक्ता ने जोर्ज क्यु. कैनन को रविवार विद्यालय के जनरल अधीक्षक के रुप में नियुक्त किया था, और कुछ ही वर्षों में, रविवार विद्यालय गिरजाघर का एक स्थिर हिस्सा बन गया था । 1869 में अध्यक्ष यंग ने अपनी लड़कियों को सुशील जीवन में औपचारिक निर्देशन देना आरंभ कर दिया था । उन्होंने 1870 में कटौती संस्था (कटौती का अर्थ है छटनी करना) की रचना के साथ सारी युवा स्त्रियों के लिए इस सलाह को बढ़ाया था । यह युवा स्त्रियों के संगठन की शुरुआत थी । जुलाई 1877 में उन्होंने पहली स्टेक सहायता संस्था संगठित करने के लिए ओग्डन, यूटाह की यात्रा की थी ।

अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग की मृत्यु और पैतृक

एक मार्गदर्शक के रुप में, अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग यथार्थवादी और कर्मठ थे । उन्होंने सन्तों को निर्देशन और प्रोत्साहन देने के लिए गिरजाघर के आवासों के लिए यात्रा की थी । निर्देशन और उदाहरणों के द्वारा, उन्होंने सदस्यों को गिरजाघर में अपनी बुलाहटों को पूरा करने के लिए शिक्षा दी थी ।

अपने जीवन का मूल्यांकन करने में, अध्यक्ष यंग ने न्युयार्क समाचार पत्र के एक संपादक को जवाब देने में निम्नलिखित लिखा थाः

पिछले 26 वर्षों की मेरी मेहनत के परिणाम का, जो संक्षिप्त सार निकलता था, वे हैंः इस प्रदेश में अन्तिम-दिनों के सन्तों द्वारा लगभग 100,000 व्यक्तियों को स्थाई बसाना; 200 से भी ज्यादा राज्य, शहर और गांव को स्थाई करना जहां हमारे लोग बसे हुए हैं, ... और विद्यालयों, फैक्टरियों, मीलों और अन्य संस्थानों की स्थापना हमारे समुदायों के सुधार और लाभ के लिए गिने जाते हैं ।....

मेरा पूरा जीवन परमप्रधान की सेवा में समर्पित है ।''[13]

सितम्बर 1876 में, अध्यक्ष यंग ने उद्धारक की शक्तिशाली साक्षी दी थीः ''मैं गवाही देता हूँ कि यीशु ही मसीह है, दुनिया का उद्धारक और मुक्तिदाता; मैंने उसकी बातों का पालन किया है, और उसके वादों और ज्ञान जो उसका मेरे पास है का अनुभव किया है, इस दुनिया का ज्ञान नहीं दे सकता, न ही यह ले सकता है ।''[14]

अगस्त 1877 में, अध्यक्ष यंग बहुत बीमार पड़ गए, और चिकित्सकों की देख रेख के बावजुद भी, एक सप्ताह के अन्दर उनकी मृत्यु होगई । वह 76 वर्ष के थे और 33 वर्षों तक गिरजाघर का नेतृत्व किया था । आज हम उन्हें एक सक्रिय भविष्यवक्ता के रुप में याद करते हैं जिसने आधुनिक दिनों के इस्राएल का उनके वादा किए हुए देश के लिए नेतृत्व किया था । उनके संदेश ने दैनिक जीवन के सारे पहलूओं को छुआ था, यह स्पष्ट करते हुए कि धर्म प्रतिदिन के अनुभवों का एक हिस्सा है । उनकी सीमा की समझ और उनके समझदार नेतृत्व ने उनके लोगों को दिखने वाले असंभव कार्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया था जैसे उन्होंने स्वर्ग की आशीषों के साथ उन्होंने रेगिस्तान में राज्य बनाया था ।



6 अप्रैल 1892, हजारों सन्त इकट्ठे हुए और सॉल्ट लेक मन्दिर पर शिखर का पत्थर रखने की साक्षी दी थी ।

परिक्षाओं और परीक्षण का एक समय

अध्यक्ष जॉन टेलर

ब्रिग्हम यंग के मरने के बाद, बारह प्रेरितों की परिषद् जिस पर जॉन टेलर द्वारा अध्यक्षता की गई थी, ने तीन वर्षों के लिए अन्तिम-दिनों के सन्तों का नेतृत्व किया था । 10 अक्टूबर 1880 को, जॉन टेलर का गिरजाघर के अध्यक्ष के रुप में समर्थन किया था । अध्यक्ष टेलर एक प्रतिभाशाली लेखक और पत्रकार थे जिसने प्रायश्चित पर एक पुस्तक प्रकाशित की थी और *समय और मौसम* और *मॉरमन* के साहित, गिरजाघर की कुछ बहुत महत्वपूर्ण मासिक पत्रिकाओं का संपादन किया था । कई बार उन्होंने पुनःस्थापित सुसमाचार के लिए अपना साहस और अपनी गहरी निष्ठा दिखाई थी, कार्थेज जेल में अपने भाइयों के साथ स्वेच्छा से रहने सहित, जहां उन पर चार बार गोली चली थी । उनका व्यक्तिगत आदर्श, परमेश्वर का राज्य और कुछ नहीं, परमेश्वर और गिरजाघर के प्रति उनकी निष्ठा को प्रकट करता था ।

प्रचारक कार्य

अध्यक्ष टेलर वह सब कुछ करने के लिए जो वह कर सकते थे, वचनबद्ध थे कि सुसमाचार की पृथ्वी के सारे कोनों में में घोषणा हो । अक्टूबर 1879 जनरल सम्मेलन में, उन्होंने गिरजाघर के नये प्रेरित, मोसेस थेचर, को मेक्सिको शहर, मेक्सिको में प्रचार को आरंभ करने के लिए बुलाया था । एल्डर थेचर और उनके दो अन्य प्रचारक ने शाखा अध्यक्ष के रुप में डॉ. पलोटिनो सी. राडाकान्टी के साथ 13 नवम्बर 1879 को मेक्सिको शहर में गिरजाघर की पहली शाखा संगठित की थी । डॉ रोडाकनाटी एक स्पेनिश मॉरमन की पुस्तक की पुस्तिका पढ़ने और गिरजाघर के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए अध्यक्ष टेलर को लिखने के बाद धर्मपरिवर्तित हुए थे ।

बारह सदस्यों और तीन प्रचारकों की एक नाभिक के साथ, पुनःस्थापित सुसमाचार मेक्सिकन लोगों के बीच धीरे-धीरे फैलने लगा । 6 अप्रैल 1881 को, एल्डर थेचर, फेरामोर्ज यंग, और भाई पाएस ने पोपाकैटेपेटल पर्वत पर 15,500 फीट की ऊँची चढ़ाई चढ़ी थी और एक छोटी सी समर्पण सभा रखी थी प्रभु के सामने घुटने टेक कर, एल्डर थेचर ने मेक्सिको देश और इसके लोगों को समर्पित किया था ताकि वे प्रभु, उनके सच्चे चरवाहे की आवाज सुन सकें ।

एल्डर थेचर सॉल्ट लेक सिटी वापस लौटे और संस्तुति दी कि अतिरिक्त प्रचारकों को मेक्सिको में सेवा के लिए बुलाया जाए । जल्दी ही एन्थोनी डबल्यु. इविन्स, एक प्रथम अध्यक्षता के भविष्य के सदस्य सहित अनेक युवा पुरुष, मेक्सिको शहर में कार्य करने लगे । मेक्सिकन मिशन में गिरजाघर के प्रयास के भाग के रुप में, मॉरमन की पुस्तक का एक स्पेनिश भाषा का संस्करण 1886 में प्रकाशित हुआ था । मिलटोन टीरीजो की कहानी, जिसने मॉरमन की

पुस्तक और अन्य गिरजाघर पत्रिकाओं को स्पेनिश में अनुवाद करने में सहायता की थी, और प्रदर्शित किया था कि प्रभु कैसे अपने कार्य को निदर्शित करता है ।

मिलटन ट्रेजो स्पेन में पैदा हुआ था और किसी भी धर्म पर टिके रहे बिना बड़ा पला हुआ था । वह फिलिपिनस में फौज में काम कर रहा था जब उसने रॉकी पर्वत में मॉरमन के बारे में एक टिप्पणी सुनी थी और उनसे मिलने की उसकी बहुत इच्छा हुई । बाद में वह बहुत बीमार पड़ गया और उसे सपने में बताया गया कि उसे यूटाह का दौरा ज़रुर करना चाहिए । जब वह ठीक हुआ, उसने सॉल्ट लेक सिटी की यात्रा की । वह ब्रिग्हम यंग से मिला और सुसमाचार की जांच की । वह संतुष्ट हुआ कि उसने सच्चाई को ढूँढ लिया है और गिरजाघर का एक सदस्य बन गया । उसने मैक्सिको में मिशन किया और फिर यह देखने में कि स्पेनिश बोलने वाले लोग अपनी भाषा में मॉरमन की पुस्तक पढ़ सकते हैं, एक बहुत बड़ी भूमिका निभाने के लिए, आत्मिक और बौद्धिक रुप से तैयारी की थी ।

अध्यक्ष टेलर ने भी अमेरिकन दक्षिण में रह रहे आदिवासियों के लिए सुसमाचार ले जाने के लिए प्रचारकों को बुलाया था । वियोमिन के विन्ड नदी रिजर्वेशन पर रह रहे शोशोन जाति के बीच आमोस राइट की मेहनत विशेष रुप से फलदायक थी । कुछ ही महिनों तक सेवा करने के पश्चात, राइट ने 300 आदिवासियों को बपतिस्मा दिया था, जिनमें मुखिया वासाकी भी था । एरिजोना और न्यु मैक्सिको में रह रहे नावाजोस, पियोबलोस, और जुनिस के बीच भी अन्तिम-दिनों के प्रचारक सुसमाचार ले गए थे । विवफर्ड वुडरफ ने होपिस, ऐपाचैस, और जुनिस सहित, आदिवासियों के बीच एक वर्ष तक प्रचार किया था । एमन एम. टैने ने 100 से ज्यादा जुनी के आदिवासियों को बपतिस्मा देने में सहायता की थी ।

प्रचारकों ने इंग्लैंड और यूरोप में सुसमाचार की शिक्षा देना जारी रखा था । 1883 में, जर्मनी में पैदा हुए थोमस बिसिन्जर, जो लेही, यूटाह में रह रहा था, ने यूरोपियन मिशन में सेवा करने के लिए एक बुलाहट प्राप्त की । उसे और उसके पॉल हैमर को पैरागुआ और चैकस्लोवाकिया भेजा गया और फिर ऑस्ट्रो ... हंगैरियन साम्राज्य के एक हिस्से में भेजा गया था । कानून के अनुसार प्रचारकों का प्रचार कर मना था इसलिए जिनसे वे मिलते थे उनसे साधारण बातचीत करना आरंभ कर दिया । ये बातचीत प्रायः धर्म का विषय बन जाती थी । इस तरह से एक महीना काम करने के पश्चात, एल्डर बिसिन्जर को पकड़ कर दो महिनों के लिए कैद में डाल दिया था । जब वह जेल से आजाद हुआ, उसको एनटोनिन जस्ट को बपतिस्मा देने की आशीष मिली, जिसके अभियोग में उसे पकड़ा गया था । भाई जस्ट चैकस्लोवाकिया में पहला अन्तिम-दिनों का सन्त बना था ।[1]

सुसमाचार का प्रचार पोलीनेशिया में भी हुआ था । दो हवाइयन्स, एल्डर कीमो पेलियो और सामुएला मानोआ, को 1862 में सामोआ भेजा गया था । उन्होंने लगभग 50 लोगों को बपतिस्मा दिया था, और एल्डर मानोआ अगले 25 वर्षों तक अपने धर्मपरिवर्तितों के साथ वहीं रहा था । 1887 में सॉल्ट लेक सिटी, यूटाह के जोसफ एच. डिन ने सामोआ में मिशन करने के लिए बुलाहट प्राप्त की थी । एल्डर मानोआ और उसकी विश्वासी पत्नी ने एल्डर डीन और उनकी पत्नी, फ्लोरेन्स के लिए अपने घर के दरवाजे खोल दिए, दो दशक से भी ज्यादा के बाद सामोआ से बाहर के पहले अन्तिम-दिनों के सन्त उन्होंने देखे थे । एल्डर डीन ने जल्दी ही 14 लोगों को गिरजाघर में बपतिस्मा दिया और एक महीने पश्चात सामोआ भाषा में पहला संदेश दिया था ।[2] इस प्रकार प्रचारक कार्य नये ढंग से द्वीप पर आरंभ हुआ था ।

1866 के आरम्भ में, कोढ़ को फैलने से रोकने के लिए, हवाइयन्स अधिकारी रोग से पीड़ित लोगों को मोलोकाई द्वीप पर कालूपापा पैनिनसुला ले गए थे । 1873 में जोनाथन और किटी नापेला, जो अन्तिम-दिनों के सन्त थे, वहां निर्वासित किये गए । सिर्फ किटी को ही वह रोग था, लेकिन जोनाथन, जो उसके साथ सॉल्ट लेक इन्डोवमेन्ट घर में

मुहरबन्द हुआ था, वहां उसे अकेला छोड़कर नहीं जाना चाहता था । बाद में जोनाथन को भी वह रोग लग गया, और जब नौ वर्ष बाद एक अच्छे मित्र द्वारा उससे भेट की गई थी, वह मुश्किल से पहचाना जा रहा था । कुछ समय के लिए वह पैनिनसुला में सन्तों पर अध्यक्षता करता था, जो 1900 वर्ष तक 200 से ज्यादा संख्या में थे । गिरजाघर के मार्गदर्शक उन विश्वासी सदस्यों को कभी नहीं भुले थे जो इस दुर्बल करने वाले रोग से पीड़ित थे और प्रायः अपनी आत्मिक ज़रुरतों की देखरेख के लिए शाखा का दौरा करते थे ।[3]

अर्धशती जयंती सम्मेलन

6 अप्रैल 1880 को, गिरजाघर के सदस्यों ने गिरजाघर के संगठन की पचासवीं सालगिराह को मनाया था । उन्होंने इसे अर्धशती जयंती वर्ष कहा, जैसे पूर्व इस्राएल हर पचास वर्ष को नाम देते थे । अध्यक्ष टेलर ने बहुत से कर्जों को माफ कर दिया था जो ज़रुरतमंद सदस्यों द्वारा गिरजाघर से लिया गया था । गिरजाघर ने अपने ''गरीब लोगों'' में 300 गाय और 2,000 भेड़ें बांटी थी ।[4] गिरजाघर की सहायता संस्था बहनों ने लगभग 35,000 गेहूँ के को ज़रुरतमंदों में दान किया था । अध्यक्ष टेलर ने गिरजाघर सदस्यों को व्यक्तिगत कर्ज को माफ करने की याचना की थी, खासकर पीड़ित लोगों में । ''यह अर्धशती जयंती का समय है! उन्होंने घोषणा की थी ।[5] क्षमा और आनन्द की आत्मा अन्तिम दिनों के सन्तों में बहुत ही प्रबलता से महसूस की गई थी ।

अप्रैल 1880 अर्धशती जयंती जनरल सम्मेलन का आखिरी दिन बहुत प्रचलित था । समापन भाग में ग्यारह प्रेरितों ने अपनी गवाही दी थी । ओर्सन प्रैट, बारह प्रेरितों की परिषद् के एक मूल सदस्य, ने उस समय के बारे में बात की थी जब पूरा गिरजाघर न्युयार्क, फायेट में बड़े पीटर विटमर के घर में मिलता था । उसने अन्तिम-दिनों के सन्तों की मुश्किलों, एकत्रित होने, अत्याचार, और दुःख तकलीफ को स्मरण किया था और आभारी महसूस किया कि वह अभी भी ''अपने लोगों के बीच में है ।'' फिर उसने ''आखरी पचास सालों के दौरान महान कार्य जो प्रभु ने किया है, के बारे में गवाही दी थी ।''[6] एल्डर प्रैट के पास जीने के लिए कुछ ही महीने बचे थे और उसने आनन्द महसूस किया था कि एक विश्वासी अन्तिम दिनों के सन्त के रुप में अन्त तक रहा था ।

अर्धशती जयंती समारोह से दो वर्ष पहले, अध्यक्ष जॉन टेलर ने बच्चों के लिए धार्मिक आदेश उपलब्ध कराने के लिए एक संगठन के स्थापन को अधिकृत किया था । पहली प्राथमिक फारमिंग्टन, यूटाह में आरंभ हुई थी, सॉल्ट लेक सिटी से लगभग 15 मील उत्तर में, और 1880 सन के मध्यम तक, प्राथमिक लगभग सारे अन्तिम दिनों के सन्त प्रवासों में संगठित हो गई थी । प्राथमिक विकसित हुई और पूरी दुनिया के बच्चे इसमें सम्मिलित हो गए, जो सुसमाचार आदेश, संगीत, और सह-संबंधों द्वारा आशिषित हुए थे जिसका वे हर सप्ताह आनन्द मनाते ।

अत्याचार जारी रहा

आरंभ के 1830 में बाइबिल के अनुवाद पर कार्य करने के समय, भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ इस सच्चाई से मुश्किल में पड़ गए कि इब्राहिम, याकूब, दाऊद, और पुराने नियम के अन्य मार्गदर्शकों की एक से अधिक पत्नियां थीं । भविष्यवक्ता ने समझने के लिए प्रार्थना की और जाना कि निश्चित समय में, विशेष उद्देश्य के लिए, निम्नलिखित ईश्वरीय कानून, अनेक विवाह परमेश्वर द्वारा स्वीकृति और निर्देशित किए गए थे । जोसफ स्मिथ ने यह भी जाना कि ईश्वरीय स्वीकृति के साथ, कुछ अन्तिम-दिनों के सन्तों को एक से अधिक पत्नी के साथ विवाह करने के लिए पौरोहित्य अधिकार द्वारा चुना जाएगा । नावू में कई अन्तिम-दिनों के सन्तों ने अनेक विवाह किए थे, परन्तु इस सिद्धान्त और रीति की स्थानीय घोषणा सॉल्ट लेक सिटी में अगस्त 1852 जनरल सम्मेलन तक नहीं की गई थी ।

उस सम्मेलन में, एल्डर ओर्सन प्रैट, जैसा कि अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग द्वारा निर्देशित किया गया, ने घोषणा की थी कि एक से अधिक पत्नी होने का पुरुष की रीति सारी चीज़ों का प्रभु का प्रत्यर्पण का भाग था (देखें प्रेरितों के काम 3:19–21) ।

बहुत से अमेरिकी धर्म और राजनेता अत्याधिक क्रोधित हुए जब उन्होंने जाना कि यूटाह में रह रहे अन्तिम-दिनों के सन्त एक ऐसी विवाह प्रणाली को बढ़ावा दे रहे थे जिसे वे अनैतिक और ईसाई धर्म के विरुद्ध मानते थे । गिरजाघर और इसके सदस्यों के विरुद्ध एक बहुत बड़ा राजनैतिक धर्मयुद्ध छिड़ गया था । संयुक्त राज्य कांग्रेस ने एक ऐसा कानून पास किया जिसने अन्तिम-दिनों के सन्तों की आजादी को रोक दिया और गिरजाघर आर्थिक रुप से चोट पहुँचाई थी । इस कानून में अंत में अधिकारियों ने उन पुरुषों को पकड़कर कैद में डाल दिया था जिनके पास एक से अधिक पत्नियां थीं और उनसे वोट देने का अधिकार भी छीन लिया, उनके घरों में निजिता का अधिकार भी छीन लिया, और अन्य नागरिक स्वाधीनतों के आनन्द को भी छीन लिया था । हजारों विश्वासी अन्तिम-दिनों के सन्त पुरुषों और कुछ स्त्रियों ने यूटाह, आइडहो, एरिजोना, नेब्रास्का, मिचिगन, और दक्षिण डाकोटा में स्थित कैदखानों में समय बिताया था ।

बहुतों के लिए अत्याचार तीव्र हो गए जिन्होंने सुसमाचार का प्रचार करने की बुलाहटों को स्वीकार किया था, विशेषकर के दक्षिणी संयुक्त राज्य में । उदाहरण के लिए, जुलाई 1878 में एल्डर जोसफ स्टेंडिंग रोम, जोर्जीया के पास प्रचार करने के दौरान निर्दयता से कत्ल कर दिए गए थे । उनका साथी, बाद का प्रेरित रड्जर क्लॉसन, कठिनाई से मौत से बच पाया था । एल्डर स्टेंडिंग के कत्ल की खबर द्वारा सॉल्ट लेक सिटी में रह रहे सन्तों पर बहुत असर पड़ा, और हजारों लोग सॉल्ट लेक मंडप में उनकी अन्त्येष्टि क्रिया में उपस्थित थे ।

एल्डर जॉन गिब्स, विलियम बेरी, विलियम जोन्स, और हेनरी थॉमसन ने गिरजाघर के बारे में लोगों के विचारों को बदलने की कोशिश के लिए अधिकतर टैनिसी की यात्रा की थी । उन्होंने सब्त की सुबह अगस्त 1884 में टेनिसी में कैन क्रीक के पास जेम्स कोनडर के घर में विश्राम किया था । जब एल्डर गिब्स ने धर्मशास्त्र पढ़ा और अपने संदेश के लिए निर्धारित विषय को देख रहा था ।, उपद्रवी जंगल से निकल कर आए और गोली चलानी शुरु कर दी । एल्डर गिब्स और बेरी मारे गए । एल्डर गिब्स, एक विद्यालय के शिक्षक, पत्नी और तीन बच्चों को अपनी मौत पर रोता छोड़ गए । बहन गिब्स ने 43 वर्षों तक विधवा का जीवन बिताया था और अपने बच्चों की देखरेख के लिए दाई बन गई । वह सुसमाचार में विश्वासी रहते हुए मरी थीं, अपने पति के साथ आनन्दमय पुनःमिलन की आशा करते हुए । ब्रिग्हम हेनरी रोबर्ट, कत्लों के समय कार्यकारी मिशन अध्यक्ष, अपना जीवन खतरे में डाल भेस बदल कर गिब्स और बैरी के शरीरों को खोद करले आया था । उसने यूटाह को शरीर वापस कर दिए, जहां दो एल्डरों के सम्मान में कई वार्डों ने समृति सभाएं रखी थीं ।

दूसरे क्षेत्रों में प्रचारकों को तब तक मारा गया जब तक कि उनकी पीठ से खुन नहीं बहने लगा था, और बहुतों के चाबुकों के घाव के निशान उन्हें उनकी क्रब तक ले गए थे । यह गिरजाघर का सदस्य बनने का आसान समय नहीं था ।

बहुत से गिरजाघर के मार्गदर्शक संघीय अधिकारियों द्वारा पकड़े जाने से बचने के लिए छुप रहे थे जो उन पुरुषों को ढूंढ रहे थे जिनकी एक से अधिक पत्नियाँ थीं । परिवार देर रात में इन अधिकारियों के अनधिकार प्रवेश से डरे हुए थे । अध्यक्ष जोर्ज क्यु. कैनन, लोरेन्जो स्नो, रड्जर क्लॉसन, ब्रिग्हम हेनरी रोबर्ट, जोर्ज रेनोल्ड्स, और बहुत से अन्यों को जेल में भेज दिया था, जहाँ उन्होंने पुस्तकें लिखकर, विद्यालय पढ़ाकर, और अपने परिवारों को खत लिखकर समय बिताया । जॉन टेलर को जबरदस्ती निर्वासन में कैसवीले, यूटाह सॉल्ट साल्ट सिटी से लगभग 20 मील दूर में

रहने के लिऐ कहा, जहां वह 25 जुलाई 1887 को मर गए थे । वह विश्वास और साहस के व्यक्ति थे जिन्होंने अपना जीवन यीशु मसीह की अपनी गवाही और पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया था ।

अध्यक्ष विलफर्ड वूडरफ

विलफर्ड वूडरफ गिरजाघर के एक बहुत ही सफल प्रचारकों में से एक थे और अपनी भविष्यवाणी संबंधी अंतर्दृष्टि और गिरजाघर के प्रति निष्ठा के लिए जाने जाते थे । उन्होंने विशेष दैनिकी रखी थी, जो गिरजाघर के पहले के इतिहास के बारे में अधिक जानकारी देती है । वह बारह प्रेरितों की परिषद के अध्यक्ष के रूप में सेवा कर रहे थे जब जॉन टेलर की मृत्यु हो गई थी, और लगभग दो वर्ष के पश्चात उन्हें गिरजाघर के अध्यक्ष के रूप में समर्थन दिया गया था ।

उनके प्रबन्धन के दौरान, अन्तिम-दिनों के सन्तों के विरूद्ध राजनीतिक धर्मयुद्ध तेज हो गया था, परन्तु गिरजाघर आगे बढ़ता रहा था । यूटाह के तीन शहरों में मन्दिर काम कर रहे थे—सन्त जोर्ज, लोगन, और मनटाई—और सॉल्ट लेक मन्दिर लगभग तैयार तैयार था । प्रभु के इन घरों ने हजारों सन्तों को अपनी इन्डोवमेन्ट प्राप्त करने और अपने प्रिय मृतकों के लिए धर्मविधि करने के लिए समर्थ बनाया था । अध्यक्ष वूडरफ की मन्दिर और पारिवारिक इतिहास कार्य में जीवन भर की रूचि थी । उन्होंने कई अवसरों में सन्तों को मन्दिर में अपने पूर्वजों के लिए धर्मविधियाँ करने के लिए सचेत किया था ।

निम्नलिखित घटना उस कार्य के महत्व पर ज़ोर देती है जो सन्त मृतकों के लिए सम्पन्न कर रहे थे । मई 1884 में, लोगन द्वितीय वार्ड के धर्माध्यक्ष हेनरी वलार्ड अपने घर में मन्दिर संस्तुतियों पर हस्ताक्षर कर रहे थे । हेनरी की पांच वर्ष की लड़की, जो अपने घर के पास फूटपाथ पर दोस्तों से बातें कर रही थी, दो पुरूषों को आते देखा । उन्होंने उसे बुलाया, और उसको अखबार दिया, और उससे कहा कि इसे अपने पिताजी को दे देना ।

लड़की ने वैसा ही किया जैसा उसे करने को कहा गया था । धर्माध्यक्ष वलार्ड ने उस अखबार को देखा, इग्लैंड में छपा, *न्युबरी सप्ताहिक समाचार*, जिसमें वंशावली जानकारी के साथ, उसकी और उसके पिता की जान पहचान के 60 से ज्यादा लोगों का नाम था । 15 मई 1884 तिथि का, यह अखबार, इसके छपने के सिर्फ तीन दिन बाद उसे दिया गया था । हवाई परिवहन के कई समय पहले, जब डाक इग्लैंड से पश्चिमी अमेरिका पहुंचने में कई सप्ताह लेती थी, यह एक चमत्कार था ।

अगले दिन, धर्माध्यक्ष बलार्ड अखबार को मन्दिर ले गये और इसके पहुंचने की कहानी मन्दिर के अध्यक्ष, मारिनर डबल्यु. मैरिल को बताई । अध्यक्ष मैरिल ने घोषणा की, भाई बलार्ड, दूसरी तरफ कोई है जो अपने कार्य पूरे होने के लिए उत्तेजित हैं और वे जानते हैं कि तुम इसे करोगे अगर यह अखबार तुम्हारे हाथों में पड़ा ।[7] यह अखबार सॉल्ट लेक शहर, यूटाह में गिरजाघर की ऐतिहासिक पुस्तकालय में बचाकर रखा गया है ।

अत्याचारों के बावजूद भी, गिरजाघर के मार्गदर्शक ने तब भी पश्चिमी अमेरिका में अस्थिर क्षेत्रों को बसाने के लिए प्रोत्साहित किया । 1885 के आरम्भ में, बहुत से अन्तिम-दिनों के परिवार कोलोनिया जुआरेज और कोलोनिया डिआज जैसे शहरों को स्थापित करते हुए, सोनोरा और चिहुआहुआ, मैक्सिको में बस गए थे । पूर्वी मैक्सिको में अन्य क्षेत्रों ने अप्रवासी गिरजाघर के सदस्यों को स्वीकार किया था ।

गिरजाघर के सदस्यों ने बसाने के स्थान के लिए पूर्वी कैनेडा की ओर देखा । चार्ल्स ओ. कार्ड, जिन्होंने कैची घाटी स्टेक के अध्यक्ष के रूप में सेवा की थी, ने 1886 में दक्षिणी अलबर्टा में एक अन्तिम-दिनों के सन्तों का समुदाय स्थापित किया था । 1888 की सर्दीयों के दौरान, 100 से ज्यादा अन्तिम-दिनों के सन्त पश्चिमी कैनेडा में

रहते थे, 1890 के दौरान और भी आये, और सिंचाई प्रणाली और रेल सड़क बनाने में मेहनत की । बहुत से गिरजाघर के मार्गदर्शक अलबर्टा में ही बड़े हुए थे ।

राजकीय घोषणा पत्र

जब 1880 नजदीक आया, संयुक्त राज्य की सरकार ने अतिरिक्त कानून पास किये जिसने अनेक विवाह को अमल करने वालों के मतदान देने और अदालती पंच-समिति पर कार्य करने के अधिकार से वंछित कर दिया था और सम्पत्ति जो गिरजाघर ले सकता था पर कठोर प्रतिबन्ध लग गया था । अन्तिम-दिनों के परिवारों ने और पीड़ा उठाई थी जब और अधिक पिता छुपने लगे । अध्यक्ष वूडरफ ने प्रभु से निर्देशन के लिए याचना की । 23 सितम्बर 1890 की शाम, भविष्यवक्ता, प्रेरणा में कार्य करते हुए, एक राजकीय घोषणा-पत्र लिखा, एक दस्तावेज जिसने गिरजाघर के सदस्यों के लिए अनेक विवाह करने को समाप्त करना था । प्रभु ने अध्यक्ष वूडरफ को दिव्यदर्शन में दिखाया था कि जब तक अनेक विवाह का रिवाज बन्द नहीं होता था, संयुक्त राज्य सरकार मन्दिरों पर कब्जा कर लेती, इस प्रकार जीवित और मृतकों के लिए कार्य का समापन ।

24 सितम्बर 1890 को, प्रथम अध्यक्षता और बारह प्रेरितों की परिषद ने राजकीय घोषणा-पत्र को समर्थन दिया । अक्टूबर 1890 की जनरल सम्मेलन में सन्तों ने इसको स्वीकृति दी । आज यह दस्तावेज सिद्धान्त और अनुबंध में अधिकारी घोषणा 1 के रूप में सम्मिलित है ।

गिरजाघर के कदम उठाने के पश्चात, संघीय अधिकारियों ने बहुविवाह विरोध को भंग करने वाले दोषी अन्तिम दिनों के सन्त पुरूषों के लिए एक माफीनामा जारी किया था और बहुत से अत्याचार बंद हो गए थे । लेकिन, जैसा कि अध्यक्ष वूडरफ ने बताया थाः मैं सारे मंदिरों को अपने हाथ से जाने देता; मुझे स्वयं कैद में चले जाना चाहिए था, और हर दूसरे व्यक्ति को वहां जाने देता, स्वर्ग का परमेश्वर मुझे वो करने की आज्ञा नहीं देने देता था जो मैंने किया था; और घड़ी आई कि मुझे वह करने की आज्ञा दी गई, यह मेरे लिए स्पष्ट थी । मैं परमेश्वर के सम्मुख गया, और मैंने वो ही लिखा जो प्रभु चाहता था कि मैं लिखूँ (अध्यक्ष वूडरफ द्वारा तीन सम्बोधनों से राजकीय घोषणा पत्र के बारे में उद्धरण अधिकारी घोषणा—1 के बाद सम्मलित हैं) । परमेश्वर ने अनेक विवाह सम्बन्धी अस्वीकृति कानून बनाया था, ना कि संयुक्त राज्य कांग्रेस ने ।

वंशावली समाज

अन्तिम-दिनों के सन्तों के वंशावली समुदाय स्थापित करने के बहुत समय पहले, गिरजाघर के सदस्य ने अपने मृतक पूर्वजों के जीवन के दस्तावेज से संबंधी अभिलेखों को एकत्रित किया था । विलफर्ड वूडरफ, ओर्सन प्रैट, और हीबर जे. ग्रान्ट उनमें से थे जिन्होंने हजारों पूर्वजों के नामों का प्राप्त किया था और जिनके लिए उन्होंने मन्दिर धर्मविधियां संपन्न की थी । 1894 में, प्रथम अध्यक्षता निर्देशन दिया था कि एक वंशावली समुदाय इसके प्रथम मार्गदर्शक के रूप में एल्डर फ्रैन्कलिन डी. रिचर्ड के साथ संगठित करना चाहिए । एक पुस्तकालय स्थापित किया गया, और समुदाय के प्रतिनिधि पूरी दुनिया में उन लोगों के नाम की खोज में चले गए जिनके लिए मन्दिर धर्मविधि संपन्न की जा सके । यह समुदाय गिरजाघर के पारिवारिक इतिहास कार्यालय के निर्माण की ओर ले गया ।

अप्रैल 1894 के जनरल सम्मेलन के दौरान, अध्यक्ष वूडरफ ने घोषणा की थी कि उन्होंने वंशावली कार्य के बारे में एक प्रकटीकरण प्राप्त किया था । उन्होंने घोषणा की थी कि परमेश्वर चाहता था कि अन्तिम-दिनों के सन्त ''जहां तक उनसे हो सके अपनी वंशावली का पता करें, और अपने पिताओं और माताओं के साथ मुहरबंद हो जाएं ।

बच्चे अपने माता-पिताओं के साथ मुहरबंद हो जाएं और इस कड़ी को चलाये जितनी दूर तक यह आपको मिल सकती है .... प्रभु की यह अपने लोगों के लिए इच्छा थी,'' उन्होंने कहा, और मेरे विचार से जब आप इस पर विचार करेंगे आप इसे सच्चा पाएंगे ।''[8] अन्तिम-दिनों के सन्तों को आज भी अपने मृत पूर्वजों के अभिलेखों को ढूंढने और उनके बदले में मन्दिर धर्मविधियों को संपन्न करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।

1885 से 1900 तक, बहुत से गिरजाघर के सदस्यों ने वंशावली मिशन में सेवा की थी । उन्हें जनरल अधिकारियों से उनके मिशन के लिए आशीष प्राप्त करने को सॉल्ट लेक शहर आमन्त्रित किया गया था । उन्हें प्रचारक कार्ड और एक नियुक्ति पत्र दिया गया था । उन्होंने रिश्तेदारों से मुलाकात की, क्रब के पत्थरों से नामों को अंकित किया, और उपक्षेत्र अभिलेखों और पारिवारिक बाइबिलों का अध्ययन किया, और उन मूल्यवान जानकारी के साथ अपने घरों को वापस आये जिसने मन्दिर कार्य संपन्न करने में सहायता की थी । बहुत से प्रचारकों ने आत्मिक अनुभवों को बताया जिसने उन्हें दृढ़ विश्वास दिलाया था कि प्रभु उनके साथ था और प्रायः उन्हें एक ज़रूरी स्रोत या रिश्तेदार की निर्देशित किया था ।[9]

सॉल्ट लेक मन्दिर का समर्पण

अध्यक्ष विलफर्ड वूडरफ ने अपना अधिकतर जीवन मन्दिर कार्य में लगाया था । वह सन्त जोर्ज मन्दिर के पहले अध्यक्ष थे, और उन्होंने मन्टी मन्दिर को समर्पित किया था । अब, सॉल्ट लेक मन्दिर के कोने के पत्थर को रखने के 40 वर्ष पश्चात, अध्यक्ष वूडरफ ने इस सीमा चिन्ह मन्दिर के समपर्ण के लिए बहुत ही आशा के साथ इन्तजार किया था । समपर्ण सभाएं 6 अप्रैल से 18 मई 1893 तक रखी गई थीं, और लगभग 75,000 लोग उपस्थित थे ।[10]

6 अप्रैल को प्रांरभिक समपर्ण सभा के बाद, अध्यक्ष वूडरफ ने अपनी दैनिकी में लिखा थाः ''परमेश्वर की आत्मा और शक्ति हमारे ऊपर डाली गई थी । भविष्यवाणी और प्रकटीकरण की आत्मा हमारे ऊपर थी और लोगों के हृदय पिघल गए थे और बहुत सी बातें हमें बताई गई थीं ।''[11] कुछ अन्तिम-दिनों के सन्तों ने स्वर्गदूतों को देखा था, जबकि अन्यों गिरजाघर के पुराने भविष्यवक्ताओं और अन्य मृत गिरजाघर के मार्गदर्शकों को देखा था ।[12]

जब अध्यक्ष वूडरफ ने अपना नव्बेवां जन्म दिन मनाया था, हजारों रविवार विद्यालय के बच्चे उनका सम्मान करने के लिए मन्दिर चौराहे पर मंडप में भर गए थे । वह बहुत भावुक हो गए थे और, बहुत भावुकता के साथ कहते हुए, अपने युवा श्रोताओं से बोला कि जब वह दस वर्ष के थे तो वह एक प्रोटेस्टेंट रविवार विद्यालय गए थे और प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं के बारे में पढ़ा था । जब वह घर वापस आये, उन्होंने प्रार्थना की कि काश वह ज्यादा जीये ताकि वह पृथ्वी पर फिर से प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं को देख सकें । आज वह उन पुरूषों के बीच में खड़े थे जो प्रेरित और भविष्यवक्ता दोनों थे; उनकी प्रार्थना का कई बार जवाब मिला था ।[13]

एक वर्ष पश्चात बाद 2 सितम्बर 1898 को, सैन फ्रांसिसको का दौरा करने के दौरान अध्यक्ष वूडरफ की मृत्यु हो गई थी ।

अध्यक्ष लोरेन्जो स्नो और दसमांश

अध्यक्ष वूडरफ की मृत्यु के पश्चात, लोरेन्जो स्नो, बारह की परिषद के अध्यक्ष, गिरजाघर के अध्यक्ष बने । वह एक बुद्धिमान और प्रिय मार्गदर्शक थे जो अपनी जिम्मेदारियों के लिए पूरी तरह से तैयार थे । उस समय तक वह प्रत्येक अन्तिम-दिनों के भविष्यवक्ता को जानते थे और उनसे शिक्षा पा रहे थे । नवम्बर 1900 में, उन्होंने सन्तों को मंडप में एकत्रित होने को कहा था जहां वह अक्सर भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ और उनके परिवार से मिलने

जाते थे, और उनके मेज़ पर रात्रि भोजन खाते थे, और उनके साथ उनका निजि साक्षात्कार होता था । वह जानते थे कि जोसफ परमेश्वर का एक भविष्यवक्ता था क्योंकि प्रभु ने उसे ''अत्यधिक स्पष्टता और पूर्णता'' के साथ इस सच्चाई को उसे बताया था ।[14]

अध्यक्ष स्नो के प्रबन्ध के दौरान, गिरजाघर ने गंभीर वित्तीय मुसिबतों को सामना किया था जो अनेक विवाह के विरूद्ध संघीय सरकार के कानून के द्वारा लाई गई थीं । गिरजाघर को इसके कमजोर कर देने वाले कर्ज से कैसे मुक्ति दिलाये के बारे में अध्यक्ष स्नो ने चिंतन किया और नेतृत्व के लिए प्रार्थना की थी । अप्रैल 1899 के जनरल सम्मेलन के पश्चात, वह सन्त जोर्ज, यूटाह का दौरा करने के लिए प्रेरित हुए थे । सभा में बोलने के दौरान वह कुछ समय के लिए रूके, और जब उन्होंने शुरू किया, उन्होंने घोषणा की थी कि उन्हें एक प्रकटीकरण प्राप्त हुआ है । गिरजाघर के लोगों ने दसमांश के कानून को अनदेखा किया था और प्रभु ने उन्हें बताया था कि यदि गिरजाघर के सदस्य अधिक विश्वास के साथ पूरा दसमांश दें, आशीषें उन पर बरसेंगी ।

भविष्यवक्ता ने पूरे यूटाह में समुदायों को दसमांश के महत्व का प्रचार किया था । सन्तों ने उनकी सलाह का पालन किया, और उस वर्ष उन्होंने पिछले वर्ष का मिलाकर के दुगना दसमांश दिया था । 1907 तक, अपने सारे लेने वालों का भुगतान करने और कर्ज मुक्त हो जाने के लिए गिरजाघर के पास पर्याप्त निधियां थीं ।

1898 में, युवा औरतों की पारस्परिक विकास संस्था के जनरल परिषद के अगवानी पर, अध्यक्ष जोर्ज क्यु. कैनन ने घोषणा की थी कि प्रथम अध्यक्षता ने कुछ हमारी समझदार और बुद्धिमान स्त्रियों को प्रचारक के क्षेत्र में बुलाने का निर्णय लिया था ।[15] इस समय से पूर्व, बहुत सी बहनें अपने पतियों के साथ मिशन पर गई थीं, परन्तु यह पहली बार था कि गिरजाघर ने बहनों को प्रभु यीशु मसीह के प्रचारक दूतों के रूप में औपचारिक तौर पर नियुक्त किया था । जैसे कि मिशन सेवा करने का बहनों का कर्तव्य नहीं है, दशकों पहले हजारों ने इस सौभाग्य का उपयोग कर पूरे समय के प्रचारकों के रूप में साहस से प्रभु की सेवा की थी ।

अध्यक्ष लोरेन्जो स्नो ने बीसवी सदी में गिरजाघर का नेतृत्व किया था । जब नयी सदी आरम्भ हुई, गिरजाघर में 43 स्टेक, 20 मिशन, और 967 वार्ड और शाखाएं थीं । 283,765 सदस्य थे, उनमें से अधिकतर संयुक्त राज्य के रॉकी पर्वत क्षेत्र में रहते थे । चार मन्दिर चल रहे थे, और *किशोर प्रशिक्षक, विकसित युग, युवा स्त्री की दैनिकी* में गिरजाघर के बारे में इसके सदस्यों के लिए लेख होते थे । उड़ती खबर फैली कि कम से कम एक नया मिशन खुल सकता है, और अन्तिम-दिनों के सन्त मुश्किल से कल्पना कर सकते थे कि अगले सौ वर्ष क्या लाएंगे । तौभी उन्हें भरोसा था कि गिरजाघर के भाग्य के बारे में भविष्यवाणियां पूरी होंगी ।

गिरजाघर का विस्तार

1901 से 1970 तक, चार भविष्यवक्ताओं ने फैल रहे गिरजाघर पर अध्यक्षता की थी—जोसफ एफ. स्मिथ, हीबर जे. ग्रान्ट, जोर्ज अलबर्ट स्मिथ, और डेविड ओ. मैके । इन अध्यक्षों ने घोड़ों और घोड़ा गाड़ी परिवहन से बाहरी दुनिया में रॉकेट द्वारा यात्रा में परिवर्तन के दौर को देखा था थीं । दो विश्व युद्ध और विश्व मन्दी ने सन्तों को चुनौती दी थी । इस समय के दौरान, नौ मन्दिर बने । 1901 में, 50 स्टेकों में लगभग 300,000 सदस्य थे और 1970 तक पूरी दुनिया में गिरजाघर में 500 स्टेकों में 2,800,000 सदस्य एकत्रित हुए थे ।

अध्यक्ष जोसफ एफ. स्मिथ

जोसफ एफ. स्मिथ का जन्म 1838 में दूर पश्चिम में मन्दिर के स्थान के पास छोटे कमरे में मिसुरी के बढ़ते अत्याचारों के दौरान हुआ था । जोसफ के जन्म के समय, उनके पिता हाईरम स्मिथ, रिकमोन्ड, मिसुरी में कैद थे, और उनकी माँ, अपने बच्चों की देख रेख के लिए अकेली रह गई थीं ।

युवा जोसफ अपने परिवार के साथ मिसुरी से नावू, इलिनोईस गए थे, जहां एक घटना घटी थी जो उन्हें अपने पूरे जीवन भर याद रही थी—कार्थेज जेल में उनके पिता और अंकल की हत्या । जोसफ अपने पिता को आखरी बार देखना नहीं भूल पाये थे जब, कार्थेज की ओर घोड़े पर जाते हुए, उसने अपने बेटे को उठाया, और उसे चुमा, और नीचे रख दिया था । न ही वह पड़ोसी का खिड़की पर खटखट करने की आवाज के डर को भूल सकता था कि उसकी माँ को बताना कि हाईरम की हत्या कर दी गई थी । नावू में मैनसन हाऊस में अपने पिता और अंकल को ताबूत में पड़ा होने का दृश्य उनकी याददाशत से कभी धुमिल नहीं हुआ था ।

लड़का जोसफ लगभग एक रात में ही एक आदमी बन गया था । जब मैरी फिल्डिंग स्मिथ और उनका परिवार नावू से निर्गमन में शामिल हो गया, 7 वर्ष के जोसफ उनके बैल गाड़ी का हांकनेवाला था । जोसफ 13 साल के थे जब उनकी मां का देहान्त हो गया था, और वह अनाथ रह गए, और इससे पहले कि वह 16 वर्ष के होते, वह सैंडविच द्वीप (बाद में हवाइ द्वीप कहलाने लगा) को मिशन पर चले गए । होनोलुलु में पहुँचने के तीन महीनों के अन्दर, वह देशी भाषा पूरी तरह से बोलने लगे, उनके उपर बारह के एल्डर पारले पी. प्रैट और ओर्सन हैडी ने एक आत्मिक उपहार प्रदान किया था, जिन्होंने उसे नियुक्त किया था । जब वह 21 के थे, वह दूसरे मिशन पर चले गए, इस बार ब्रिटिश द्वीप में तीन वर्षों के लिए ।

जोसफ सिर्फ 28 वर्ष के थे जब अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग ने प्रभावित होकर उन्हें प्रेरित नियुक्त किया था । परवर्ती वर्षों में उन्होंने गिरजाघर के चार अध्यक्षों के लिए एक सलाहकार के रूप में सेवा की थी । जब लोरेन्जो स्नो की अक्टूबर 1901 में मृत्यु हो गई थी, तब जोसफ एफ. स्मिथ गिरजाघर के छठे अध्यक्ष बने थे । वह सुसमाचार सच्चाई के विस्तार

और बचाव के लिए अपनी योग्यता के लिए जाने जाते थे । उनके संदेश और लेख एक पुस्तक में संकलन किये जाते थे जिसका शीर्षक था सुसमाचार सिद्धान्त, जो गिरजाघर के महत्वपूर्ण सैद्धान्तिक मूल ग्रन्थों में से एक बन गया था ।

बीसवीं सदी के आरम्भ के दशकों में, गिरजाघर कई महत्वपूर्ण ढंगों से आगे बढ़ रहा था । दसमांश पर निरन्तर जोर और सन्तों को विश्वासी जवाब के साथ, गिरजाघर अपने सारे कर्ज उतराने में समर्थ रहा था । समृद्धता का एक समय आया, गिरजाघर मन्दिर, आराधनालय, और अभ्यागत स्थान बनाने और गिरजाघर के ऐतिहासिक स्थानों को खरीदने में समर्थ रहा था । गिरजाघर ने सॉल्ट लेक शहर में एक प्रबंधक इमारत बनाई थी जो अभी भी इसके मुख्यालय के रूप में कार्य कर रही है ।

अध्यक्ष स्मिथ ने दुनियाभर में मन्दिरों की ज़रूरत को जाना था । बर्न, स्विटजरलैंड में 1906 के सम्मेलन में, उन्होंने अपने हाथ को फैलाया और घोषणा की, ''समय आएगा जब यह भूमि मन्दिरों से चिन्हित की जाएगी, जहाँ आप जाकर अपने मृतकों को मुक्ति दिला सकते हैं ।''[1] यूरोप में पहला अन्तिम-दिनों का मन्दिर, स्विस मन्दिर, लगभग आधी शताब्दी बाद उस शहर के उपनगर में समर्पित किया गया था जहां अध्यक्ष स्मिथ ने अपनी भविष्यवाणी की थी । अध्यक्ष स्मिथ ने 1913 में, कार्डस्टन, अलबर्टा, कैनेडा में मन्दिर के लिए और 1915 में हवाइयन में मन्दिर के लिए भूमि को समर्पित किया था ।

1900 के आरम्भ में, गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने सन्तों को यूटाह में एकत्रित होने की बजाय अपने स्वयं के देशों में रहने के लिए प्रोत्साहित किया था । 1911 में जोसफ एफ. स्मिथ और प्रथम अध्यक्षता में उनके सलाहकारों ने इस बयान को जारी कियाः ''यह इच्छा की जाती है कि हमारे लोग अपने स्वयं के देशों में ही रहें और प्रचार के कार्य में सहायता के लिए एक स्थिर चरित्र के समुदायों को बनाएं ।''[2]

अध्यक्ष स्मिथ की मृत्यु के छः सप्ताह पहले, उन्होंने बूराइयों की मुक्ति के बारे में एक महत्वपूर्ण प्रकटीकरण प्राप्त किया था । अपने स्वप्न में उन्होंने आत्मा की दुनिया में उद्धारक की सेवकाई को देखा था और सीखा कि विश्वासी सन्तों के पास आत्माओं की दुनिया में सुसमाचार की शिक्षा देने का अवसर होगा । यह प्रकटीकरण 1976 में अनमोल मोती में जोड़ा गया था और 1979 में सिद्धान्त और अनुबंध को 138 भाग के रूप में तबदील कर दिया गया था ।

अध्यक्ष हीबर जे. ग्रान्ट

नवम्बर 1918 में उनकी मृत्यु के थोड़े समय पहले, अध्यक्ष जोसफ एफ. स्मिथ ने हीबर जे. ग्रान्ट, जो तब बारह के अध्यक्ष थे, को हाथों से लिया और कहाः ''प्रभु तुमको आशीष देगा, मेरे बेटे, प्रभु तुमको आशीष दे, तुम्हारे पास बड़ी जिम्मेदारी है । हमेशा याद रखना कि यह प्रभु का कार्य है मनुष्य का नहीं । प्रभु किसी भी मनुष्य से महान है । वह जानता है कि वह किसे चाहता है कि उसके गिरजाघर का नेतृत्व करे, और कभी कोई गलती न करे'' ।[3] हीबर जे. ग्रान्ट 62 वर्ष की उम्र में गिरजाघर के सातवें अध्यक्ष बने थे, 1882 से वह क प्रेरित के रूप में सेवा कर रहे थे ।

एक युवक के रूप में और अपने पूरे जीवनभर, हीबर ने अपने लक्ष्यों को पाने में एक अनोखा इरादा दिखाया था । एक विधवा माँ द्वारा पाले-पोषे गये इकलौते बच्चे के नाते, उन्हें अपनी उम्र के अन्य लड़कों की गतिविधियों से कुछ कुछ अलग ही रहे । जब उन्होंने बेसबाल टीम के लिए कोशिश की थी, उन्हें उनकी जटिलता और गुण की कमी के कारण चिढ़ाया गया और टीम के एक सदस्य के रूप में स्वीकार नहीं किया गया । निराश होने की बजाय, उन्होंने बॉल फैकने का निरंतर अभ्यास करने में कई घण्टे लगाए थे और अंत में दूसरे दल के सदस्य बने और उस दल ने कई बार स्थानीय चैम्पियनशीप जीती थी ।

गिरजाघर ने कल्याण खेतों को उन ज़रूरतमन्दों के लिए भोजन उपलब्ध कराने में सहायता के लिए स्थापित किए थे। गिरजाघर के सदस्यों ने अपनी मेहनत को सम्मिलित किया था, 1933 में चुकंदर के खेतों पर काम कर रहे इन सन्तों द्वारा उदाहरण के रूप में।

एक लड़के के रूप में वह एक बही-खाता रखने वाला बनना चाहते थे जब उन्हें पता चला कि उन्हें जूते चमकाने के काम से ज्यादा पैसे मिलेंगे। उन दिनों में, एक बही-खाता रखने वाला बनने के लिए लेखनकला गुण की आवश्यकता होती थी, लेकिन उनकी लिखाई इतनी गन्दी थी कि उनके दो दोस्तों ने कहा था कि यह मुर्गी की चाल की तरह लगती है। दुबारा से, वह निराश नहीं हुए थे बल्कि अपनी लेखनकला का अभ्यास करने में बहुत घण्टे बिताये थे। वह अपनी सुंदर लिखावट की योग्यता के लिए बहुत प्रसिद्ध बन गए, और आखिरकर एक विश्वविद्यालय में लेखनकला की शिक्षा दी थी, और प्रायः महत्वपूर्ण दस्तावेजों को लिखने के लिए उन्हें बुलाया जाता था। वह बहुत से लोगों के लिए एक बहुत बड़ा उदाहरण था जिन्होंने प्रभु और अपने भाई-बन्धुओं की सेवा करने में उनसे जो कुछ हो सकता था उसे उत्तम ढंग से करने के उनके इरादे को देखा था

अध्यक्ष ग्रान्ट एक बुद्धिमान और सफल व्यापारी थे जिनके गुणों ने उनकी दुनियाभर के वित्तिय मन्दी और इससे हुई निजि समस्याओं से गिरजाघर को निकालने में सहायता की थी। वे आत्म-निर्भर में और प्रभु पर निर्भर रहने और अपनी स्वयं की कड़ी मेहनत दृढ़ विश्वास रखते थे, सरकार के उपर नहीं। उन्होंने अपने कमाये हुए पैसों से कई ज़रूरतमन्द लोगों को आशीषित किया था।

1930 में सन्तों ने, दुनिया में बहुत से अन्य लोगों के समान, महान कष्ट के दौरान बेरोजगारी और गरीबी के साथ संघर्ष किया था। 1936 में, प्रभु से प्रकटीकरण के परिणाम स्वरूप, अध्यक्ष ग्रान्ट ने ज़रूरतमन्दों की सहायता करने और सदस्यों की आत्म-निर्भर बनने में सहायता करने के लिए गिरजाघर के कल्याण कार्यक्रम को स्थापित किया

था । प्रथम अध्यक्षता ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा थाः ''हमारा प्राथमिक उद्देश्य जहां संभव हो सके एक प्रणाली स्थापित करना है जिसके अन्दर खैरात की बुराइयों के खत्म होने के साथ-साथ, आलसीपने का श्राप दूर हो जाएगा, और स्वतन्त्रता, मेहनत, कमखर्ची और आत्म-सम्मान एक बार फिर हमारे लोगों के बीच स्थापित होगी । गिरजाघर का उद्देश्य लोगों को अपने आप की सहायता करने में मदद करना है । कार्य हमारे गिरजाघर की सदस्यता के जीवन के शासिक नियमों के रूप में पुनःप्रतिष्ठा बनना है ।''[4]

अध्यक्ष छोटे जे. रूबेन क्लार्क, जिन्होंने 28 वर्षों तक प्रथम अध्यक्षता में एक सलाहकार के रूप में सेवा की थी, जोर दिया था, कल्याण योजना का लम्बे समय का वास्तविक उद्देश्य गिरजाघर के सदस्यों में चरित्र को बनाना है, देने वाले और लेने वाले, सबको मुक्त करना जो उनके अन्दर गहराई तक है, और छिपी हुई धनी आत्मा को फूल और फलागम में लाना है' ।''[5]

गिरजाघर में कल्याण प्रयासों को देखने के लिए 1936 में एक जनरल कल्याण सीमिति स्थापित की गई थी । हेरोल्ड बी. ली, पथपदर्शक स्टेक के अध्यक्ष, को सीमिति का प्रबन्धक निर्देशक बनाया गया था । बाद में डेज़रट उद्योग स्टोर बेरोजगारों और अपंगों की सहायता के लिए विकसित किए गए, और खेत और उत्पादन परियोजनाएं ज़रूरतमन्दों की सहायता करने के लिए स्थापित की गई थी । कल्याण कार्यक्रम आज भी लगातार हजारों लोगों को आशीषित करता है, गिरजाघर के ज़रूरतमन्द सदस्यों और पुरी दुनिया में दरिद्र परिस्थितियों में अन्य लोगों दोनों की भी सहायता करता है ।[6]

जिस समय प्रचारक कार्य लगातार विस्तार की तेजी में बढ़ रहा था अध्यक्ष ग्रान्ट अति असाधारण धर्मपरिवर्तन में साधन थे । विसेन्जो डी फ्रान्सेस्का, धर्म का एक इटली वासी सेवक, अपने गिरजाघर की ओर न्युयार्क शहर की सड़क पर जा रहा था जब उसने राख से भरे एक पीपे में बिना जिल्द के एक पुस्तक देखी । उसने पुस्तक को उठाया, और पृष्ठों को पलटा, और पहली बार नफी, मुसायाह, अलमा, और मरोनी के नामों को देखा था । वह पुस्तक को पढ़ने के लिए यद्यपि वह इसका नाम या स्थान नहीं जानता था, इसकी सच्चाई के बारे में जानने को प्रार्थना करने के लिए प्रभावित हुआ । जब उसने ऐसा किया, उसने कहा ''जैसे कि कोई बहुमुल्य और असाधारण चीज़ के मिलने पर, आनन्द के एक अहसास, ने मेरी आत्मा को सांत्वना दी और मुझे एक आनन्द के साथ छोड़ दिया जो मानव भाषा वर्णन करने के लिए शब्दों को नहीं ढूंढ सकती है ।'' वह अपने गिरजाघर के लोगों को पुस्तक में नियमों की शिक्षा देने लगा । उसके गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने उसे ऐसा करने के लिए अनुशासित किया और यहां तक की उसे पुस्तक को जलाने के लिए कहा, जो उसने करने से मना कर दिया ।

वह बाद में इटली वापस आया, जहां 1930 में उसने जाना कि पुस्तक अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर द्वारा प्रकाशित हुई थी । उसने यूटाह में गिरजाघर को एक पत्र लिखा जो आगे अध्यक्ष ग्रान्ट को दिया गया । अध्यक्ष ग्रान्ट ने उसे इटली भाषा में मॉरमन की पुस्तक की एक कॉपी भेजी और यूरोपियन मिशन के अध्यक्ष को उसका नाम दिया । युद्ध के समय की मुश्किलों ने विसैनजो को कई वर्षों तक बपतिस्मा लेने से रोके रखा था, लेकिन वह आखिरकर 18 जनवरी 1951 को गिरजाघर का सदस्य बनने में समर्थ रहा, सिसली द्वीप पर बपतिस्मा लेने वाला पहला व्यक्ति । पांच वर्ष के पश्चात वह स्विस मन्दिर में इन्डोव हुआ था ।[7]

6 मई 1922 को अध्यक्ष ग्रान्ट ने गिरजाघर का पहला रेडियो स्टेशन समर्पित किया था । दो वर्ष पश्चात स्टेशन जनरल सम्मेलन अधिवेशन का प्रसारण आरम्भ किया, गिरजाघर के कई सदस्यों के लिए जनरल अधिकारियों के सन्देशों को सुनना समर्थ बनाते हुए । उसके बाद ज्यादा लम्बे समय तक नहीं, 1929 की जुलाई में, मंडप मंडली ने

संगीत और कहन वाले शब्द का पहला कार्यक्रम प्रसारित किया था, प्रेरित संगीत और कहने वाले संदेश का एक साप्ताहिक प्रसारण । वर्तमान समय में प्रत्येक सप्ताह यह कार्यक्रम निरन्तर प्रसारित होता है ।

अध्यक्ष ग्रान्ट की मृत्यु 14 मई 1945 में हुई थी । गिरजाघर के अध्यक्ष के रूप में उनकी 27 वर्ष की सेवा लम्बी अवधि से देखी जाए तो सिर्फ ब्रिग्हम यंग की सेवा के वर्षों से ।

अध्यक्ष जोर्ज अलबर्ट स्मिथ

हीबर जे. ग्रान्ट के बाद जोर्ज अलबर्ट स्मिथ गिरजाघर अध्यक्ष बने । अध्यक्ष स्मिथ, जिनका जीवन सुसमाचार जीने में पाई खुशियों का एक उदाहरण था, गवाही दी थीः ''प्रत्येक खुशी और प्रत्येक आनन्द जो नाम के योग्य रहा है परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करने और उसकी सलाह और सहमति का पालन करने का परिणाम रहा है ।''[8]

परमेश्वर की आज्ञाओं का और गिरजाघर के मार्गदर्शकों की सलाह का पालन करना पीड़ितों से अध्यक्ष स्मिथ के परिवार में नेकता का एक नमूना रहा था । उनका नाम उनके पूर्वज दादा, जोर्ज ए. स्मिथ के नाम पर रखा गया था, जो भविष्यवक्ता जोसफ के चचेरे भाई थे और अध्यक्ष ब्रिग्हम यंग के एक सलाहकार भी थे । जोर्ज अलबर्ट के पिता, जोन हेनरी स्मिथ ने, जोसफ एफ. स्मिथ के अन्दर प्रथम अध्यक्षता में सेवा की थी । 33 वर्ष की उम्र में, जोर्ज अलबर्ट को बारह की परिषद के लिए बुलाया गया था । 1903 से 1910 तक, जॉन हेनरी और जोर्ज अलबर्ट ने बारह की परिषद में एक साथ सेवा की थी, इस प्रबंध में पहली बार था कि एक पिता और बेटे ने उस परिषद में एक साथ सेवा की थी ।

बारह की परिषद में जोर्ज अलबर्ट स्मिथ के 42 वर्ष, बेकार सेहत की घटनाओं के बावजुद श्रेष्ठ सेवा से भरे हुए थे । सूरज द्वारा उनकी आँखें खराब हो गई थी जब वह दक्षिणी यूटाह में रेल रोड का परिक्षण करते थे, और एक सर्जरी उनकी नजदीक के अंधेपने को सही करने में असफल रही थी । उनके समय पर बढ़ते दवाब और मांग ने उनके दुर्बल शरीर को कमजोर बना दिया था, और 1909 में वह थकावट के कारण विहोश होकर नीचे गिर गये थे । पूरी तरह से आराम करने का डाक्टर के आदेश ने उनके आत्म-विश्वास को नष्ट कर दिया, अयोग्यता के अहसास को उत्पन्न कर दिया, और उनके तनाव को उग्रतर बना दिया ।

इस बेटे की घड़ी के दौरान, जोर्ज को एक सपना आया जिसमें उन्होंने एक बड़ी झील के किनारे सुंदर सा जंगल देखा । जंगल के बीच से कुछ कदम चलने के बाद, उन्होंने अपने प्रिय दादाजी, जोर्ज ए. स्मिथ को पहचाना, जो उनकी तरफ आ रहे थे । जोर्ज जल्दी से आगे बढ़े, लेकिन जब उनके दादाजी पास आये, वह रूके और कहा, ''मैं जानना चाहता हूँ कि तुमने मेरे नाम के साथ क्या किया है ।'' उनके जीवन का विस्तृत दृश्य जोर्ज के दिमाग में से गुजरा और उन्होंने विनम्रता से उत्तर दिया, ''मैंने आपके नाम के साथ ऐसा कुछ भी नहीं किया जिससे कि आपको शर्मिन्दा होना पड़े ।'' इस सपने ने जोर्ज की आत्मा और शारीरिक बल को नया किया और वह जल्द ही काम पर वापस आ गये । बाद में वह प्रायः अनुभव की उनके जीवन में एक बड़े मोड़ के रूप में व्याख्या करते थे ।[9]

अध्यक्ष जोर्ज अलबर्ट के प्रबन्ध के दौरान, जो 1945 से 1951 तक था, गिरजाघर में सदस्यों की संख्या दस लाख तक पहुँच गई थी; आइडाहो फॉल्स, आइडाहो में मन्दिर, समर्पित किया गया था; और प्रचारक कार्य विश्व युद्ध 2 के बाद फिर से आरंभ हुआ ।

यूरोपियन सन्तों की सहायता के लिए प्रयासों को भी संगठित किया गया था जो युद्ध के परिणाम के कारण गरीब बन गए थे । संयुक्त राज्य में गिरजाघर के सदस्यों को कपड़े और अन्य उपयोगी वस्तु देने के लिए प्रोत्साहित

नेदरलैंड मिशन में अध्यक्ष कोरनेलियस जैपी और प्रचारक जर्मन सन्तों के लिए कल्याण आलुओं को संभाल रहे थे, 1947

किया था । अध्यक्ष स्मिथ इकट्ठे किये गये भोजन, कपड़े, और बिछौनों को यूरोप भेजने की अनुमति प्राप्त करने के लिए हैरी एस. ट्रूमैन, संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति से मिले । अध्यक्ष स्मिथ इस तरह से सभा की व्याख्या करते हैं:

राष्ट्रपति ट्रूमैन ने कहा था: ''तुम वहां किस लिए इसे भेजना चाहते हो? उनके पैसे इतने अच्छे नहीं है ।

मैंने कहा, हमें उनके पैसे नहीं चाहिए । उसने मेरी ओर देखा और पूछा: तुम्हारा मतलब यह तो नहीं कि तुम इसे उन्हें देने जा रहे हो?

मैंने कहा: वास्तव में, हम इसे उन्हें दे देंगे । वे हमारे भाई और बहन हैं और वे विपत्ति में हैं । परमेश्वर ने हमें अधिक्य के साथ आशीष दी है, और हम इसे भेज कर हम बहुत खुश होंगे यदि हमें सरकार का सहयोग मिले ।

उसने कहा: आप सही पथ पर हो, और आगे कहा, किसी भी तरीके से हम आपकी सहायता करने में प्रसन्न होंगे ।''[10]

समुद्र पार भेजने के लिए जिस समय यूटाह में दान अलग-अलग किये और बांधे जा रहे थे, अध्यक्ष स्मिथ तैयारी देखने के लिए आये । उनके चेहरे पर आँसू बहने लगे जब उन्होंने उपयोगी सामग्री की मात्रा को देखा था जिसे खुले दिले से दिया गया था । कुछ मिनट बाद उन्होंने अपना नया कोट उतारा और कहा, ''कृप्या करके इसे भी भेजो ।'' यद्यपि अनेक लोगों ने कहा जो उनके आस-पास खड़े थे कि उन्हें कड़ी सर्दी में इसकी ज़रूरत पड़ेगी, उन्होंने इसे भेजने के लिए जो दिया था ।[11]

बारह की परिषद के एल्डर एज्रा टफ्ट बेनसन को यूरोप में दुबारा से मिशन शुरू करने, सहायता पूर्तियों के वितरण को देखने, और सन्तों की आत्मिक ज़रूरतों का प्रबंध करने के लिए नियुक्त किया गया था । एल्डर बेनसन

प्रथम दौरा रीने नदी पर एक जर्मन शहर, कार्ल्सरूहे में सन्तों के एक सम्मेलन का था । एल्डर बेनसन ने अनुभव के बारे में बतायाः

हमने आखिरकर सभा स्थान ढूंढ लिया, एक आधी बम से उड़ी इमारत जो कि ब्लाक के भीतर में स्थापित थी । सम्मेलन के लिए सन्त हमारा दो घण्टों से इन्तजार कर रहे थे, यह आशा करते हुए कि हम आएंगे क्योंकि उन्हें बताया गया था कि हम वहां सम्मेलन में होंगे । और फिर मेरे जीवन में पहली बार मैंने लगभग पूरे श्रोतागणों की आंखों में आंसूओं को देखा था जब हम मंच पर जा रहे थे, और आखिरकर उन्हें अहसास हुआ, छः या सात वर्ष के लम्बे समय के पश्चात, सियोन से प्रतिनिधि, जैसा उन्होंने इसे रखा था, उनके पास वापस आए थे ... जब मैंने उनके उतरे हुए चेहरों को देखा, फीके, कमजोर, इनमें से बहुत से सन्तों ने चिथड़े वाले कपड़े पहने हुए थे, उनमें से कुछ नंगे पैर थे, मैं उनकी आंखों में विश्वास के प्रकाश को देख सकता था जब उन्होंने इस महान अन्तिम-दिनों के कार्य की पवित्रता के लिए गवाही दी थी, और प्रभु की आशीषों के लिए अपना आभार व्यक्त किया था ।'' [12]

उनकी बहुत सी जिम्मेदारियों में, एल्डर बेनसन ने पूरे यूरोप भर में भोजन, कपड़ों, बिस्तर, और दवाइयां से भरी हुई 127 गाड़ियों के वितरण पर पर्यवेक्षण किया था । सालों बाद जब अध्यक्ष थॉमस एस. मॉनसन जर्मनी, ज्वीकाऊ में एक नये चैपल को समर्पित कर रहे थे, एक बुढ़ा भाई अपनी आंखों में आंसू लेकर आगे आया और अध्यक्ष एज्रा टफ्ट बेनसन को याद दिलाने के लिए कहा । उसने कहा कि ''उनसे कहना कि उन्होंने मेरा जीवन और मेरी जन्म भूमि में रह रहे अनेक भाइयों बहनों को उन भोजन और कपड़ों के कारण बचाया था जो वह हमारे लिए अमेरिका में गिरजाघर के सदस्यों से लाये थे ।'' [13]

डच सन्तों को जर्मनी में भूख से पीड़ित सन्तों की सच्ची ईसाई सेवा करने का अवसर मिला था । डच सदस्यों ने युद्ध के दौरान बहुत पीड़ा उठाई थी और फिर संयुक्त राज्य में गिरजाघर के सदस्यों से कल्याण सहायता प्राप्त की थी । 1947 की बसन्त ऋतु में, उनसे अपने स्वयं की कल्याण परियोजनाओं को आरम्भ करने के लिए कहा गया था जिसे उन्होंने पूरे उत्साह के साथ किया था । प्राथमिकता में उन्होंने आलू उगाये थे और एक बड़ी उपज की आशा कर रहे थे ।

इस समय के दौरान, पूर्वी जर्मनी मिशन के अध्यक्ष वॉल्टर स्टोवर हॉलैंड आये और, अपनी आंखों में आंसुओं के साथ, जर्मनी में भूखे और दुःखी गिरजाघर सदस्यों से बोला । अध्यक्ष कोरनेलियस जैपी, नेदरलैंड मिशन के अध्यक्ष, ने अपने सदस्यों से पूछा कि वे अपने बढ़ते हुए आलुओं को जर्मनी के लोगों को देना चाहेंगे, जो उनके युद्ध के दौरान शत्रु रह चुके थे । सदस्य स्वैच्छा से सहमत हो गए और अधिक रूचि के साथ अपने आलूओं की फसल का ध्यान रखने लगे । फसल उनकी आशा से कहीं अधिक हुई थी, और डच सन्त जर्मनी में अपने भाई और बहनों को 75 टन आलू भेजने में समर्थ हुए थे । एक वर्ष पश्चात, डच सन्तों ने जर्मनी में सन्तों को 90 टन आलू और 9टन हिलसा भेजी थी ।[14]

अत्याधिक मसीह के समान प्रेम बरसाना जो इन सन्तों द्वारा दिखाया गया था, अध्यक्ष जोर्ज अलबर्ट स्मिथ का लाक्षणिक था, जिन्होंने मसीह के प्रेम को विशेष विस्तार के लिए प्रकाशित किया था । उन्होंने कहा था, ''मैं आपसे कह सकता हूँ, भाइयों और बहनों, इस दुनिया में सुखी लोग वही हैं जो अपने समान अपने पड़ोसियों को प्रेम करते हैं और जीवन में अपने चलन द्वारा परमेश्वर की आशीषों के लिए अपना आभार व्यक्त करते हैं ।'' [15]

अध्यक्ष डेविड ओ. मैके

डेविड ओ. मैके प्रथम अध्यक्षता में अध्यक्ष जोर्ज अलबर्ट स्मिथ के एक सलाहकार थे । 1951 की बसन्त ऋतु में, जब यह पता लगा कि अध्यक्ष स्मिथ की सेहत कुछ अच्छी हो गई है, अध्यक्ष मैके और उनकी पत्नी, इमा रे, ने अपनी स्थगित की गई कैलिफोर्निया की छुट्टी के लिए सॉल्ट लेक से जाने का निर्णय लिया । वे यूटाह, सन्त जोर्ज, में रात गुजारने के लिए रूके । जब अध्यक्ष मैके अगली तड़के सुबह उठे, उन्हें निश्चित प्रभाव हुआ कि उन्हें गिरजाघर मुख्यालय वापस जाना चाहिए । उनके सॉल्ट लेक शहर पहुंचने के बाद कुछ दिनों में, अध्यक्ष स्मिथ को दौरा पड़ा जो 4 अप्रैल 1951 को उनकी मृत्यु का कारण बना । तब डेविड ओ. मैके गिरजाघर के 9वें अध्यक्ष बने ।

अध्यक्ष मैके गिरजाघर का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह से तैयार थे । आठ वर्ष के एक बच्चे के रूप में, उन्होंने घर के पुरूष की जिम्मेदारियों को अपने ऊपर ले लिया था जब उनके पिता को ब्रिटिश टापू के मिशन के लिए बुलाया गया था । उनकी दो बड़ी बहनों की हाल में मृत्यु हो गई थी, उनकी माँ को दूसरा बच्चा हो रहा था, और उनके पिता को लगा कि खेतो की जिम्मेदारी डेविड की माँ के ऊपर छोड़ना बड़ा भार होगा । इन परिस्थितियों में भाई मैके ने अपनी पत्नी से कहा, ''स्वाभाविक तौर पर मेरा जाना असम्भव होगा ।'' बहन मैके ने उनकी तरफ देखा और कहा, ''अवश्य ही तुम्हें स्वीकार करना चाहिए; तुम्हें मेरी चिन्ता करने की ज़रूरत नहीं । डेविड ओ. और मैं सब चीज़ें अच्छी तरह से संभाल लेंगे![16] माता-पिता के विश्वास और समर्पण ने युवा डेविड में अपने पूरे जीवन भर प्रभु की सेवा करने की इच्छा को जगाया था । उन्हें 1906 में 32 वर्ष की आयु में बारह की परिषद् के लिए बुलाया गया था, और गिरजाघर के अध्यक्ष बनने से पहले उन्होंने उस परिषद् में और प्रथम अध्यक्षता में (अध्यक्ष हीबर जे. ग्रान्ट और अध्यक्ष जोर्ज अलबर्ट स्मिथ के सलाहकार के रूप में) 45 वर्षों तक सेवा की थी ।

अध्यक्ष मैके ने अत्याधिक यात्रा की समय सारणी आरम्भ की जो उन्हें गिरजाघर के सदस्यों के दौरे के लिए गया जो पूरी दुनिया में फैल गए थे । उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन और यूरोप, दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिणी प्रशांत, और दूसरे स्थानों में सन्तों से मुलाकात की । जिस समय वह यूरोप में थे, उन्होंने लंदन और स्विटजरलैंड में मन्दिर निमार्ण के लिए प्रारम्भिक प्रबंध किये थे । उनकी अध्यक्षता समाप्त होने से पहले, उन्होंने गिरजाघर के सदस्यों को आशीष देते हुए और प्रेरित करते हुए, लगभग पूरी दुनिया का दौरा कर लिया था ।

अध्यक्ष मैके ने प्रत्येक सदस्य से गिरजाघर में हर वर्ष कम से कम एक नया सदस्य लाने के प्रति वचनबद्ध होने के लिए उत्तेजित करने के द्वारा प्रचारक कार्य के लिए नया जोर डाला था । वह अपनी दोहराई चेतावनी के लिए प्रसिद्ध हो गए थेः ''प्रत्येक सदस्य एक प्रचारक है ।''

1952 में, पूरे-समय के प्रचारकों के प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रयास में, प्रथम अधिकारी प्रचार करने की योजना को पूरी दुनिया में प्रचारकों को भेजी गई थी । इसको सुसमाचार की शिक्षा देने के लिए एक व्यवस्थित कार्यक्रम का शीर्षक दिया गया था । इसमें सात प्रचारक चर्चाएं थीं जो आत्मा द्वारा शिक्षा देने और परमेश्वरत्व के स्वभाव, उद्धार की योजना, धर्मत्याग और पुनःस्थापना, और मॉरमन की पुस्तक के महत्व की स्पष्ट शिक्षा देने पर जोर दिया था । समस्त दुनिया में गिरजाघर में धर्मपरिवर्तित लोगों की संख्या नाटकीय रूप से बड़ी थी । 1961 में गिरजाघर के मार्गदर्शकों ने सारे मिशन अध्यक्षों के लिए प्रथम सेमिनार बुलाया था, जिन्हें परिवारों को अपने दोस्तों और पड़ोसियों के साथ दोस्ती करने की शिक्षा दी गई थी और फिर इन लोगों को प्रचारकों द्वारा उनके घरों में शिक्षा दी गई थी । 1961 में नये नियुक्त प्रचारकों के लिए एक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थापित किया गया था, और बाद में एक प्रचारक प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया ।

अध्यक्ष डेविड ओ. मैके अपने परिवार के साथ एक युवा लड़के के रूप में। डेविड अपने पिता की गोद में।

अध्यक्ष मैके के प्रबन्ध के दौरान, शस्त्र सेना में गिरजाघर सदस्यों की सेवा के द्वारा गिरजाघर के बढ़ते बीज को एशिया में उगाया गया था। अमेरिकन फोर्क, यूटाह से एक युवा सामान्य नागरिक ने जो दक्षिण कोरिया में था, ध्यान दिया कि संयुक्त राज्य के सैनिक जो कोरिया के रहने वालों से मिले थे, कोरियनों को सड़क से परे हट पर मज़बूर कर देते थे जिस समय सैनिक वहां से गुजरते थे। युवा गिरजाघर के सदस्य ने, उसके विपरीत, रास्ते से अलग हट कर कोरियन लोगों को सड़क का उपयोग करने देता था। उसने उनके नामों को याद करने का प्रयास किया था और जब रास्ते से गुजरता था तो उनका रमणीयता से अभिनदन करता था। एक दिन वह अपने पांच दोस्तों के साथ मेस में गया। खाना लेने के लिये पंक्ति बहुत ही लम्बी थी तो उसने एक मेज पर कुछ समय के लिए इन्तजार किया। जल्दी ही एक कोरियन कर्मचारी खाने की थाली के साथ आया। अपनी बाजु पर एक पट्टी की तरफ इशारा किया, सैनिक ने कहा, ''तुम मुझे नहीं दे सकते। मैं सिर्फ एक सामान्य नागरिक हूँ।'' कोरियन ने जवाब दिया, ''मैं तुम्हारी सेवा करता हूँ। तुम अवल नम्बर के ईसाई हो।''[17]

1967 तक प्रचारक और सैनिक कोरिया में सुसमाचार की शिक्षा देने में इतने प्रभावी थे कि मॉरमन की पुस्तक का कोरियन भाषा में अनुवाद किया गया था और स्टेक और वार्ड जल्द ही उस देश में थे।

प्रचारकों को जपान में भी बहुत सफलता मिली थी। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात, जापान में गिरजाघर के सदस्यों का गिरजाघर प्रतिनिधियों के साथ कई वर्षों तक अनियमित सम्पर्क था। लेकिन अन्तिम-दिनों के सन्त सेवक युद्ध के बाद जापान में रखे गये जिन्होंने गिरजाघर को मज़बूती से बढ़ने में सहायता की थी। 1945 में, तातसूई सातू अन्तिम दिनों के सन्त सेवकों से प्रभावित हुआ था जिन्होंने चाय पीने से मना कर दिया था, और उसने उनसे प्रश्न पूछे जो उसे उसके बपतिस्मे और अगले वर्ष ही उसके परिवार के अनेक लोगों के बपतिस्मे तक ले गये थे। एलियट रिचर्डस ने तातसूई को बपतिस्मा दिया, और बोएड के. पैकर, एक सैनिक जो बाद में बारह की परिषद् का एक सदस्य बना था, ने बहन सातू को बपतिस्मा दिया था। सातू घर का एक ऐसे स्थान के रूप में उपयोग किया

गया जहां बहुत से जापानी लोगों ने पहली बार पुनःस्थापित सुसमाचार के सन्देश को सुना था । जल्दी ही अन्तिम-दिनों के प्रचारक जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानियों के विरूद्ध लड़ाई की थी प्रचारक कार्य के लिए जापानी शहरों को खोल रहे थे ।

जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध के बाद फिलिपिन्स में गिरजाघर की उपस्थिति अमेरिकी सैनिकों और अन्यों के प्रयासों को जा सकता है, गिरजाघर की मज़बूत बढ़ोत्तरी 1961 में आरंभ हुई थी । एक युवा फिलिपिनो स्त्री जो गिरजाघर की सदस्या नहीं थी, ने मॉरमन की पुस्तक के बारे में सुना था और कई अन्तिम-दिनों के सन्तों से मिली थी । परिणामस्वरूप, वह प्रभावित हुई और सरकारी अधिकारियों के पास पहुँची जिनसे उसकी जान पहचान थी और अन्तिम-दिनों के सन्त प्रचारकों का फिलिपिन में आने के लिए अनुमति को पूछा । अनुमति दे दी गई थी और कुछ महीनों पश्चात, बारह की परिषद् के एल्डर गोर्डन बी. हिंकली ने देश को प्रचारक कार्य के लिए फिर से समर्पित किया था ।

1950 के दौरान गिरजाघर के नाटकीय ढंग से बढ़ने के परिणामस्वरूप, अध्यक्ष मैके ने पौरोहित्य सहसंबधी कार्यक्रम की घोषणा की थी । एक संस्था, जो बारह की परिषद् के एल्डर हेरोल्ड बी. ली द्वारा अध्यक्षिक की गई थी, को गिरजाघर के सारे गिरजाघर कार्यक्रमों को यह देखने के लिए कि कैसे ये गिरजाघर के अत्यन्त महत्वपूर्ण उद्देश्यों को पूरा करता है, संपूर्ण, प्रार्थनापूर्वक अध्ययन का संचालन करने के लिए नियुक्त किया गया था । 1961 में, प्रथम अध्यक्षता की अनुमति के साथ, एल्डर ली ने घोषणा की थी कि नीतियां गिरजाघर के सारी पाठ्यक्रम सामग्रियों की योजना, लेखन, और परिपालन के प्रभुत्व के लिए विकसित की जाएंगी । इनमें से बहुत सी सामग्रियों में पहले से ही गिरजाघर के सहकारी संस्थाओं द्वारा विकसित किया गया भी था । यह नया निर्देशन कार्यक्रम और पाठ्य सामग्रियों की बेकार की नकल को दूर करेगा ताकि सुसमाचार की शिक्षा पूरी दुनिया में सारी उम्र के सदस्यों और भाषाओं को प्रभावपूर्ण ढंग से दी जा सके ।

गिरजाघर ने गिरजाघर के उद्देश्य को अच्छी तरह से पूरा करने के लिए—कल्याण, प्रचारक, और पारिवारिक इतिहास कार्य सहित—सारे कार्यक्रमों और गतिविधियों के साथ अत्याधिक प्रभावशाली ढंग से परस्पर संबध बनाने के उद्देश्य से अन्य बदलाव किये थे । घर की शिक्षा, जो जोसफ स्मिथ के समय से गिरजाघर का एक हिस्सा रही थी, गिरजाघर के सारे सदस्यों की आत्मिक और लौकिक ज़रूरतों की देख-भाल करने में एक सहायता के रूप में 1960 में इस पर दुबारा से जोर दिया गया था । शिक्षा को बढ़ाने के लिए सभाघर पुस्तकालय स्थापित किये गये, और शिक्षक विकसित कार्यक्रम में लाया गया । 1971 में गिरजाघर ने जनरल अधिकारियों के पर्यवेक्षण में तीन अंग्रेजी-भाषा में पत्रिकाओं को प्रकाशित करना आरम्भ कर दिया थाः बच्चों के लिए *फ्रैन्ड,* युवा लोगों के लिए *न्यु इरा,* और वयस्कों के लिए *इन्जाइन* / इसी समय के दौरान, गिरजाघर ने अपनी विदेशी भाषाओं की पत्रिकाओं को एकरूप किया था जो अनेकों मिशन द्वारा स्वतन्त्र रूप से पहले ही प्रकाशित हो गई थीं । एक पत्रिका अब बहुत सी भाषाओं में अनुवादित की गई थी और दुनियाभर में गिरजाघर के सदस्यों को भेजी गई थी ।

अध्यक्ष डेविड ओ. मैके ने आधुनिक जीवन की पक्षिाओँ और लालच से सुनिश्चित बचाव और खुशी के स्रोत के रूप में घर और पारिवरिक जीवन के महत्व पर काफी जोर दिया था । वह अपने परिवार के लिए अपने प्रेम और अपनी पत्नी, इमा रे, से निरन्तर प्राप्त सहयोग के बारे में अक्सर बताया करते थे । अध्यक्ष मैके के प्रबंध के दौरान, अभिवावकों द्वारा अपने बच्चों को अपने निकट लाने और उन्हें सुसमाचार के सिद्धान्त सीखाने के लिए सप्ताह में एक बार पारिवरिक घरेलू सन्ध्या को करने पुनः प्रयास पर दबाव डाला गया था ।

सहायता संस्था ने घरों और परिवारों को मज़बूत बनाने के महत्व पर जोर डालते हुए भविष्यवक्ता की सहायता की थी । आरंभ से नावू में, सहायता संस्था समस्त दुनिया में हजारों और लाखों स्त्रियों को सम्मिलित करने के लिए बढ़ गई थी, जो शिक्षा और संबंधों द्वारा जो उन्होंने सहायता संस्था से प्राप्त किया था व्यक्तिगत रूप से और उनके परिवार में आशिषित हुए थे । 1945 से 1974 तक, सहायता संस्था की जनरल अध्यक्षा थी अध्यक्षा बिली एस. स्वाफोर्ड, एक प्रतिभाशाली मार्गदर्शिका जिन्होंने राष्ट्रीय मान्यता को भी प्राप्त किया था जब उन्होंने 1968 से 1970 तक स्त्रियों की संयुक्त राज्य राष्ट्रीय परिषद् की अध्यक्षा के रूप में सेवा की थी ।

अध्यक्ष मैके की मृत्यु जनवरी 1970 में 96 वर्ष की उम्र में हुई थी । उन्होंने गिरजाघर के ऊपर लगभग 20 वर्षों तक अध्यक्षता की थी, जिसके दौरान गिरजाघर की सदस्यता तीन गुना बढ़ गई थी और सुसमाचार के संदेश को पूरी दुनिया तक ले जाने में महान प्रगति की थी ।



समस्त दुनिया से अन्तिम-दिनों के सन्तों ने सुसमाचार की आशीषों का आनन्द उठाया था ।

संसार में व्याप्त गिरजाघर

अध्यक्ष जोसफ फिल्डिंग स्मिथ

जब डेविड ओ. मैके की मृत्यु हो गई थी, अध्यक्ष जोसफ फिल्डिंग स्मिथ, लगभग 93 वर्ष की उम्र के गिरजाघर के अध्यक्ष बने थे । वह गिरजाघर पूर्व अध्यक्ष जोसफ एफ. स्मिथ के बेटे थे ।

एक लड़के रूप में, जोसफ फिल्डिंग स्मिथ ने प्रभु की इच्छा को जानने की अभिलाषा रखी थी, जिसने उन्हें उनके दस वर्ष का होने से पहले मॉरमन की पुस्तक को दो बार पढ़ने और जब कभी भी जाते तो धर्मशास्त्रों को लेकर जाने के लिए प्रेरित किया था । जब गेंद खेलने वाले दल को उनकी कमी महसूस होती थी, तो वे उन्हें सामान्य रूप से सूखी घास रखने के स्थान पर धर्मशास्त्रों को पढ़ते हुए पाते थे । बाद में उन्होंने कहा था, ''मेरी पहली यादों से, उस समय से जब मैं पहली बार पढ़ सका था, मुझे पूरी दुनिया में धर्मशास्त्रों का अध्ययन करने और प्रभु यीशु मसीह, और भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ, और कार्य जो मनुष्यों के उद्धार के लिए पूरा हुआ है, के पढ़ने के अलावा और किसी चीज़ से अत्याधिक आनन्द और महान संतुष्टि प्राप्त नहीं हुई है ।''[1]

इस पहले के अध्ययन ने धर्मशास्त्रों और गिरजाघर इतिहास के एक विस्तृत ज्ञान के लिए नींव रखी थी, जो वह संदेशों में और लगभग दो दर्जन पुस्तकों को लिखने और सिद्धान्तिक विषयों पर हजारों विशेष लेखों में लाये थे ।

उनके प्रबन्ध के दौरान, एशिया (टोकियो, जापान) में और अफ्रीका (जोहानेसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका) में प्रथम स्टेक संगठित की गई थीं । गिरजाघर की सदस्यता में बढ़त के साथ, अध्यक्ष स्मिथ और उनके सलाहकारों ने दुनिया भर में स्थानीय मार्गदर्शकों को प्रशिक्षित करने और सदस्यों को जनरल अधिकारियों से मिलने के लिए क्षेत्रीय सम्मेलन रखने का अभ्यास आरंभ किया था । इस प्रकार का पहला सम्मेलन मैनचेस्टर, इग्लैंड में रखा गया था । दुनिया भर में लोगों की उत्तम ढंग से सेवा करने के उद्देश्य से, स्वास्थ्य देखरेख प्रचारकों को मूल स्वास्थ्य नियम और स्वच्छता की शिक्षा देने के लिए बुलाया गया था । जल्दी ही 200 से ज्यादा स्वास्थ्य प्रचारक बहुत से देशों में सेवा करने लगे थे ।

1912 से, गिरजाघर ने पश्चिमी संयुक्त राज्य में उच्च विद्यालय में संलग्न बनाने में धर्म प्रशिक्षालय कक्षाओं का समर्थन किया था । 1920 में, धर्म के संस्थान कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अन्तिम-दिनों के सन्तों की अधिक संख्या में उपस्थिति आरंभ हुई थी । 1950 के आरंभ में, तड़के सुबह की धर्म प्रशिक्षालय कक्षाएं लोस एंजेल्स, कैलिफ्रोनिया, क्षेत्र में शुरू हुई, और जल्द ही 1,800 से भी अधिक विद्यार्थी उपस्थित होने लगे । असदस्य निरीक्षक आश्चर्यचकित थे कि 15 से 18 वर्ष तक के अन्तिम-दिनों के सन्त युवा धार्मिक अध्ययन कक्षाओं में जाने के लिए सप्ताह में पांच दिन सुबह 5:30 बजे उठते थे । 1970 के आरंभ में, घर अध्ययन धर्म प्रशिक्षालय कार्यक्रम परिचित कराया गया ताकि दुनिया भर में अन्तिम-दिनों के सन्त विद्यार्थी धार्मिक निर्देश प्राप्त कर सकें । अध्यक्ष स्मिथ के प्रबन्ध के दौरान, धर्म प्रशिक्षालय और संस्थान की उपस्थिति नाटकीयरूप से बढ़ी थी ।

अध्यक्ष जोसफ फिल्डिंग स्मिथ के निर्देशन में गिरजाघर का पहला क्षेत्रीय सम्मेलन अगस्त 1971 में इग्लैंड में रखा गया था । एल्डर हावर्ड डब्ल्यु. हन्टर पोडियम पर हैं ।

अध्यक्ष स्मिथ के आखिरी जन-सम्बोधन में, जो अप्रैल 1972 के जनरल सम्मेलन में दिया गया था, उन्होंने कहा थाः ''दुनिया की बीमारियों का कोई उपचार नहीं है सिवाय प्रभु यीशु मसीह के सुसमाचार के । शान्ति के लिए, लौकिक और आत्मिक समृद्धता के लिए, और परमेश्वर के राज्य में अन्तिम वास के लिए हमारी आशा सिर्फ पुनःस्थापित सुसमाचार में और द्वारा पाई जाती है । ऐसा कोई इतना महत्वपूर्ण कार्य नहीं जिससे हम जुड़ें जितना की सुसमाचार का प्रचार करना और पृथ्वी पर गिरजाघर और परमेश्वर का राज्य बनाना है ।''[2]

ढाई वर्षों तक गिरजाघर के अध्यक्ष के रूप में सेवा करने के पश्चात, जोसफ फिल्डिंग स्मिथ की मृत्यु उनकी बेटी के घर में शान्तिपूर्वक हुई थी । उनकी उम्र 95 वर्ष की हो गई थी और अपने पूरे जीवन भर साहस के साथ प्रभु की सेवा की थी ।

हेरोल्ड बी. ली

अध्यक्ष जोसफ फिल्डींग स्मिथ की मृत्यु के बाद के दिन पर, अध्यक्ष हेरोल्ड बी. ली का परिवार, बारह की परिषद् के वरिष्ठ सदस्य, घरेलू संध्या के लिए जमा हुए थे । परिवार के एक सदस्य ने पूछा कि वे ऐसा क्या कर सकते हैं जो अध्यक्ष ली की अधिक सहायता करेगा । ''विश्वास के प्रति सच्चे बने रहो; सुसमाचार को वैसे ही जीयो जैसा मैंने तुम्हें सीखाया है,'' उन्होंने उत्तर दिया । वह सन्देश सारे गिरजाघर के सदस्यों पर लागू होता है । गिरजाघर

के अध्यक्ष के रूप में अपन प्रथम प्रेस सम्मेलन में, हेरोल्ड बी. ली ने घोषणा की थीः ''परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करो । इन विपत्तियों के दौरान उसमें ही व्यक्तियों और राष्ट्रों का उद्धार होगा ।''[3]

जब हेरोल्ड बी. ली 7 जुलाई 1972 को गिरजाघर के अध्यक्ष बने थे, उनकी उम्र 73 वर्ष की थी, हीबर जे. ग्रान्ट के बाद युवा प्रेरित जो अध्यक्ष बना था । उन्होंने 1935 से गिरजाघर प्रबन्ध में एक बड़ी भूमिका निभाई थी, जब उन्हें गिरजाघर कल्याण कार्यक्रम का निर्देशन करने के लिए बुलाया गया था (देखें पृष्ठ 109) । उन्होंने गिरजाघर के कार्यक्रमों और पाठ्यक्रम सामग्रियों की समीक्षा में भी बड़ी भूमिका निभाई थी जो गिरजाघर के कार्यक्रमों की सरलता और परस्पर संबंध की ओर ले गई थी । वह एक गहरी आत्मिकता के पुरूष थे जो प्रभावों का शीघ्र जवाब देते थे जो वह स्वर्ग से पाते थे ।

अध्यक्ष ली और उनके सलाहकार ने मैक्सिको शहर में रखी गई, दूसरे क्षेत्रीय सम्मेलन के ऊपर अध्यक्षता की थी । इस सम्मेलन में जमा हुए गिरजाघर के सदस्य प्रथम अन्तिम-दिनों के सन्त थे जिन्होने नयी प्रथम अध्यक्षता को समर्थन दिया था । अध्यक्ष ली ने बताया था कि मैक्सिको शहर में रही गई सभाएं ''उन बहुतों के शानदार कार्य को मान्यता देने और प्रशंसा करने के लिए थीं जो ... गिरजाघर की विशाल बढ़त को लाने में साधन बने थे ।''

जब मैक्सिको और केन्द्रीय अमेरिका में सन्तों ने जाना कि क्षेत्रीय सम्मेलन मैक्सिको शहर में रखा जाएगा, बहुतों ने जाने के लिए योजनाएं बनाई । एक बहन घर-घर जाकर कपड़े धोने के लिए पूछ रही थी । पांच महीनों तक उसने अपने पड़ोसियों के कपड़े धोकर कमाये पैसों को बचा कर रखा और सम्मेलन में गई और सारी सभाओं में उपस्थित रही । बहुत से सन्तों ने सम्मेलन के दौरान इच्छा से उपवास रखे थे क्योंकि सभाओं में जाने के लिए कार्य करने और बचाने के बाद भोजन खरीदने के लिए पैसे नहीं होते थे । उनको जिन्होंने बलिदान किये थे महान आत्मिक बल के साथ पुरस्कार मिला था । एक सदस्य ने घोषणा की कि सम्मेलन ''मेरे जीवन का एक खुबसूरत अनुभव था! एक अन्य ने पत्रकार को बताया, ''इन दिनों में जो प्रेम हमने महसूस किया था उसे भूलना हमारे लिए आसान नहीं होगा ।''[4]

उनके प्रबन्ध के दौरान, अध्यक्ष ली ने पवित्र भूमि का दौरा किया था, इस प्रबंध में ऐसा करने वाले पहले गिरजाघर अध्यक्ष । उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि छोटे मन्दिर भी बनाये जायेंगे और अंततः दुनिया भर में पाये जायेंगे ।

1973 में बड़े दिन के बाद अगले दिन, गिरजाघर अध्यक्ष के रूप में सिर्फ 18 महीनों तक सेवा करने के पश्चात, अध्यक्ष ली की मृत्यु हो गई । एक महान आत्मिक व्यक्तित्व वापस अपने अनन्त घर को चला गया था ।

अध्यक्ष स्पेन्सर डबल्यु. किम्बल

एक व्यक्ति जो दर्द और पीड़ा के बारे में अधिक जानता था, स्पेन्सर डबल्यु. किम्बल, बारह के वरिष्ठ सदस्य, अध्यक्ष ली की मृत्यु के बाद गिरजाघर के अध्यक्ष के रूप में समर्थित किये गये थे । कैंसर के कारण उनकी बहुत सी वाचिक डोरियां निकाल दी गई थीं, और वह शान्त, कर्कश आवाज में बोलते थे जो अन्तिम-दिनों के सन्तों को बहुत भाती थी । अपनी विनम्रता, अपनी वचनबद्धता, कार्य करने की अपनी योग्यता, और अपने व्यक्तिगत नारे, इसे करो, के लिए प्रसिद्ध, अध्यक्ष ने किम्बल अपने सारे बल के साथ अपनी हँसिया में जोर डाला था ।

स्पेन्सर डबल्यु. किम्बल का अध्यक्ष के रूप में पहला सम्बोधन गिरजाघर के धार्मिक प्रतिनिधियों को था, और जो वहां उपस्थित थे उनके लिए एक यादगार लम्हा था । सभा में एक भागीदार ने याद किया कि वार्ता आरंभ होने के बाद एकमात्र पल, ''हम एक आश्चर्य आत्मिक उपस्थिति के लिए सावधान हो गये, और हमें अहसास हुआ कि

हाल ही के वर्षों में, दुनियाभर में मन्दिर बड़ी ही संख्या में बनाये गये हैं । फ्रेन्कफर्ट जर्मनी मन्दिर उन अनेक मन्दिरों में से एक है जो अब गिरजाघर के सदस्यों को आशिषित करता है ।

हम कुछ असाधारण, शक्तिशाली, भिन्न बात को सुन रहे थे .... यह ऐसा था कि वह पर्दो को वापस हटा रहे थे जो परमप्रधान के उद्देश्य को ढकते थे और हमें अपने साथ सुसमाचार के भाग्य और इसके प्रचार के लक्ष्य को देखने के लिए आमन्त्रित कर रहे थे ।''

अध्यक्ष किम्बल ने मार्गदर्शकों को दिखाया कि ''कैसे गिरजाघर विश्वास में पूरी तरह नहीं जी रहा था जो प्रभु अपने लोगों से आशा करता है, और, एक निश्चित अवस्था तक, हम उन चीज़ों के साथ जैसे वे थीं आत्म-सन्तुष्ट और सन्तुष्टि की आत्मा में बैठ गए हैं । यही समय था जब उन्होंने आज के प्रसिद्ध नारे को बोला था, 'हमें अपने कदम को बढ़ाना चाहिए ।' उन्होंने अपने श्रोताओं को पृथ्वी के राष्ट्रों को सुसमाचार की घोषणा करने के लिए अपनी वचनबद्धता को बढ़ाने के लिए संकेत दिया था । उन्होंने प्रचारकों की संख्या में बड़ी मात्रा में बढ़ोत्तरी के लिए भी बोला था जो अपने स्वयं के देशों में सेवा कर सकें । सन्देश के समापन पर, अध्यक्ष एज्रा टफ्ट बेनसन ने घोषणा की थी, ''सच, इस्राएल में एक भविष्यवक्ता है ।''[5]

अध्यक्ष किम्बल के प्रगतिशील नेतृत्व में, बहुत से सदस्यों ने पूरे-समय का मिशन किया, और गिरजाघर दुनिया भर में आगे बढ़ा । अगस्त 1977 में, अध्यक्ष किम्बल ने वारसा की यात्रा की थी, जहां पोलैंड की भूमि को समर्पित किया था और इसके लोगों को आशिषित किया था ताकि प्रभु का कार्य आगे बढ़ सके । ब्राजील, चिली, मैक्सिको, न्युजीलैंड, और जपान में प्रचारक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किये गये थे । जून 1978 में उन्होंने परमेश्वर की ओर से

एक प्रकटीकरण की घोषणा की थी जिसे दुनिया भर में प्रचारक कार्य पर विशाल प्रभाव होना था । कई वर्षो तक पौरोहित्य अफ्रीकी वंशज के व्यक्तियों को मना थी, लेकिन अब पौरोहित्य और मन्दिर आशीषें सारे योग्य पुरूष सदस्यों को दी जाएंगी ।

इस प्रकटीकरण की दुनियाभर में विश्वासी लोगों द्वारा बहुत लम्बे समय तक आशा थी । काले व्यक्तियों में अफ्रीका में सुसमाचार स्वीकार करने वाला पहला व्यक्ति विलियम पॉल डेनियलस था, जिसने गिरजाघर के बारे में बहुत पहले 1913 में जाना था । वह यूटाह गया, जहां उसने अध्यक्ष जोसफ एफ. स्मिथ से एक विशेष आशीष प्राप्त की थी । अध्यक्ष स्मिथ ने उससे वादा किया था कि अगर वह विश्वासी रहता है, उसके पास इस या अगले जीवन में पौरोहित्य होगी । भाई डेनियल्स की 1936 में मृत्यु हो गई थी, अब भी गिरजाघर के एक विश्वासी सदस्य, और उसकी लड़की ने पौरोहित्य पर 1978 के प्रकटीकरण के तुरन्त बाद अपने पिता के लिए मन्दिर धर्मविधियों को संपन्न कराया था ।[6]

अफ्रीका में बहुत से लोगों ने गिरजाघर के साहित्य द्वारा या चमत्कारी व्यक्तिगत अनुभवों द्वारा सुसमाचार की सच्चाई की गवाहियों को विकसित किया था, लेकिन वे सुसमाचार की सारी आशीषों का आनन्द उठाने में असमर्थ थे ।

जून 1978 के प्रकटीकरण के कई महीने पहले, अध्यक्ष किम्बल ने अपने सलाहकारों और बारह प्रेरितों के साथ अफ्रीकी वंशज के व्यक्तियों को पौरोहित्य अधिकार की मनाही पर चर्चा की थी । गिरजाघर के मार्गदर्शक दुनिया के उन क्षेत्रों में मिशन खोलने के अनिच्छुक थे जहां सुसमाचार की पूरी आशीषें योग्य गिरजाघर के सदस्यों को प्रदान नहीं की जा सकती है । दक्षिण अफ्रीका में एक क्षेत्रीय सम्मेलन में, अध्यक्ष किम्बल ने घोषणा की थीः ''मैंने अधिक उत्सुकता के साथ प्रार्थना की थी । मैं जानता था कि हम प्रभु के प्रकटीकरणों को सिर्फ उनके लिए योग्य और तैयार होने और उन्हें स्वीकार करने और उन्हें सही स्थान में रखने के लिए तैयार होने के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं । प्रत्येक दिन मैं अकेले बड़ी सत्यनिष्ठा और गंभीरता के साथ मन्दिर के ऊपर के कमरे में गया था, और वहां मैंने कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए अपनी आत्मा को दिया और अपने प्रयासों को दिया । मैं वही करना चाहता था जिसे वह चाहता था । मैंने उससे इसके बारे में बात की और कहा, प्रभु, मैं सिर्फ वही चाहता हूँ जो सही है ।''[7]

मन्दिर में अपने सलाहकारों और बारह प्रेरितों की परिषद् के साथ एक विशेष सभा में, अध्यक्ष किम्बल ने पूछा कि वे सारे काले पुरूषों को पौरोहित्य देने के बारे में अपने विचार स्वतन्त्रापूर्वक व्यक्त करें । फिर उन्होंने एक आवाज में अध्यक्ष किम्बल के साथ वेदी के चारों ओर बैठ कर प्रार्थना की । एल्डर ब्रूस आर. मैकॉन्की, जो वहां थे, ने बाद में कहा, ''इस अवसर पर, आग्रह और विश्वास के कारण, और क्योंकि वह क्षण आ गया था, प्रभु ने अपनी दूरदृष्टि में प्रथम अध्यक्षता और बारह के ऊपर चमत्कारी और अद्‌भुत ढंग में पवित्र आत्मा को डाला है, किसी भी चीज़ से आगे किसी ने वर्तमान में कभी अनुभव की हो ।''[8] गिरजाघर के मार्गदर्शकों को स्पष्ट कर दिया था कि वक्त आ गया है कि सारे योग्य पुरूष पौरोहित्य की पूरी आशीषों को प्राप्त करेंगे ।

प्रथम अध्यक्षता ने तिथि 8 जून 1978 पौरोहित्य मार्गदर्शकों को एक पत्र भेजा, यह बताते हुए कि प्रभु ने प्रकट किया था कि ''गिरजाघर के सारे योग्य पुरूष सदस्य जाति या रंग का फर्क किये बिना पौरोहित्य के लिए नियुक्त किये जा सकते हैं ।'' 30 सितम्बर 1978 को, जनरल सम्मेलन में सन्तों ने सर्वसम्मति के साथ अपने मार्गदर्शकों के कार्य का समथर्न करने के लिए मत दिये थे । यह पत्र अब औपचारिक घोषणा—2 के रूप में सिद्धान्त और अनुबंध में पाया जाता है ।

इस घोषणा के समय से, अफ्रीकी वंश-क्रम के हजारों व्यक्ति गिरजाघर में आये । अफ्रीका में एक धर्मपरिवर्ती का अनुभव बताता है कि कैसे प्रभु के हाथ ने इन लोगों को आशिषित किया है । एक कालिज स्नातक और शिक्षक



दक्षिणी पश्चिमी संयुक्त राज्य में अमेरिकन आदिवासियों के साथ अध्यक्ष स्पेन्सर डबल्यु. किम्बल ।

